नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 16

सोमवार, 22 से 28 मई 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी... 03

मंडराने लगे हैं राजनैतिक उथल पुथल के बादल 08

# NCR समाचार

पुलिस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को हिरासत में लिया 10

दिल के वास्ते रहें चुस्त दुरुस्त 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in BY C.R.O. TEAM twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

फोन नंबर लीक करने की धमकी पर अदा शर्मा ने तोड़ी चुप्पी 12

## प्रधानमंत्री ने नए संसद भवन का किया उद्घाटन और नए संसद भवन में सेंगोल स्थापित किया

# नए रास्तों पर चलकर ही नए प्रतिमान स्थापित किए जाते हैं : मोदी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन अवसर पर कहा कि नए रास्तों पर चलकर ही नए प्रतिमान स्थापित किए जाते हैं। भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है। भारत आज वैश्विक लोकतंत्र का भी बड़ा आधार है। लोकतंत्र हमारे लिए सिर्फ व्यवस्था नहीं, एक संस्कार, एक विचार और एक परंपरा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज नव्य-भव्य संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। इससे पूर्व उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नए संसद भवन में सेंगोल को स्थापित किया। बाद में उन्होंने भवन निर्माण में योगदान देने वाले श्रमजीवियों का सम्मान किया। दोपहर को नए भवन के लोकसभा कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कोलकत्ता टकसाल में तैयार 75 रुपये का सिक्का और विशेष डाक टिकट जारी किया। उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अधयक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसदों, केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, कई देशों के राजदूत और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

लोकसभा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि नया संसद भवन नए विचारों का सृजन करेगा और नए संकल्प स्थापित करेगा। नए संसद भवन में सांसद नई गरिमा और नए मानदंड स्थापित करेंगे। साथ ही रचनात्मक तथा सकारात्मक चर्चा से भारत निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री को नए संसद भवन के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की जरूरत और भविष्य की जरूरतों पर आधारित है। इसमें प्राचीन विरासत और आधुनिक आवश्यकताओं को साथ लेकर चला गया है।

इस दौरान राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के शुभकामना संदेश पढ़े गए। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह देश के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। भारत में एक सहज लोकतंत्र है और नया भवन उसे सशक्त करेगा। यह राष्ट्र प्रगति की ऊर्जा का स्रोत बनेगा। साथ ही एकता और राष्ट्र गौरव की भावना बढ़ाएगा।

वहीं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि आज का दिन भारत की एक बड़ी शक्ति बनने की यात्रा को दशार्ता है। भारत की तेज प्रगति का साक्षी है। यह गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई संसद में नीतियों और विधानों के माध्यम से हाशिये में गए लोगों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही भविष्य की चुनौतियों के बीच हमारा पथ प्रदर्शक बनेगा।

स्वागत संदेश में उप सभापति हरिवंश ने कहा कि नया भवन नागरिकों की आशाओं, आक्षांओं और अपेक्षाओं की पूर्ती का माध्यम बनेगा। यह बेहद खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2.5 साल से भी कम समय में एक नई आधुनिक संसद का निर्माण किया गया। यह दिन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह अमृतकाल में प्रेरणा का स्रोत साबित होगा। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में देश की सांस्कृतिक विरासत और विविधता दिखाई देती है। इसमें अत्याधुनिक प्रणाली का उपयोग किया गया है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

कार्यक्रम के दौरान दो फिल्म भी प्रदर्शित की गईं। पहली में नए संसद भवन की जानकारी दी गई और दूसरी में लोकसभा में स्थापित सेंगोल की जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि नए संसद भवन में छह द्वार हैं। इसका लोकसभा कक्ष पिछले लोकसभा कक्ष के मुकाबले दोगुना क्षमता वाला है जो राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित है।





### नया संसद भवन जनता की आकांक्षाओं, सपनों का प्रतीक : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में नया संसद भवन राष्ट्र को समर्पित किया और इसे देश की 140 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक निरुपित किया।

नये भवन के लोकसभा कक्ष में आयोजित उद्घाटन समारोह में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौडा, लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवी कैलाश सत्यार्थी, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, दिल्ली के उप-राज्यपाल, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, विभिन्न देशों के आमंत्रित राजनयिक, सांसद और अन्य आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मंच पर प्रधानमंत्री के साथ लोकसभभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उप-सभापति डॉ हरिवंश विराजमान थे।

### संसद भवन के उद्घाटन को मोदी समझ रहे हैं राज्याभिषेक : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद भवन के उद्घाटन समारोह पर रविवार को तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि जनता की आवाज संसद भवन के उद्घाटन समारोह को प्रधानमंत्री राज्याभिषेक समझ रहे हैं। श्री गांधी ने ट्वीट किया "संसद लोगों की आवाज है। प्रधानमंत्री संसद भवन के उद्घाटन को राज्याभिषेक समझ रहे हैं।" कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने कहा, "नए संसद भवन के शिलान्यास समारोह में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को शिलान्यास समारोह से दूर रखा गया और अब इसके उद्घाटन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दरकिनार कर दिया गया है।" उन्होंने कहा " यह आरएसएस की पिछड़ी जाति विरोधी मानसिकता है। इसी मानसिकता का परिणाम है कि संवैधानिक पद पर बैठे इन वर्गों के लोगों को सम्मान पाने के उनके हक से भी वंचित रखा जाता है। इससे साफ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन वर्गों के लोगों का इस्तेमाल सिर्फ वोट की राजनीति के लिए करते हैं और ऐसे ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसरों का उन्हें हिस्सा नहीं बनने देंगे।"

# पूर्वोत्तर को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात



**गुवाहाटी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे जो असम की राजधानी गुवाहाटी से उत्तर बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ेगी।

श्री मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए दोपहर 12 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर यहां गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में असम के राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा और केन्द्र सरकार में रेल एवं संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद होंगे। रेल मंत्री के अनुसार अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस इस क्षेत्र के लोगों को तेज गति और सुविधा पूर्वक यात्रा करने का साधन प्रदान करेगी। इससे प्रदेश में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन करीब 407 किलोमीटर की दूरी 5 घंटे 30 मिनट में तय करेगी जबकि दो स्थानों को जोड़ने वाली वर्तमान में सबसे तेज ट्रेन राजधानी एक्सप्रेस 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। इस प्रकार से वंदे भारत एक्सप्रेस दोनों स्थानों के बीच की दूरी एक घंटे कम करेगी। यह गाड़ी मार्ग में कामाख्या, न्यू बोंगईगांव, कोकराझार, न्यू अलीपुर द्वार और न्यू कूचविहार स्टेशनों पर ठहरेगी।

वंदे भारत एक्सप्रेस में कुल आठ कोच हैं।

# केजरीवाल ने की केंद्र के अध्यादेश की कड़ी आलोचना

एनसीआर समाचार

**हैदराबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार की ओर से अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना के संबंध में लाये गये अध्यादेश की शनिवार को कड़ी आलोचना की और कहा कि इसका उद्देश्य दिल्ली के प्रशासन में बाधा डालना है।

श्री केजरीवाल इस समय अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश को पलटते हुए केंद्र द्वारा जारी अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे हैं। इसके तहत उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से प्रगति भवन में मुलाकात की और उनसे समर्थन मांगा।

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए श्री केजरीवाल ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री की सहायता के लिए दिल्ली के लोगों की ओर से धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का सेवा संबंधी मामलों पर पूरा नियंत्रण था।



दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने आठ साल तक लड़ाई लड़ी और 11 मई को दिल्ली के लोगों के पक्ष में फैसला आया, हालांकि आठ दिन के भीतर, मोदी सरकार ने इस विरोधी अध्यादेश को पेश कर दिल्ली प्रशासन को अपने कब्जे में ले लिया।

उन्होंने इस बात पर चिंता जतायी कि अगर उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों की अनदेखी की गई तो लोग न्याय की तलाश कहां करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे दिल्ली के लोगों का अपमान हुआ है। यह समस्या केवल दिल्ली के लोगों तक ही सीमित नहीं है बल्कि पूरे देश को प्रभावित करती है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का गैर-भाजपा सरकारों को धमकाने और गिराने के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए श्री केजरीवाल ने गैर-भाजपा सरकारों को अस्थिर करने की पार्टी की आदत पर प्रकाश डाला।

श्री केजरीवाल ने कहा कि यदि राज्यपाल शासन इच्छानुसार लागू किया जा सकता है तो मुख्यमंत्री चुनने की आवश्यकता ही क्या है। उन्होंने भाजपा को प्रभावी ढंग से चुनौती देने के लिए सभी गैर-भाजपा दलों को एकजुट करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मोदी सरकार को हराने का आग्रह किया।

पंजाब के मुख्यमंत्री ने श्री केजरीवाल का समर्थन करते हुए कहा कि वह देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने दिल्ली में शनिवार को हो रही नीति आयोग की बैठक की भी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह महज औपचारिकता है और इसमें कोई सार्थक उद्देश्य नहीं है।

श्री मान ने कहा कि बैठकें उनकी मरजी के अनुसार आयोजित की जाती हैं।

# खडगे-राहुल ने शांति वन जाकर नेहरू को दी श्रद्धांजलि



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर आज शांति वन जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री खडगे श्री गांधी ने झमाझम हो रही बारिश की बीच पंडित नेहरू की समाधि शांतिवन जाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पार्टी कोषाध्यक्ष पवन बंसल तथा महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के कई अन्य बड़े नेता और कार्यकताओं ने भी प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्री खडगे ने ट्वीट कर नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी, उनके प्रगतिशील विचारों ने चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। हिन्द के जवाहर को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा हम देश के पहले प्रधान मंत्री और आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहर लाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करते हैं। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे जिन्होंने आर्थिक नीतियों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के माध्यम से देश को नयी ऊंचाई प्रदान की।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय :
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन :
8888883968,
9811111715

# कर्नाटक में हुआ सिद्धारमैया कैबिनेट का विस्तार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने शनिवार को 24 मंत्रियों को शामिल करके अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। इसी के साथ राज्य में पार्टी के सत्ता में आने के एक सप्ताह बाद मंत्रिमंडल के सभी 34 मंत्री पदों को भर दिया गया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने इन 24 मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इन मंत्रियों में 23 विधायकों के अलावा एन एस बोसराजू शामिल हैं, जिन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर कांग्रेस आलाकमान ने सभी को हैरान कर दिया है। बोसराजू न तो विधान परिषद और न ही विधानसभा के सदस्य हैं।

कांग्रेस के एक नेता ने कहा, 'विधानसभा और विधान परिषद के पूर्व सदस्य बोसराजू अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सचिव हैं। रायचूर के रहने वाले बोसराजू एक प्रतिबद्ध कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। उनके नाम को कांग्रेस आलाकमान ने कल मंजूरी दी थी।' सीएम सिद्धारमैया की कैबिनेट में सिर्फ एक महिला शामिल है। इनका नाम लक्ष्मी आर हेब्बलकर हैं। उन्होंने हाल ही में हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में करीब 1,06,805 वोट हासिल करके बेलगाम ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र से अपनी सीट बरकरार रखी। उन्होंने बीजेपी के नागेश अन्नप्पा मनोलकर को हराया।

## एक महिला समेत 24 नए मंत्रियों को जगह



### जातिगत समीकरणों का रखा गया पूरा ध्यान

कांग्रेस की ओर से जारी मंत्रियों की सूची में 6 लिंगायत और 4 वोक्कलिगा विधायकों के नाम हैं। वहीं, 3 विधायक अनुसूचित जाति, 2 अनुसूचित जनजाति और 5 अन्य पिछड़ा वर्ग (कुरुबा, राजू, मराठा, एडिगा और मोगावीरा) से ताल्लुक रखते हैं। दिनेश गुंडु राव के रूप में ब्राह्मणों को भी कर्नाटक मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व हासिल हुआ है। पुराना मैसूर और कल्याण कर्नाटक क्षेत्र से 7-7 विधायक, कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र से 6 और मध्य कर्नाटक से 2 विधायकों ने मंत्री के रूप में शपथ ली। आधिकारिक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सीनियर और जूनियर विधायकों को उचित सम्मान देने के साथ-साथ जाति और क्षेत्रीय समीकरणों का ध्यान रखकर मंत्रिमंडल में संतुलन कायम किया है।

### बातचीत के लंबे दौर के बाद बनी सहमति

कर्नाटक सरकार में 34 मंत्री हो सकते हैं। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार सहित 10 मंत्रियों को 20 मई को शपथ दिलाई गई थी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अक्कउ) के महासचिव के सी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला सहित शीर्ष केंद्रीय नेताओं के साथ सिद्धारमैया और शिवकुमार की घंटों लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद 24 मंत्रियों के नाम तय किए गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने मंत्रियों की सूची पर अंतिम मुहर लगाई। इससे पहले कर्नाटक के दोनों नेताओं सिद्धरामैया और शिवकुमार ने राज्य में सरकार बनने के बाद पहली बार सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। सूत्रों ने बताया कि संभावित मंत्रियों के नामों को लेकर सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मतभेद उभरे थे, लेकिन चर्चा के दौरान इन्हें सुलझा लिया गया।

### शपथ लेने वाले मंत्रियों की लिस्ट-

एचके पाटिल
कृष्णा बायरे गौड़ा
एन चेलुवारायस्वामी
के वेंकटेश
एचसी महादेवप्पा
ईश्वर खंड्रे
क्याथासंद्रा एन राजन्ना
दिनेश गुंडू राव
शरणबसप्पा दर्शनापुर
शिवानंद पाटिल
तिम्मापुर रामप्पा बलप्पा
एसएस मल्लिकार्जुन
तंगदगी शिवराज संगप्पा
शरणप्रकाश रुद्रप्पा
पाटिल मनकल वैद्य
लक्ष्मी आर हेब्बलकर
रहीम खान
डी. सुधाकर
संतोष एस लाड
एनएस बोसेराजू
सुरेश बी.एस
मधु बंगारप्पा
डॉ एमसी सुधाकर
बी नागेंद्र

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अत: भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# हैदराबाद में 'योग महोत्सनव' में जुटे 50,000 लोग

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्री य योग दिवस 2023 के 25 दिन पूर्व हैदराबाद में शनिवार को 'योग महोत्सनव' आयोजित किया गया जिसमें 50 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि योग दिवस समारोह में तेलंगाना की राज्य5पाल तमिलिसाई सुंदरराजन समारोह की मुख्या अतिथि रही।

केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री जी. किशन रेड्डी और केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री मंजुपारा महेंद्रभाई भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। हैदराबाद के एनसीसी परेड ग्राउंड में आयोजित योग महोत्सव में 50,000 से अधिक लोगों की लोगों की भागेदारी रही। भागीदारी देखी गई। योग दिवस समारोह का आयोजन मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) ने अंतरराष्ट्रीाय योग दिवस के 25 दिन पूर्व 'योग महोत्सव' का आयोजन किया।



योग महोत्सव में अनेक हस्तियां भी उपस्थित थीं जिनमें पद्म भूषण विजेता और जाने-माने बैडमिंटन खिलाड़ी तथा कोच पुलेला गोपीचंद, अभिनेता विश्वपकसेन के अलावा कृष्णो चैतन्य आदि भी शामिल हैं। योग संस्थान के निदेशक डॉ ईश्व्र बासवरेड्डी ने इस कार्यक्रम में कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीपीपी) का संचालन किया।

इस अवसर पर श्री सोनोवाल ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए अंतरारष्ट्री य, राष्ट्री य तथा स्थारनीय स्तदरों पर कई नई पहल की गई हैं। उन्हों ने बताया, 'ह्यअंतरराष्ट्री य स्तार पर, 21 जून को रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय की मदद से कई बंदरगाहों, जहाजों पर प्रमुख भव्य योगाभ्यारस किया जाएगा और 'ओशन रिंग ऑफ योग' बनाया जाएगा। अनेक देशों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसी तरह, आर्कटिक से अंटार्कटिका में भी योगाभ्यादस का प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें भूमध्य रेखा पर या उसके आसपास के देश भी योगाभ्यागस में शामिल होंगे। आईएनएस विक्रांत तथा आईएनएस विक्रमादित्यस के 'फ्लाइट डैक्स?' पर भी सामूहिक रूप योगाभ्याकस किया जाएगा।

योग भारतमाला के अंतर्गत, भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना, भारतीय तटरक्षक और सीमा सड़क संगठन भी सीमाओं पर, तटीय क्षेत्रों पर और द्वीपों पर योग प्रदर्शन कर योग भारतमाला बनाएंगे। उत्तर और दक्षिणी ध्रुव क्षेत्रों पर भी योग होगा। हिमाद्रि- स्वालबार्ड, आर्कटिक में भारतीय अनुसंधान केंद्र और अंटार्कटिका में तीसरा भारतीय अनुसंधान केंद्र-भारती भी इस समारोह से जुड़ेंगे। स्थारनीय स्तार पर, पंचायतों, आंगनवाड़?यों, आशा-एएनएम कर्मियों को भी योगाभ्याषस प्रदर्शन गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। इसी तरह, स्वा-स्व्वा एवं आयुष मंत्रालयों के 1.5 लाख से अधिक आरोग्य केंद्र तथा 50 हजार से अधिक अमृत सरोवरों में भी योग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस साल, 'हर आंगन योग' को सही भावना के साथ साकार होते हुए देखा जा सकेगा।'

# जंग का खर्चा निकालने रूस बेचेगा जेलेंस्की का पेंटहाउस

## रूसी नेता बोले- ये हमारी संपत्ति, इससे दुश्मनों को फायदा नहीं होने देंगे

**क्रीमिया, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन जंग पिछले 15 महीनों से जारी है। इस बीच रूस ने जेलेंस्की का हॉलिडे पेंटहाउस बेचने का फैसला किया है। उसने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के इस घर के साथ ही 57 प्रॉपर्टीज को सरकारी संपत्ति घोषित कर दिया है। जेलेंस्की का ये घर उनकी पत्नी ओलेना जेलेंस्का के नाम पर है। ये क्रीमिया में ब्लैक सी के तट पर बना हुआ है। क्रीमिया के स्पीकर व्लादिमीर कॉन्सटैंटिनोव ने कहा, हम इस घर को बेचने की सूचना जारी करेंगे। इससे मिलने वाले पैसों का इस्तेमाल यूक्रेन में चल रहे स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन और जंग में मारे गए सैनिकों के परिवारों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। जेलेंस्की का पेंटहाउस बेचने पर रूसी नेता ने कहा कि क्रीमिया रूस का हिस्सा है। हम यहां की संपत्ति से रूस के दुश्मनों को मुनाफा नहीं होने देंगे। रूस जंग के दौरान अपनी मिलिट्री पर 7 लाख करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च कर चुका है।

जेलेंस्की की पत्नी ने 2013 में खरीदा था पेंटहाउस, अब इसकी कीमत साढ़े 6 करोड़

राष्ट्रपति जेलेंस्की की पत्नी ओलेना जेलेंस्का ने 2013 में क्रिमिया के लिवादिया शहर में 3 कमरे का एक पेंटहाउस खरीदा था। तब इसकी कीमत करीब 1 करोड़ 35 लाख रुपए थी। इसके ठीक एक साल बाद 2014 में रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था। जेलेंस्का कभी भी इस घर का इस्तेमाल नहीं कर पाईं क्योंकि इसमें अभी रेनोवेशन का काम बचा हुआ था। रूसी स्टेट मीडिया ने अब इस घर की कीमत करीब साढ़े 6 करोड़ रुपए बताई है। क्रीमिया में 65 फीसदी लोग रूसी मूल के, जबकि 15 फीसदी लोग यूक्रेनी

यूक्रेन साल 1991 में आजाद हुआ था। क्रीमिया हमेशा से यूक्रेन का हिस्सा नहीं था, बल्कि एक सोवियत नेता ने तोहफे के तौर पर इसे यूक्रेन को सौंपा था। क्रीमिया में 65 प्रतिशत लोग रूसी मूल के हैं, जबकि 15 फीसदी यूक्रेनी मूल के लोगों की है। साल 2010 में यूक्रेन ने रूस के साथ समझौता किया, जिसके तहत रूसी सेना के बेड़े को 25 साल तक क्रीमिया में रहने की इजाजत दी गई। इसके बदले रूस ने गैस की कीमतें 30 फीसदी कम कर दीं।

**रूस ने 2014 में किया था क्रीमिया पर कब्जा**

मार्च 2014 में क्रीमिया में रूसी शासन के पक्ष में 96 प्रतिशत मतदान हुआ था। यूक्रेन छोड़कर रूस का हिस्सा बनने के लिए क्रीमिया में जनमत संग्रह की तैयारी के साथ यूक्रेन में शीतयुद्ध जैसा सुरक्षा संकट बढ़ गया है। इसके तुरंत बाद रूसी सेना और रूस समर्थक हथियारबंद फौज ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने क्रीमिया में हुए जनमत संग्रह को अमान्य घोषित कर दिया था।

# विवाह पंजियन में पति-पत्नी का थैलेसीमिया सर्टिफिकेट अनिवार्य करेगी गुजरात सरकार

**गांधीनगर/अहमदाबाद।** गुजरात में शादी के रजिस्ट्रेशन के लिए पति-पत्नी का थैलेसीमिया सर्टिफिकेट अनिवार्य किया जाएगा। इसके बाद शादी का रजिस्ट्रेशन कराने आए दंपती को थैलेसीमिया जांच का सर्टिफिकेट देना पड़ेगा। राज्य में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के जन्म को रोकने के लिए सरकार की ओर से यह नया नियम लागू किया जाएगा। हालांकि सरकार की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा होना अभी बाकी है। शादी के रजिस्ट्रेशन के लिए गुजरात में मान्य चिकित्सकों से थैलेसीमिया संबंधित जांच का प्रमाणपत्र देना अब अनिवार्य हो जाएगा। थैलेसीमिया रक्त की विकृति के साथ जुड़ी बीमारी है। थैलेसीमिया पीड़ित होने पर हिमोग्लोबिन बनाने की प्रक्रिया अव्यवस्थित या खराब हो जाती है। इसकी वजह से लाल रक्त कणों की संख्या बहुत कम हो जाती है। देश में थैलेसीमिया ग्रस्त बालकों के जन्म लेने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में गुजरात सरकार का यह निर्णय कई मायनों में महत्वपूर्ण साबित होगा।

थैलेसीमिया जागृति फाउंडेशन के अनुसार थैलेसीमिया सामान्य रूप से दो प्रकार का होता है, थैलेसीमिया माइनर और थैलेसीमिया मेजर। माता-पिता में से यदि किसी एक में गुणसूत्रों (क्रोमोजोम) में खामी होती है तो संतान में माइनर थैलेसीमिया हो सकता है। यदि माता-पिता दोनों में क्रोमोजोम में खामी हो तो थैलेसीमिया मेजर हो सकता है। थैलेसीमिया माइनर को थैलेसीमिया कैरियर अथवा थैलेसीमिया वाहक भी कहा जाता है। थैलेसीमिया माइनर में गुणसूत्रों में दोष या असामान्यता होती है, लेकिन चूंकि कोई विकार नहीं होता है, वे आमतौर पर स्वस्थ और लक्षण-मुक्त होते हैं। यानी बाहर से स्वस्थ दिखने वाले किसी भी व्यक्ति को थैलेसीमिया माइनर हो सकता है। भारत में लगभग 4 से 5 करोड़ लोग थैलेसीमिया वाहक हैं, और 10 में से 8 लोगों को यह भी पता नहीं है कि वे थैलेसीमिया वाहक हैं। थैलेसीमिया माइनर कोई बीमारी नहीं बल्कि गुणसूत्र (क्रोमोसोमल) असामान्यता है, जबकि थैलेसीमिया मेजर एक घातक बीमारी है। थैलेसीमिया मेजर से पीड़ित व्यक्ति एनीमिया जैसी कई गंभीर समस्याओं से ग्रसित हो जाता है। यदि पति और पत्नी दोनों को थैलेसीमिया माइनर है, तो उनके बच्चे को थैलेसीमिया मेजर होने की संभावना 25 प्रतिशत होती है। इसके अलावा अगर पति-पत्नी में से किसी एक को थैलेसीमिया मेजर है तो भी बच्चे के थैलेसीमिया मेजर होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में हर साल लगभग 10,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ पैदा होते हैं। गुजरात में थैलेसीमिया बीमारी को जड़-मूल से नष्ट करने के लिए गुजरात सरकार पिछले 15 साल से कार्य कर रही है। इस क्षेत्र में गुजरात ने कई नई पहल और व्यवस्थित आयोजन कर अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बना है।

# झारखंड में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में पिछले दो दिनों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि धनबाद जिले के बरवाअड्डा इलाके में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई, वहीं शुक्रवार को जमशेदपुर के बहरागोरा और गुमला जिले के चिरोडीह में दो लोगों की मौत हो गई। लोहरदगा में भी एक व्यक्ति की मौत होने की सूचना है। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बृहस्पतिवार को सात लोगों की मौत हो गई थी। चतरा, हजारीबाग, रांची, बोकारो और खूंटी जिलों में एक-एक व्यक्ति की और पलामू के हुसैनाबाद में दो लोगों की मौत हुई थी। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजे के भुगतान के लिए संबंधित जिलों को हताहतों की संख्या का सत्यापन करने के लिए कहा गया है। झारखंड सरकार आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मरने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा देती है।

राज्य में पिछले दो दिनों में तेज हवाएं और बारिश होने से राज्य के कई हिस्सों में पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए।

जमशेदपुर में शुक्रवार को सबसे अधिक 79 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बोकारो में 52.4 मिलीमीटर और रांची में 5.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने कहा कि शनिवार से मौसम में सुधार होने की संभावना है, क्योंकि बारिश कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "हालांकि, राज्य के पश्चिमी और मध्य हिस्सों में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।"

आनंद ने कहा कि बारिश के कारण ठंडा हुआ मौसम फिर से गर्म हो जाएगा और 28 मई से तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा।

# अमेरिका के डिफॉल्ट होने की तारीख 5 जून तक बढ़ी

## 6 साल में सबसे निचले स्तर पर पहुंचा सरकारी खजाना, बाइडेन बोले- जल्द होगी डील

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में कर्ज की सीमा बढ़ाने पर सरकार और विपक्षी पार्टी के बीच कोई डील फाइनल नहीं हो पा रही है। इस बीच ट्रेजरी सेक्रेटरी जेनेट एल येलेन ने कहा है कि अमेरिका 5 जून तक दिवालिया हो सकता है। यानी सरकार के पास केवल 5 जून तक देश को चलाने का पैसा बचा है। पहले ये तारीख 1 जून बताई गई थी। वहीं, अमेरिका का सरकारी खजाना पिछले 6 सालों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुका है।



गुरुवार को अमेरिकी ट्रेजरी का कैश बैलेंस 3 लाख करोड़ रुपए हो गया जो मंगलवार को 4 लाख करोड़ रुपए था। अमेरिका को डिफॉल्ट होने से बचाने का एकमात्र उपाय विपक्ष को साथ लेकर सरकार के कर्ज लेने की सीमा को बढ़ाना है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार शाम को कहा, 'मुझे पूरी उम्मीद है कि हालात बेहतर होंगे। आज रात तक डील फाइनल हो जाएगी।' वहीं, सरकार के पास डील के अलावा देश को डिफॉल्ट होने से बचाने के दूसरे रास्ते बंद होते जा रहे हैं। सरकार के पास इमरजेंसी के हालातों में इस्तेमाल होने वाला पैसा जो कभी 335 बिलियन डॉलर यानी 27 लाख करोड़ हुआ करता था, अब घटकर केवल 67 बिलियन डॉलर यानी 5 लाख करोड़ रुपए रह गया है। व्हाइट हाउस में हो रही मैराथन मीटिंग न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को दिवालिया होने से बचाने के लिए सरकार और विपक्षी पार्टी के नेताओं के बीच व्हाइट हाउस में एक के बाद एक मैराथन मीटिंग हो रही हैं। बाइडेन देर रात तक व्हाइट हाउस के वेस्ट विंग में अपने सलाहकारों से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद अब तक कोई डील नहीं पाई है। शुक्रवार को रिपब्लिकन पार्टी के रिप्रजेंटेटिव पैट्रिक टी मैक हेनरी ने कहा- एक के बाद एक रात हम यहां जुटते हैं, हर कोई बातचीत की डिटेल चाह रहा है। उन्होंने कहा सब लोग एक ट्वीट का इंतजार कर रहे हैं। जबकि मैं एक ऐसा एग्रीमेंट चाहता हूं जो इस देश को नई दिशा दे सके। दरअसल, पैट्रिक अमेरिका की निचली सदन के स्पीकर केविन मैकार्थी के साथ मिलकर डील फाइनल करने का काम कर रहे हैं।

अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बाइडेन की पार्टी के सांसदों की संख्या कम है। ऐसे में विपक्षी दलों को बाइडेन मना रहे हैं। ट्रंप की पार्टी के सांसदों की मांग है कि बाइडेन सरकार खर्च कम करे। तभी वो कर्ज बढ़ाने का समर्थन देंगे। अप्रैल में रिपब्लिकन पार्टी ने एक बिल पास किया था जिसमें ये प्रस्ताव रखा गया था कि अगर बाइडेन अपने हेल्थ, क्लाइमेट चेंज और सोशल प्रोग्राम जैसी योजनाओं में 14 फीसदी की कटौती करने को तैयार हैं तो वो कर्ज की सीमा को बढ़ा देंगे। हालांकि, बाइडेन ये प्रस्ताव मानने को बिल्कुल तैयार नहीं हैं। अगले साल अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं।

ऐसे में ये बजट घाटे पर विवाद बाइडेन की पार्टी को नुकसान पहुंचा सकता है।

# इमरान खान का खेल खत्म हो गया है : मरियम नवाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के इस्तीफा देने के बाद उनका "खेल खत्म हो गया है। मरियम ने पंजाब प्रांत में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुक्रवार को ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने इस दौरान नौ मई को हुई घटनाओं पर भी बात की जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान को गिरफ्तार किया गया था जिससे देशभर में हिंसक प्रदर्शन हुए थे।

पीएमएल-एन सुप्रीमो और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने पीटीआई अध्यक्ष खान से कहा कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के छोड़कर चले जाने के बाद "खेल खत्म हो गया है। देश में नौ मई को हुई हिंसा के बाद से पीटीआई के अब तक 70 से अधिक वकीलों और नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। पार्टी के महासचिव असद उमर, पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी और पूर्व मानवाधिकारी मंत्री शिरीन मजारी समेत पीटीआई के शीर्ष नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है।

बड़ी संख्या में नेताओं के पार्टी छोड़ने पर



'पीटीआई' पर निशाना साधते हुए मरियम ने कहा कि पार्टी छोड़ने वालों की कतार लग गयी है। पीटीआई नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला तब शुरू हुआ जब सुरक्षा बलों ने नागरिक तथा सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों के बाद पार्टी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री खान की निंदा करते हुए कहा, "जब नेता खुद ही गीदड़ है तो लोग कैसे साथ रहेंगे? आपके लोग खुलासा कर रहे हैं कि इमरान खान (70) नौ मई की घटनाओं के मास्टमाइंड हैं।"

# रेड्डी ने नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर की केसीआर की आलोचना

**हैदराबाद।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की शनिवार को जमकर आलोचना की। श्री रेड्डी ने यहां भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राज्य मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधन के दौरान श्री राव की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया और नीति आयोग की बैठक में भाग लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति के कारण तेलंगाना को काफी नुकसान हुआ है। श्री रेड्डी ने तेलंगाना को दी जाने वाली केंद्रीय सहायता के संबंध में चर्चा के लिए श्री राव को तैयार रहने की चुनौती दी। इसके अलावा, उन्होंने तेलंगाना



सरकार पर एक रियल एस्टेट कंपनी में बदलने का आरोप लगाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने श्री राव से आग्रह किया कि वह राज्य को और कर्ज में न धकेलें और सभी राज्यों के बीच एकता को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने अत्यधिक कर्ज जमा करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने कल्याण लक्ष्मी योजना के तहत धन के वितरण में देरी की ओर इशारा करते हुए, किसानों के मुद्दों के प्रति सरकार की लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित किया।

इसके अलावा,श्री रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार की गणना के आधार पर 3.50 लाख करोड़ रुपये के कुल कर्ज के साथ राज्य के पास पुराने ऋणों पर 20,000 करोड़ रुपये का वार्षिक ब्याज भुगतान था। जीओ 111 को रद्द करने और हैदराबाद पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए श्री रेड्डी ने श्री राव पर गरीबों की जरूरतों पर पार्टी कार्यालयों के लिए भूमि आवंटन को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

## एक नजर

### चीन में भारी बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट जारी

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के कुछ हिस्सों में भारी बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले 24 घंटों के भीतर सिचुआन, शानक्सी, हेनान, हुबेई, अनहुई और जिआंगसू के कुछ हिस्सों में भारी बारिश या आंधी तूफान आने का अनुमान है। सिचुआन, हेनान और अनहुई में 150 मिमी तक बारिश होने के आसार है। इन प्रांतों के कुछ क्षेत्रों में 20 से 70 मिमी प्रति घंटे की बारिश के साथ-साथ गरज और आंधी आ सकती है। मौसम विभाग ने स्थानीय प्रशासनों को उचित तैयारी करने की सलाह दी है। स्कूलों और किंडरगार्टन को बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया है और वाहन चालाकों को सड़कों पर जलभराव और ट्रैफिक जाम के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

### चिली में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**सैंटियागो, एजेंसी।** चिली के दक्षिणी तट पर स्थित वेस्ट चिली राइज में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 मापी गयी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र सतह से 10 किमी की गहराई और 39.02 डिग्री दक्षिण अक्षांश तथा 91.4284 डिग्री पश्चिम देशांतर पर स्थित था। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी तक जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है।

### अफगानिस्तान के बागलान प्रांत में विस्फोट, 16 लोग घायल

**पुल-ए-खुमरी, एजेंसी।** अफगानिस्तान के उत्तरी बागलान प्रांत की राजधानी पुल-ए-खुमरी में विस्फोट होने से कम से कम 16 लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया आउटलेट सलाम वतनदार ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि पुल-ए-खुमरी शहर में शुक्रवार को हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोग घायल हो गए हैं। घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था। चश्मदीदों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और एंबुलेंस घायलों को ले जाने के लिए शहर के चारों ओर दौड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। तालिबान प्रशासन ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। किसी समूह या व्यक्ति ने विस्फोट की जिम्मेदारी का दावा नहीं किया है।

### यूक्रेन के कुछ हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजे

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के कई क्षेत्रों में शुक्रवार देर रात हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई और सायरन की आवाजें सुनी गयी थी। देश के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय ने हवाई हमले की चेतावनी जारी की थी। मंत्रालय के अनुसार देश के माइकोलाइव क्षेत्र में कल देर रात हवाई हमले के सायरन बजने लगे, इसके साथ ही यूक्रेन-नियंत्रित हिस्से खेरसॉन क्षेत्र में सायरन की गूंज सुनायी दी गयी थी।

यूक्रेन की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार माइकोलाइव क्षेत्र में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। आज तड़के मिकोलाइव, ओडेसा, निप्रॉपेट्रोस, किरोवोरॉड, चेकार्सी और विन्नित्सिया के क्षेत्रों के साथ-साथ यूक्रेन नियंत्रित खेरसॉन और जैपसोरिज़िया क्षेत्रों में हवाई हमले के अलर्ट जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि क्रीमिया ब्रिज पर आतंकवादी हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर से रूस ने यूक्रेनी बुनियादी ढांचे के खिलाफ निरंतर सटीक हमले किए गए थे। इससे पहले फरवरी में यूक्रेनी पावर ग्रिड ऑपरेटर उक्रेनर्गो के प्रमुख ने कहा कि रूसी हमलों के कारण यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को करोड़ों डॉलर का नुकसान हो सकता है, जिसमें अरबों डालर का आर्थिक नुकसान हो सकता है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर बौद्ध भिक्षु बनकर रोम जा रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई एयरपोर्ट पर बौद्ध भिक्षु बनकर रोम जाने की कोशिश कर रहे 32 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक बिपोन अनिल बरुआ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सहार पुलिस स्टेशन की टीम बांग्लादेश के बंदरबन के मूल निवासी इस व्यक्ति से गहन पूछताछ कर रही है। सहार पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बिपोन अनिल बरुआ के बारे में गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट से बरुआ को फर्जी पासपोर्ट के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि छानबीन के बाद पता चला है कि बरुआ के खिलाफ विदेशी पंजीकरण कार्यालय ने लुक आउट नोटिस जारी किया था। छानबीन में यह भी पता चला है कि बरुआ 2015 में बौद्ध धर्म के नाम पर प्रचार करने के लिए हरिदासपुर सीमा के रास्ते बांग्लादेश से भारत आया था । 2016 में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रहने के दौरान बरुआ ने फर्जी कागजात की मदद से भारतीय पासपोर्ट हासिल किया। छानबीन में यह भी पता चला है कि बरुआ मलेशिया, थाईलैंड, लाओस, म्यांमार, वियतनाम और यूनाइटेड किंगडम जाने के लिए भारतीय पासपोर्ट का इस्तेमाल कर चुका है। बरुआ के पास से फर्जी पैन कार्ड और आधार कार्ड भी बरामद किए गए हैं। इस मामले की गहन छानबीन सहार पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### टोहाना में फर्नीचर शोरूम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**फतेहाबाद, एजेंसी।** जिले के शहर टोहाना में शुक्रवार देर रात फर्नीचर शोरूम व गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा लाखों रुपये का फर्नीचर जलकर स्वाह हो गया। आग की सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक दुकान में रखा फर्नीचर, लकड़ी, आरा व अन्य सामान जलकर राख हो चुका था।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात टोहाना में रेलवे रोड स्थित जगदम्बे फर्नीचर पैलेस के गोदाम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने वहां पड़े कच्चे माल को अपनी चपेट में ले लिया और तेजी से भड़क उठी। भीषण होती आग दुकान तक जा पहुंची, साथ ही ऊपरी मंजिल पर भी आग की लपटें पहुंच गई। लोगों ने जैसे ही दुकान में आग देखी तो तुरंत इस बारे में दुकान मालिक को सूचना दी। डायल 112 व फायर बिग्रेड को भी सूचना दी गई। दमकल कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान मालिक के अनुसार आगजनी की इस घटना में करीब 10 लाख रुपये का सामान जलकर स्वाह हो गया।

### फतेहाबाद : बारिश से पहले आए तूफान ने मचाई तबाही

**फतेहाबाद, एजेंसी।** फतेहाबाद जिले में शनिवार अलसुबह जमकर बारिश हुई। बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। इससे लोगों को गर्मी से भी राहत मिली। वहीं, बारिश से पहले आए तेज तूफान ने जमकर तबाही मचाई। तूफान के कारण जहां सड़कों पर पेड़ गिरने से रास्ते अवरूद्ध हो गए, वहीं अनेक स्थानों पर बिजली के पोल टूट गए, जिससे ट्रांसफार्मर जमीन पर आ गिरे। ट्रांसफार्मरों व बिजली केबलों के टूटने से कई स्थानों पर बिजली सप्लाई घंटों ठप्प रही। पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से शनिवार अलसुबह फतेहाबाद जिले में पहले तो तेज तूफान आया। काफी देर तक चली तेज हवाओं से रात को जहां लोगों की घरों की छतों पर रखा सामान उड़ गया, वहीं पेड़ व बिजली के खंबे भी टूट कर गिर गए।

# शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल का दौरा

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को झरोदा कलां स्थित केजरीवाल सरकार के शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के इन्वेस्चर सेरेमनी में शामिल हुई। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने छात्रों के साथ चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार के इस स्कूल के माध्यम से दिल्ली के गरीब से गरीब परिवार के बच्चों के सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करने के सपनों को उड़ान मिल रही है। उन्होंने छात्रों से कहा कि, शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का अनुशासन और देशभक्ति का जज्बा बेमिसाल है। इनका अनुशासन अभी से इनमें भविष्य के सैन्य अफसरों की झलक दिखा रहा है।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने छात्रों का उत्साह बढाते हुए कहा कि, ह्यआप सभी छात्र शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के पहले बैच का हिस्सा है। और हम सभी को आपसे बहुत उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आप सभी छात्रों में अनुशासन और देशभक्ति का जज्बा बेमिसाल है। और आप सभी में अभी से भविष्य के सैन्य अफसरों की झलक दिख रही है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में न सिर्फ आप सभी का आर्म्ड फोर्सेज में सिलेक्शन होगा बल्कि आप सभी देश के विभिन्न सर्वोच्च पदों पर चयनित होकर देश के लिए जो काम करेंगे उससे न केवल हम सभी बल्कि पूरा देश गौरवान्वित होगा। उन्होंने कहा कि इस स्कूल के जरिये हमने गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को ये आत्मविश्वास दिया है कि वो मेहनत कर सैन्य अफसर बन सकते है। उन्होंने कहा कि आप कैडेट के रूप में हम देश के रक्षक तैयार कर रहे है। और इसके लिए आप सभी को हर जरुरी सुविधाएँ देना हमारी प्राथमिकता है।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि आमतौर पर सपनों को अमल में लाने में सरकारी सिस्टम में बहुत समय लगता है, लेकिन दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी के निर्देश व मार्गदर्शन में हम तेजी से काम कर रहे हैं। दिल्ली सरकार द्वारा पिछले साल शुरू किया गया शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल इसका उदहारण है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद सभी बच्चों में देशभक्ति का जज्बा कूट-कूटकर भरा है। इन्ही बच्चों में से आने वाला समय में कोई कर्नल, कोई जनरल बनेगा, कोई बॉर्डर पर खड़ा होकर दुश्मन को रोक रहा होगा और देश की रक्षा कर रहा होगा। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, देश आपको बहुत उम्मीद से देख रहा है। देश की बदौलत आपको इतना शानदार हॉस्टल, कैंपस, शिक्षा, तैयारी दे रहा है। तो आपका फर्ज भी है कि कड़ी मेहनत करते हुए इस देश की सेवा करें और पूरे देश की गौरवान्वित करें।

शिक्षा मंत्री के साथ साझा करते हुए छात्रों ने कहा कि स्कूल में मिल रही सुविधाओं से उनके अन्दर ऑफिसर्स जैसी क्वालिटी विकसित हो रही है। ये सभी सुविधाएँ कैडेट से सैन्य अफसर बनने के सफर में उनके लिए काफी मददगार साबित होंगी। आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल के पहले बैच में पढ़ रहे बच्चों में गजब का आत्मविश्वास दिखा। शिक्षा मंत्री के पूछने पर सभी ने एक स्वर में कहा कि वे सभी सेना में भर्ती होकर भारत माँ की सेवा करना चाहते है।

यह स्कूल पूरी तरह से निःशुल्क है। स्कूल में छात्रों के लिए आवासीय सुविधा भी मौजूद है। स्कूल में बच्चों में ऑफिसर विकसित की जाती है और एनडीए समेत दूसरी आर्म्ड सर्विसेस के लिए बच्चों को तैयार किया जाता है। आर्म्ड फोर्सेज में करियर को देश के सबसे सम्मानित और प्रतिष्ठित जॉब्स में से एक माना जाता है। ऐसे विद्यार्थी जो एक्साइटमेंट, एडवेन्चर और चैलेन्जेस भरा करियर विकल्प चुनना चाहते हैं उन्हें अपने प्रोफेशनल एक्सपेक्टेशन को पूरा करने के लिए आर्म्ड फोर्सेज से बेहतर कोई और विकल्प नहीं है। ये छात्रों को इंडियन आर्म्ड फोर्स में करियर बनाकर देश की सेवा करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। बता दे कि वर्तमान में शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल में कक्षा 10वीं में 80 बच्चे व कक्षा 12वीं में 77 बच्चे एनरोल है। साथ ही सत्र 2023-24 में कक्षा 9वीं के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है।

## यूपीएससी परीक्षार्थियों के लिए दिल्ली मेट्रो ने बदला समय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने शुक्रवार को बताया कि रविवार को दिल्ली मेट्रो के सभी फेज-3 सेक्शन पर सुबह 6 बजे से मेट्रो सेवाएं शुरू होंगी। दरअसल, डीएमआरसी ने यह फैसला रविवार (28 मई) को होने वाली संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा परीक्षा को देखते हुए लिया है। इससे अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में आसानी होगी।

मेट्रो के पुराने कॉरिडोर पर सुबह 6 बजे से ही मेट्रो चलनी शुरू हो जाती है। मगर फेज-क्क्क के कॉरिडोर पर प्रत्येक रविवार सुबह 8 बजे से मेट्रो चलनी स्टार्ट होती थी। इससे फेज-क्क्क के मेट्रो कॉरिडोर और ट्रेनों के रख-रखाव के लिए 2 घंटे ज्यादा मिल जाते हैं लेकिन इस बार रविवार को मेट्रो सुबह 6 बजे चलने से छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में आसानी होगी।

डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार मजेंटा लाइन (जनकपुरी पश्चिम- बोटेनिकल गार्डन), पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) और ग्रे लाइन (द्वारका-ढांसा बस स्टैंड) के यात्रियों को फायदा होगा। इसके अलावा फेज तीन में बने रेड लाइन के दिलशाद गार्डन- शहीद स्थल (न्यू बस अड्डा गाजियाबाद), ब्लू लाइन के नोएडा सिटी सेंटर- इलेक्ट्रानिक सिटी, ग्रीन लाइन के मुंडका- बहादुरगढ़ और वायलेट लाइन के बदरपुर- बल्लभगढ़ पर भी हर रविवार को सुबह आठ बजे से मेट्रो का परिचालन शुरू होता है। इन सभी कॉरिडोर पर भी इस रविवार को सुबह छह बजे से मेट्रो चलेगी।

## पीडब्ल्यूडी के प्रत्येक सब-वे का होगा जीर्णोद्धार

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाले सभी सब-वे का एक महीने के भीतर जीर्णोद्धार होगा। इसके अंतर्गत सभी सब-वे की अच्छे से सफाई की जाएगी, टूट-फूट को रिपेयर किया जायेगा।

सब-वे में बेहतर लाइट की व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से उनमें सीसीटीवी कैमरा से लैस किया जायेगा और सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किए जायेंगे। इस बाबत पीडब्ल्यूडी अगले एक महीने मिशन मोड में काम करेगी और भविष्य में सभी सब-वे का बेहतर ढंग रखरखाव करेगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से ये जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से वो स्वयं इन सब-वे का निरीक्षण करेंगी और जहां भी लापरवाही पाई गई वहां कार्यरत अधिकारी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा।

बीते शुक्रवार, 19 मई को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने पंजाबी बाग क्रासिंग पर स्थित सब-वे का निरीक्षण किया था। वहां चारों तरफ गंदगी थी, टूट-फूट थी, लाइट नहीं जल रही थीं, कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं था। ये देखकर पीडब्ल्यूडी मंत्री बहुत नाराज हुई और वहां मौजूद अधिकारियों की फटकार लगाई।

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इस समस्या पर तुरंत एक्शन लेते हुए उन्होंने दिल्ली भर में सब-वे के रखरखाव के लिए जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजिनियरों की बैठक बुलाई और जून के अंत तक दिल्ली भर में सभी सब वे में सुधार करने के आदेश जारी किए। उन्होंने साझा किया कि, इस एक महीने की अवधि के दौरान, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी सब-वे में साफ-सफाई, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी द्वारा निगरानी और सिक्योरिटी गार्डों की तैनाती सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि, सुरक्षा की दृष्टि से पीडब्ल्यूडी सबवे को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया ही जायेगा साथ ही एक सेंट्रलाइज्ड कण्ट्रोल रूम भी बनाया जायेगा जहां से चौबीसों घंटे सब-वे की निगरानी की जा सकेगी। इसके अलावा, पैदल चलने वालों का मार्गदर्शन करने, सतर्कता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सब-वे के ब्लैक-स्पॉट पर कॉन्वेक्स मिरर भी लगाये जायेंगे। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली के जिम्मेदार नागरिक के तौर पर लोग एक1 जुलाई के बाद से सब-वे के निरीक्षण में सरकार की मदद करें और उन्हें अगर किसी भी सब-वे में कोई भी कमी मिलती है तो उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करते हुए उन्हें टैग करे और शेयर करें। हम इस पर तुरंत एक्शन लेंगे।

## मन और आत्मा को खुबसूरत केवल योग से ही बनाया जा सकता है : दया रानी

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा मस्ती की पाठशाला के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय तोमर कॉलोनी, नत्थुपुरा बुराड़ी दिल्ली में योग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आज कार्यशाला का पांचवा दिवस था। आज विद्यालय के प्रधानाचार्या श्रीमती दया रानी ने प्रातः दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला को प्रारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को योग के बारे में जानकारी साझा करते हुये कहा कि अपनाएं योग, भगाओ रोग सदा रहोगे तुम निरोग। मन और आत्मा को खुबसूरत केवल योग से ही बनाया जा सकता है। दिल्ली सरकार हमेशा ही बच्चों के मानसिक एवं शाररिक विकास के लिये प्रयासरत रहती है। इसी क्रम में ग्रीष्म कालीन अवकाशों का सदुपयोग करते हुये कला संस्कृति एवं भाषा विभाग दिल्ली सरकार ने दिल्ली की सभी अकादमियों के माध्यम से दिल्ली के लगभग 150 विद्यालयों में अलग अलग स्किल डवलमेण्ट की कार्यशालायें आयोजित की हैं। इन कार्यशालाओं के आयोजन के लिये दिल्ली की माननीया शिक्षा मंत्री सुश्री आतिशी एवं दिल्ली संस्कृत अकादमी के सचिव डॉ0 अरुण झा के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने इस योग कार्यशाला को करने का अवसर दिया। ग्रीष्म कालीन अवकाशों के दौरान हमारे विद्यालय में अनेक छात्रोपयोगी शिक्षण कार्यशालयें चल रही है जिसमें संस्कृत अकादमी द्वारा आयोजित योग कार्यशाला भी है। इस अवसर अकादमी के सहा प्रचार प्रसार अधिकारी श्री दिनेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से हम अपने दैनिक जीवन सुधार सकते हैं। शरीर स्वस्थ है तो सभी कार्य अपने आप पूर्ण होते हैं। संस्कृत की अनेक विधाओं में योग का अपना अलग ही महत्व है। यदि बच्चे यहां से योग के आश्सनों एवं क्रियाओं के बारे में कुछ भी सीख जाते हैं और वे अपने घर एवं आस पास के लोगो को स्वस्थ्य के प्रति जागरूक करे तो ये इन कार्यशालाओं की बहुत बडी उपलब्धि होगी। इस अवसर पर यहां के योग प्रशिक्षक श्री हिमांशु रतूड़ी ने कहा कि छात्र छात्राओं को निरन्तर सूक्ष्म क्रियायें एवं योगासनों का अभ्यास कराया जा रहा है, जिसमें 15 से अधिक सूक्ष्म क्रियायें जैसे बुद्धि तथा धृति शक्ति, मेधा शक्ति, नेत्र शक्ति, कर्ण शक्ति ग्रीवा चलन, स्कंध तथा बाहुमूल आदि एवं 25 से अधिक योगासन जैसे कि ताडास़न, वृक्षासन, श्वासन, हलासन आदि योगासन शामिल है।

## आईफोन से खुली बंधक बनाकर लूटने की वारदात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जाफरपुर कलां इलाके में बुजुर्ग महिला को उसके घर में बंधक बनाकर हुई लूट की वारदात एक आईफोन ने खोल दी। आरोपी घर से आईफोन लूट कर ले गए थे। आईफोन देखकर आरोपियों में शामिल एक युवक के दोस्त ने उसे लूटने की योजना बनाई। जिससे पूरा मामला खुल गया और पुलिस ने मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों सागर, रविप्रकाश, दीपक अरोड़ा और प्रवीण के पास से एक आईफोन, एक मोबाइल, बाइक, कैश और लाखों की ज्वैलरी बरामद की गई है।

पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि 16 मई को उजवा गांव में एक बुजुर्ग महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट की गई थी। 17 मई को पुलिस को एक युवक को घायल कर लूटने की सूचना मिली। पूछताछ में सामने आया कि सागर को उसके दोस्त दीपक अरोड़ा ने घायल कर लूटा है। सागर और दीपक साथ में नशा करते थे। पुलिस ने दीपक को गिरफ्तार कर लिया। दीपक ने बताया कि सागर ने उसे आईफोन और ज्वैलरी दिखाई थी। तभी उसने आईफोन लूटने की प्लानिंग की, सागर को शराब पीलाकर उसकी जमकर पिटाई कर ज्वैलरी और आईफोन लूट लिया। पुलिस ने सागर से ज्वैलरी और आईफोन के बारे में पूछा तो बुजुर्ग के साथ हुई लूट की वारदात खुल गई। सागर ने दोस्त प्रवीण के साथ बुजुर्ग महिला को बंधक बनाकर लूटा था। उन्होंने रवि के कहने पर इसे अंजाम दिया। स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज नवीन कुमार और जाफरपुर कलां थाना एसएचओ अशोक गीरी की टीम ने प्रवीण और रवि को दबोच लिया।

आरोपी रवि ने बताया कि उस पर कर्जा चढ़ा हुआ था। गत दिनों उसका दोस्त प्रवीण जेल से बाहर आया था।

## अधिकारियों के दफ्तर से फाइल चोरी का दिल्ली भाजपा ने जारी किया वीडियो

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर खर्च संबंधी मामले की जांच कर रहे अधिकारी की फाइलें गायब होने को लेकर भाजपा ने नया वीडियो जारी किया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूरी, दिल्ली प्रवक्ता हरीश खुराना ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए एक सीसीटीवी फुटेज जारी की।

वार्ता में दिल्ली भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना इस्तीफा देना चाहिए और हम लोग इस पूरे घटनाक्रम को लेकर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से मिलेंगे। भाजपा के सभी विधायक और सांसद दिल्ली पुलिस कमिश्नर से इस मामले में शिकायत करेंगे और केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर की मांग करेंगे। अगर फिर भी एफआईआर नहीं होती है तो हम कोर्ट का रुख करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के एक विजलेंस अधिकारी वाई राज शेखर दिल्ली सरकार द्वारा किए गए अलग-अलग मामलों में 180 करोड़ के घोटाले की जांच कर रहे थे। इस पूरे मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री चुप हैं, लेकिन इन लोगों ने रात के दो बजे कैसे एक अधिकारी के दफ्तर में घुसे ? सीसीटीवी फुटेज में भी साफ तौर पर तीन लोग दिख रहे हैं।

कैसे इन लोगों ने फाइलें चुराई और फिर दूसरे कमरे में यह फाइल है। आधे घंटे तक यह पूरा खेल चलता रहा। इससे साफ जाहिर होता है कि इस पूरे घटनाक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री भी शामिल हैं। इसलिए हम मांग करते हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह जो वीडियो है, सभी को चौंका देने वाला वीडियो है। यह वीडियो साफ दर्शार्ता है कि रात के 2:00 बजे एक अधिकारी के कमरे में 3 लोग हैं और उसकी फाइल निकाली जाती है, जो अधिकारी पूरे भ्रष्टाचार की जांच कर रहे थे, वहां से फाइलें चुराई जाती है। एक तरह से यह डकैती है। लूटपाट है। यह घटना 16 मई की है। 11 मई को इनके पक्ष में सुप्रीम कोर्ट से आदेश आता है। ट्रांसफर पोस्टिंग कर सकते है, लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री ने उसी दिन से तानाशाही रवैया अपनाया।

## एक नजर

### आंधी में दीवार गिरने से तीन बच्चे घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेलकम इलाके में गुरुवार शाम तेज आंधी में एक मकान की चौथी मंजिल पर बनी निमार्णाधीन दीवार टूटकर गिर गई। इस दौरान मकान के नीचे खेल रहे तीन बच्चे घायल हो गए। घायल तीनों बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में एक मकान मालिक बच्चा का है। पुलिस मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 6 बजे वेलकम के कबीर नगर इलाके में दीवार गिरने से बच्चों के घायल होने की सूचना मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। वहां ईंट बिखरी थी और खून के छीटें पड़े हुए थे। पूछताछ में पता चला कि मकान की चौथी मंजिल पर निर्माण कार्य चल रहा था। तेज आंधी में चौथी मंजिल पर बनी निमार्णाधीन दीवार टूटकर गिर गई। इस दौरान नीचे खेल रहे तीन बच्चे घायल हो गए। तीनों बच्चों को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। जांच के दौरान निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम नहीं मिला। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां घायल बच्चे भर्ती मिले। उनका उपचार चल रहा था। पुलिस मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### घर से गहने-रुपये लेकर भागी घरेलू सहायिका पकड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहन गार्डन थाना पुलिस ने एक घरेलू सहायिका को अपने मालिक के घर में चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला पार्वती के पास से पुलिस ने 11, 500 रुपये और 6 से 7 लाख रुपये की ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि 22 मई को मोहन गार्डन थाना पुलिस को घर में चोरी की शिकायत मिली थी। पीड़ित ने बताया कि वह और उनकी पत्नी दोनों नौकरी करते हैं। करीब 9 माह पहले उन्होंने पार्वती को नौकरी पर रखा था। 22 मई को उनके पड़ोसी ने उन्हें फोन कर बताया कि पार्वती बच्चे को उनके घर छोड़कर सामान लेने गई थी और वापस नहीं आई। पति-पत्नी घर पहुंचे तो सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। घर से कैश और ज्वैलरी गायब थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। एसएचओ नर सिंह की टीम को जांच के दौरान पता चला कि पार्वती का मोबाइल राजस्थान के धौलपुर में चालू है। टीम ने तुरंत धौलपुर में छापा मार कर सुदीना उर्फ पार्वती को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला अपनी ननद के घर छुपी हुई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि पीड़ित ने घरेलू सहायिका की पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाई थी। इसलिए पीड़ित पर भी 188 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### महिला शराब तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थाना सराय रोहिल्ला थाना पुलिस टीम ने एक महिला शराब तस्कर को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला सुनीता है। पुलिस ने इसके पास से अवैध शराब के कुल 296 क्वार्टर बोतलें बरामद की है। पुलिस पकड़ी गई महिला से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जांच में पता चला कि महिला थाना सराय रोहिल्ला की बीसी है। उत्तरी जिला डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि थाना अध्यक्ष शीश पाल की देखरेख में 25 मई को टीम पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रही थी। जब वह रामबिहारी रोड चूना भट्टी, सराय रोहिल्ला, पहुंची वहां देखा कि सडक के किनारे खड़ी चार पहिया वाहनों के पीछे कुछ लोगों का जमावड़ा मौजूद था और एक महिला एक सफेद रंग से कुछ सामान दे रही थी। उसके साथ रंगीन प्लास्टिक की थैली। शक होने पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम वहां पहुंची, लेकिन वहां खड़े लोग पुलिस टीम को देखकर भाग गए और महिला ने भी सफेद रंग की प्लास्टिक की थैली के साथ मौके से भागने की कोशिश की। लेकिन प्लास्टिक बैग की जांच करने और उसमें अवैध शराब होने की जांच करने के लिए उसे रोक दिया गया। जांच करने पर उससे कुल 296 क्वाटर बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशे के लिए रुपये नहीं देने पर पत्नी पर किया चाकू से ताबड़तोड़ हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नशे के लिए रुपये नहीं देने पर एक युवक ने अपनी पत्नी पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मामला ज्योति नगर इलाके का है जहां महिला को मरा हुआ समझकर पति मौके से फरार हो गए। घायल रजनी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक रजनी परिवार के करावल नगर में रहती है। उसकी शादी पिछले साल जुलाई में अजय कुमार से हुई थी। रजनी एक निजी कंपनी में काम करती हैं, जबकि उनका पति बेरोजगार है और उसे शराब की लत है। वह शराब पीने के लिए रुपये मांगता रहता है। इसको लेकर उनके बीच झगड़े होते रहते हैं। इन्ही हरकतों से परेशान होकर एक महीना पहले वह मायके में आकर रहने लगी। शाम को वह अपने पिता के साथ घर पर मौजूद थी। तभी उसका पति अजय पहुंचा। उनके पिता दूध लेने के लिए चले गए। इसके बाद अजय ने उनसे बोला कि बार-बार फोन करने पर तुमने न तो रुपये भेजे और ना ही स्कूटी भेजी। इसके बाद सबक सीखाने की धमकी देते हुए जेब से चाकू निकाला और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला जमीन पर गिरकर बेहोश हो गए। उसे मरा हुआ समझकर भाग गया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी की जान को खतरा होने का दावा करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन को खतरा होने का दावा करने वाले 48 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) प्रणव तयाल ने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष में बृहस्पतिवार रात को फोन आया और यह फोन करने वाले व्यक्ति की पहचान हेमंत कुमार के रूप में की गई। तयाल ने बताया कि कुमार का पता लगाकर उसे जांच के लिए चाणक्यपुरी पुलिस थाने लाया गया। पुलिस ने बताया कि कुमार बेरोजगार है और उसने जब फोन किया था, उस समय वह शराब के नशे में थ।

### पांच लाख की ठगी में राजस्थान से दो जालसाज दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी जिला साइबर थाना पुलिस ने मकान किराए पर लेने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी शिवकेश बैरवा और रामकेश प्रजापत से दो मोबाइल बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपी खालिद की तलाश कर रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को एक शिकायत मिली थी कि उन्होंने अपना मकान किराए पर देने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल पर पोस्ट की थी। एक व्यक्ति ने मैसेज कर उसे किराए पर लेने में रूचि दिखाई और खुद को भारतीय सेना का अधिकारी बताया। मैसेज में दिए लिंक पर पीड़ित ने जैसे ही क्लिक किया उनके खाते से पांच लाख 20 हजार रुपये कट गए। दक्षिणी जिले के साइबर थाना एसएचओ अरुण कुमार वर्मा की टीम ने जांच शुरू की। पता चला कि ठगी की रकम पांच खातों में ट्रांसफर की गई थी, इनमें से एयू स्मॉल बैंक के एक खाते में 50 हजार रुपये भेजे गए थे, जोकि शिवकेश बैरवा का खाता था।

मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ने कानपुर में कानपुर हवाई अड्डे के नए सिविल टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया

# मोदी जी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में दुनिया ने बदलते हुए भारत को देखा : योगी

- नए सिविल टर्मिनल के उद्घाटन के साथ एक नए युग का सूत्रपात, लोगों की कनेक्टिविटी जितनी आसान होगी
- उतना ही लोग विकास के प्रति आग्रही बन कर आगे बढ़ेंगे




एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम0 सिंधिया ने आज कानपुर में कानपुर हवाई अड्डे के नए सिविल टर्मिनल भवन का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कानपुरवासियों को नए सिविल टर्मिनल के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत 09 वर्षों में दुनिया ने बदलते हुए भारत को देखा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व का सर्वाधिक लाभ देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश स्वतःस्फूर्त भाव से ले रहा है। उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में व्यापक लाभ प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नागर विमानन के क्षेत्र में विगत 06 वर्षों में व्यापक परिवर्तन देखने को मिले हैं। वर्ष 2017 से पूर्व प्रदेश में 02 एयरपोर्ट क्रियाशील थे और 02 एयरपोर्ट आंशिक रूप से क्रियाशील थे। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 09 एयरपोर्ट पूरी तरह क्रियाशील हैं। 12 एयरपोर्ट पर कार्य हो रहा है। आने वाले समय में प्रदेश में लगभग हर कमिश्नरी स्तर पर एक एयरपोर्ट होगा। लोगों के आवागमन को और सहज व सरल बनाने की प्रधानमंत्री जी की मंशा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उड़ान योजना का सर्वाधिक लाभ लेने वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश है और आज इसी का परिणाम है कि नई-नई वायु सेवाएं उड़ान भर रही हैं। श्री सिंधिया के नेतृत्व में नागर विमानन मंत्रालय ने लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए हवाई सेवाओं को आसान और सरल बनाने का कार्य किया है। आज उसका लाभ उत्तर प्रदेश भी ले रहा है और कानपुर नगर भी उसका लाभ लेते हुए आज इस प्रक्रिया के साथ इस नए सिविल टर्मिनल के साथ जुड़कर इसका आनन्द ले रहा है।

कानपुर नगर के बारे में वर्ष 2017 के पहले बहुत सारी धारणाएं लोगों के मन में थीं। कानपुर नगर में एक तरफ उद्योग बंद हो रहे थे और दूसरी तरफ जब गंगा प्रदूषण की बात होती थी, तो लोग कानपुर के ऊपर ही आरोप लगाते थे। कानपुर नगर गंगा जी का सबसे क्रिटिकल प्वाइण्ट बन गया था। कानपुर नगर में सीसामऊ नाले से 14 करोड़ लीटर सीवर गंगा जी के ऊपर पड़कर पूरी नदी को प्रदूषित करता था। प्रदेश सरकार ने सीसामऊ नाले को टैप कर इसे सेल्फी प्वाइण्ट में बदलने का कार्य किया है। यह कार्य कानपुरवासियों के सहयोग से ही सम्भव हो सकता है। जनपद कानपुर नगर की रोड, एयर व मेट्रो की बेहतरीन कनेक्टिविटी हुई है। प्रधानमंत्री जी ने कानपुर नगर को डिफेंस कॉरिडोर के रूप में विकसित करके इसके पुराने गौरव को वापस लाने का कार्य किया है। आज डिफेंस क्षेत्र के अनेक उद्योग कानपुर में लगने के लिए कतार में खड़े हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कानपुर अपनी आध्यात्मिक व ऐतिहासिक विरासत के लिए विख्यात रहा है। कानपुर ने स्वतंत्र भारत में औद्योगिक क्रान्ति की लौ उत्तर प्रदेश के साथ देश भर में फैलाने का कार्य किया था। देश के सबसे बड़े महानगरों में कानपुर की गिनती होती थी, जैसे-जैसे उद्योग बंद होते गए यहां से पलायन होता गया और यह जनपद विकास में पिछड़ता गया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज फिर से एक नए युग का सूत्रपात इस सिविल टर्मिनल के उद्घाटन के साथ प्रारम्भ हो रहा है। लोगों की कनेक्टिविटी जितनी आसान होगी उतना ही लोग विकास के प्रति आग्रही बन कर आगे बढ़ते हैं और कानपुर इससे अछूता नहीं है। प्रदेश में जिन भी नगरों में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, वहां पर नए उद्योग आए हैं। न्यू एज-टेक्नोलॉजी को लेकर लोगों के मन में नई उत्सुकता देखने को मिली है। लोग एक नए उत्साह के साथ कार्य करते हुए दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने दिसम्बर, 2021 में कानपुरवासियों को मेट्रो की सौगात दी। आज कानपुर मेट्रो आपकी पहचान बन चुकी है। प्रदेश सरकार ने सीसामऊ नाले और जाजमऊ में व्यापक सुधार करने का कार्य किया। आज गंगा जी के क्रिटिकल प्वाइण्ट से कानपुर उभरकर आगे बढ़ रहा है। अविरल गंगा, निर्मल गंगा का संकल्प भी पूरा होते हुए दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सबको विकास भी करना है और विरासत का सम्मान भी करना है। विकास और विरासत का यह संगम आपको इस टर्मिनल भवन में देखने को भी मिल रहा है। स्थानीय प्राचीन मन्दिरों की शैली को लेकर इस टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य किया गया है। जब कोई भी कानपुर में आएगा या विदा होगा, इस पहचान की अमिट छाप को अपने साथ लेकर जाएगा। जनपद कानपुर नगर विकास की प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बन कर अपने पुराने गौरव को प्राप्त करने का कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास के कार्यक्रम तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में यू0पी0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में 35 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों से 01 करोड़ युवाओं को नौकरी का लाभ प्राप्त होगा। इसके लिये हम सबको तैयार रहना होगा और अपने कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना होगा। विकास की प्रक्रिया में हम लोग सकारात्मक भाव से जुड़ते हुए दिखायी देंगे, तो हम सभी के लिए यह कार्य आसान होगा। जनपद कानपुर नगर विकास की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बना है।

## तीन साल में यूपी में क्रियाशील होंगे 22 एयरपोर्टः सिंधिया

**कानपुर।** केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि आने वाले तीन साल में उत्तर प्रदेश में 11 अतिरिक्त हवाई अड्डों की शुरूआत की जायेगी। सरकार की योजना यूपी में कुल 22 हवाई अड्डे स्थापित करने की है।

श्री सिंधिया ने कानपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जल्द ही कानपुर को राजधानी दिल्ली से जोड़ने के लिए कदम उठाया जाएगा। यही नहीं, अभी हमने 59 नए रूट घोषित किए हैं और भविष्य में 122 नए रूट घोषित किए जाएंगे। कानपुर को पंतनगर के साथ, अलीगढ़ के साथ, मुरादाबाद के साथ और श्रावस्ती के साथ जोड़ने की हमारी कल्पना है। प्रदेश में जहां आज 11 हवाई अड्डे प्रचलित हैं, आने वाले तीन साल में 11 अतिरिक्त हवाई अड्डों की हम शुरूआत करेंगे। कुल 22 हवाई अड्डे उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। चाहे चित्रकूट हो, मुरादाबाद हो, झांसी हो,गाजीपुर हो, अलीगढ़ हो, आजमगढ़ हो, सहारनपुर हो या श्रावस्ती, इन सभी जगहों पर एयरपोर्ट की सुविधा प्रदान की जाएगी।

उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में पांच अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं और आने वाले समय में जेवर और अयोध्या भी इससे जुड़ेंगे। यह श्रंखला अभी जारी है और इसी श्रंखला में कानपुर का एयरपोर्ट एक बहुत महत्वपूर्ण अंग के रूप में उभरा है। यहां छोटे से एयरपोर्ट से शुरूआत हुई थी और आज 16 गुना बढ़कर 65 हजार स्क्वायर फीट का एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ है। आने वाले समय में जिस टर्मिनल से केवल तीन हजार लोग गुजरते थे, वहीं अब प्रतिवर्ष 10 लाख यात्री इस टर्मिनल से अपने आवागमन की सुविधा तय कर पाएंगे। ये सुविधा सिर्फ कानपुर नहीं बल्कि आसपास के आठ जिलों को प्रभावित करेगी।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्व की सरकारों से तुलना करते हुए कहा कि जिस कानपुर में पूर्व सरकार के समय में 2014 में हर हफ्ते केवल चार विमानों का आवागमन होता था। वहीं आज 600 प्रतिशत बढ़कर 28 विमानों का आवागमन होता है। आगरा में 2014 में केवल 10 विमान प्रति हफ्ता आवागमन होता था, वहीं आज 240 प्रतिशत वृद्धि के आधार पर 34 विमानों का आवागमन होता है। गोरखपुर में 2013-14 में 12 विमान प्रति हफ्ते का आवागमन होता था, वो आज 800 प्रतिशत बढ़कर 106 विमान प्रति हफ्ते हो गया है। यही स्थिति संगम नगरी प्रयागराज की हो चुकी है, जहां 2014 में एक हफ्ते में 22 विमानों का आवागमन होता था, जो आज 600 प्रतिशत बढ़कर 154 हो गया है।

# भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान 30 मई से, सपा प्रमुख ने साधा निशाना

एनसीआर समाचार



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर 30 मई से महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेगी।

एक बयान में यह जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार इस अभियान को सफल बनाने के लिए केन्द्रीय मंत्रियों सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि यह महाजनसम्पर्क अभियान बता रहा है कि भाजपा का गांव-गरीब से सम्पर्क टूट चुका है। यादव ने ट्वीट किया, "उप्र में भाजपा के सांसदों और विधायकों ने काम किया होता तो भाजपा को अपने महा जनसम्पर्क अभियान के लिए बाहर से मंत्रियों को न बुलाना पड़ता। भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता भी इसीलिए निराश व निष्क्रिय हैं। ये महा जनसंपर्क अभियान बता रहा है कि भाजपा का गाँव-गरीब से सम्पर्क टूट चुका है।

भाजपा मुख्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि अभियान की सफलता के लिए पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक अभियान की तैयारियों को लेकर अनवरत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं।

भाजपा की प्रदेश इकाई के महामंत्री संजय राय ने बताया कि केन्द्रीय ऊर्जा, नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह कानपुर, अकबरपुर, जालौन तथा झांसी लोकसभा क्षेत्र के समूह प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। इनके साथ सांसद व गुजरात के प्रदेश महामंत्री विनोद चावड़ा भी रहेंगे। केन्द्रीय विदेश, संस्कृति, राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद तथा एटा लोकसभा क्षेत्र के समूह प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी संभालेगी।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री मोहन यादव सीतापुर, बहराइच, कैसरगंज तथा गोण्डा लोकसभा क्षेत्र के समूह प्रमुख के रूप में जिम्मेदारी संभालेगें।

# मेयर और निगम पार्षदों ने ली शपथ, मंच नहीं मिलने पर पार्षदों का हंगामा



**फिरोजाबाद, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में शुक्रवार को नवनिर्वाचित नगर निगम मेयर और पार्षदों का शपथग्रहण समारोह तिलक इंटर कॉलेज मे परिसर में बने पंडाल में संपन्न हुआ। वही मंच पर स्थान नहीं मिलने से नवनिर्वाचित पार्षदों के आक्रोश का सामना अधिकारियों को करना पड़ा।

स्थानीय तिलक इंटर कॉलेज में नवनिर्वाचित नगर निगम मेयर कामिनी राठोर और 70 पार्षदों की शपथ के लिए समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रुप से विधायक मनीष असीजा के अलावा भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नगर निगम मेयर कामिनी राठोर को जिला अधिकारी रवि रंजन द्वारा पद की शपथ दिलाई गई।नगर निगम प्रशासन द्वारा मंच पर नवनिर्वाचित पार्षदों के लिए कुर्सियां नहीं रखी गई थी इस पर सभी पार्षदों ने भारी नाराजगी व्यक्त की तब बाद में जाकर मंच पर पार्षदों के लिए कुर्सी की व्यवस्था की गई।

शपथ ग्रहण के वाद नगर निगम मेयर ने कार्यालय पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण किया गया। सभी को उन्होंने नगर के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का भरोसा दिलाया गया। इसके बाद नगर में चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण अधिकारियों और पार्षदों की टीम के साथ किया गया।

नगर आयुक्त घनश्याम मीणा द्वारा मेयर का सम्मान किया गया।

# वर्तमान ट्रिपल इंजन की सरकार से पडरौना में विकास की गंगा बहेगी: सहजानंद राय

एनसीआर समाचार




**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में नगर निकाय चुनाव 2023 में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सभासदगणों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया।

शासन द्वारा जारी शासनादेश के क्रम में यहां नगर के कोतवाली रोड स्थित जूनियर हाईस्कूल के खेल के मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुशीनगर के सांसद विजय दुबे व पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से की गई साथ ही शुभ लग्न मुहूर्त के अनुसार सदर एसडीएम द्वारा नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आये क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा गोरखपुर सहजानन्द राय ने कहा कि भाजपा की नीतियों को जनता ने स्वीकार किया है और वर्तमान ट्रिपल इंजन की सरकार से नगर निकाय पडरौना में विकास की गंगा बहेगी।

कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे के अलावा विशिष्ट अतिथि कुँवर आरपीएन सिंह, सदर विधायक मनीष जायसवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रेमचन्द्र मिश्र, निकाय प्रभारी रमेश सिंह, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन लल्लन मिश्र और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर नपाध्यक्ष ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के क्रम में सभी 25 वार्डों के नवनिर्वाचित सभासदों को सदर एसडीएम द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

सांसद श्री दुबे ने कहा कि केंद्र और राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति प्रभावित हुआ है साथ ही विगत पाँच वर्षों में तत्कालीन नपाध्यक्ष श्री जायसवाल द्वारा कराए गए ऐतिहासिक कार्य को लोगों ने सराहा है उसी के परिणामस्वरूप यह भारी विजय हासिल हो सकी है। जिला निकाय प्रभारी रमेश सिंह ने पडरौना की सभी सम्मानित जनता को इस विजय के लिए बधाई दी साथ ही पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल के संघर्ष के दिनों और जीवटता के बारे में विस्तार से दर्शन कराया।

पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विकास का यह ट्रिपल इंजन पडरौना नगर को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगा साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट आदेश में उन्होंने कहा है कि नगर के विकास में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। हमने नगर में गरीब बेटियों व महिलाओं को निःशुल्क सिलाई केन्द्र खोला। महंत अवैद्यनाथ पुस्तकालय का निर्माण कराया, कोराना समय काल में रोटी बैंक खोला ताकि संकटकालीन समयावधि में भूख से न झुझना पडे.। निर्वाचित चेयरमैन ने अपने पिछले कार्यकाल में रोगियों के लिए एबुंलेंस की स्थापना की।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि मनीष जायसवाल, कुंवर आरपीएन सिंह, प्रदीप जायसवाल, लल्लन मिश्र, प्रेमचंद मिश्र आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के समापन में 51 किलो की फूलों की माला से मुख्यातिथि का अभिनन्दन किया गया।

## एक नजर

### अखिलेश यादव ने चार मेधावी छात्राओं को बांटे लैपटॉप



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर हाईस्कूल और इन्टरमीडिएट में उत्तीर्ण चार मेधावी छात्राओं को लैपटाप देकर उनका उत्साह बढ़ाया। श्री यादव ने यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट 2022 में उत्तीर्ण कानपुर कर्नलगंज की कुमारी अनुष्का सोनकर, विधूना औरैया की कुमारी आकांक्षा, यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में उत्तीर्ण ग्वालियर रोड आगरा की कुमारी सिमरन, हाईस्कूल परीक्षा 2022 में सीबीएससी बोर्ड से पास जालौन की शौर्य भदौरिया को लैपटाप प्रदान किया। अखिलेश यादव ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### उमेश पाल हत्याकांड में सदाकत के खिलाफ पहली चार्जशीट

**प्रयागराज।** बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने शुक्रवार को एससी-एसटी स्पेशल कोर्ट में एक आरोपी सदाकत खान के खिलाफ 1857 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गुलाब चंद्र अग्रहरि ने बताया कि यह चार्जशीट एससी-एसटी स्पेशल जज रत्नेश श्रीवास्तव की कोर्ट में पुलिस ने 1857 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। अधिवक्ता अग्रहरि ने बताया कि उमेश पाल और दो सुरक्षाकर्मियों की 24 फरवरी 2023 को हुई हत्या की विवेचना में अभियुक्त सदाकत खान पर मुकदमें में एससी/एसटी एक्ट की धाराएं बढ़ाई गयी हैं। उमेश पाल की पत्नी वादिनी जया पाल द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में थाना धूमनगंज के अभियुक्त सदाकत खान की न्यायिक अभिरक्षा अवधि (90 दिवस) 27 मई को पूरी हो रही है। अभियुक्त सदाकत खान के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में दोपहर को दाखिल किया गया है। सदाकत खान की 27 फरवरी को मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल गिरफ्तारी हुई थी। गौरतलब है कि इससे पूर्व - 114/2023 धारा-147/148/149/302/307/506/34/120बी भादसं व 3 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम व 7 सीएलए एक्ट थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज में दिनांक 23 मई 2023 को धारा 3(2)वी एससी / एसटी एक्ट की बढ़ोतरी की गयी थी। इस केस की विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज की अध्यक्षता में की गई। जेल में बंद नौ अभियुक्तों में से एक अभियुक्त सदाकत खान पुत्र समशाद के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की गयी है। अन्य आठ अभियुक्तों के खिलाफ विवेचना जारी है। उनके खिलाफ विवेचना पूरी होने पर चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

### लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन रोके गये

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में कई विभागों में हुए औचक निरीक्षण के दौरान 5 सहायक अभियंता और 4 अवर अभियंता समेत कई कर्मचारियों के ड्यूटी के दौरान नदारद रहने पर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने उनके वेतन रोकने का आदेश दिये हैं। प्रशासनिक सूत्रों से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर अभिषेक वर्मा ने आज प्रातः करीब पौने ग्यारह बजे शहर के जल निगम , रायबरेली विकास प्राधिकरण एवं शारदा सहायक खण्ड-6 कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर द्वारा कर्मचारियों की उपस्थिति तथा अनुपस्थिति की जांच की गई। जल निगम शहरी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सहायक अभियन्ता संतोष कुमार दिवाकर, नियमित कर्मचारी फील्ड रंजना मिश्रा, वरिष्ठ सहायक शिप्रा अग्रवाल अनुपस्थित पाये गये। इसी तरह रायबरेली विकास प्राधिकरण कार्यालय के निरीक्षण के समय सहायक अभियन्ता संजीव कुमार, धमेन्द्र कुमार सिंह एवं कायम अली रिजवी सहित अवर अभियंता महेन्द्र शर्मा, अशोक कुमार मिश्र, आनन्द कुमार अस्थाना तथा धनेश कुमार नदारत मिले। इसी प्रकार शारदा सहायक खण्ड-6 कार्यालय के निरीक्षण के समय सहायक अभियन्ता विनोद कुमार व ड्राफ्टमैन अनुपस्थित मिले। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोकने का आदेश दिया है।

### सामान रखने को लेकर विवाद में फायरिंग, दो घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना रजावली क्षेत्र में शुक्रवार को सामान लगाते समय दो दुकानदारों में विवाद हो गया। तभी एक पक्ष ने लाइसेंसी रिवाल्वर से ताबड़तोड़ फायर कर दिए। गोली लगने से दुकानदार का भाई तथा एक अन्य दुकानदार घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।वारदात को अंजाम दे हमलावर भाग गए। दोनों पक्ष में पुरानी रंजिश भी बतायी जा रही है। नगला बीच निवासी राम किशोर गुप्ता पुत्र सुरेश चंद्र किराने की दुकान करता है। वह दुकान की सफाई कर रहा था। उसी दौरान पड़ोसी दुकानदार अतुल से उसका विवाद हो गया। गाली गलौज के बाद उसी दौरान वहां रामकिशोर का भाई फूल किशोर आ गया। वहां अतुल के परिजन भी आ गए। उसी दौरान अतुल ने लाइसेंसी रिवाल्वर से ताबड़तोड़ फायर कर दिये। गोली लगने से फूल किशोर तथा पड़ोसी दुकानदार जुल्फिकार अहमद पुत्र अब्दुल सिराज घायल हो गए। फुल किशोर को दो तथा जुल्फिकार के एक गोली लगी।वारदात को अंजाम दे अतुल व उसके परिजन भाग गए। गोली की आवाज से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घायलों के परिजन भी वहां आ गए। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां दोनों को भर्ती कर लिया गया है।

### युवक की हत्या के दोषी दो व्यक्तियों को आजीवन कारावास

**भदोही (उप्र), एजेंसी।** भदोही जिले की एक अदालत ने एक युवक की हत्या के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विकास नारायण सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश शैलोज चंद्रा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी सलीम (40) और उसके दोस्त आशिक (45) को वर्ष 2015 में इकराम (35) की बेरहमी से हत्या का दोषी करार देते हुए दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 33-33 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। उन्होंने बताया कि जुमार्ने की पूरी धनराशि मृतक की पत्नी को बतौर क्षतिपूर्ति देने का अदालत ने आदेश दिया। जिले के औराई थानाक्षेत्र के माधोसिंह बाजार में दो जनवरी, 2015 को इकराम (35) की हत्याय कर दी गयी थी। घटना के संदर्भ में सिंह ने बताया कि सलीम की नजर इकराम की पत्नी पर थी लेकिन उसकी पत्नी इसका विरोध करती थी।

# बाराबंकी नगर पालिका परिषद नवाबगंज की अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने शपत

एनसीआर समाचार

बाराबंकी, अनुमंडल पदाधिकारी राम सन्हिघाट ने शुक्रवार सुबह 10 बजे नगर पंचायत टिकैतनगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत टिकैतनगर के प्रांगण में उपजिलाधिकारी राम आसरे वर्मा, नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष टिकैतनगर जगदीश प्रसाद ने नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष व पार्षदों का विधिवत मुखाग्नि दी। गुप्ता और वार्ड के 10 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण सुबह 10 बजे समाप्त हुआ। बस स्टॉप व अन्य स्थानों पर पानी की व्यवस्था सहित अन्य सभी कार्य करने का काम करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि उर्वरक राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा व अयोध्या सांसद लल्लू सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश विवेक पाण्डेय पुरेदलाई प्रखंड प्रमुख रत्नेश सिंह मिंटू पार्षद लीला गुप्ता पत्नी अंकुर यज्ञ सैनी राजेश शर्मा उर्फ फक्कड़ क्रांति कश्यप जुबेर अहमद मौजूद रहे। पार्षद सहित शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।





26 मई को होने वाले चुनाव में मैंने जो भी वादा किया है, उसे पूरा करूंगा, नवाबगंज की जनता ने मुझ पर जो भरोसा और विश्वास जताया है, उसकी पूरी कीमत चुकाने का काम करूंगा। नवाबगंज नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवाबगंज के एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, नवाबगंज के एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, नवाबगंज के गणमान्य व्यक्ति, नवाबगंज की अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों का आभार व्यक्त किया। शपथ ग्रहण समारोह के खचाखच भरे पंडाल में आम जनता को सम्बोधित करते हुए शीला सिंह ने आगे कहा कि मेरी जिम्मेदारी है कि आप सभी की जो अपेक्षाएं मुझसे हैं, उन सभी को पूरा करूं, मैं शहर को इतना सुंदर और अच्छा शहर बनाऊंगी।

मेरी कोशिश रहेगी कि आपको जो भी सुख मिले, सबका काम जल्द से जल्द हो, ऐसी व्यवस्था नगर परिषद में लागू हो, छोटी हो या बड़ी, सबकी बराबर सुनवाई हो और नगर के सभी निवासी, नगर परिषद किसी भी समस्या को हल करने के लिए हमेशा तैयार है। तैयार रहेंगे एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी ने सर्वप्रथम सभी निर्वाचित पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, शपथ ग्रहण समारोह से पूर्व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट किया. भेंट कर स्वागत किया, उसके बाद सभी सदस्यों को बुके भेंट कर सम्मानित किया। उसके बाद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव, पूर्व मंत्री संग्राम सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह वर्मा, जिला पंचायत सदस्य शपथ ग्रहण समारोह में धर्मेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधायक सरवर अली खान, श्रेया वर्मा, सुधा वर्मा, पूर्व बार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, हफीज भारती का भी स्वागत कार्यपालक पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं नगर पालिका अध्यक्ष के शुभचिंतकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्रीमती शीला सिंह को नये पद के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, पूर्व पार्षद दीपक गुप्ता, नीलू प्रधान, हुमायूं नईम खान, दादा जगत बहादुर सिंह, ताज बाबा, सिराज उस्मानी आदि प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए. , मुख्य रूप से नवाबगंज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## लेह की भारी बर्फबारी में फंसे कई लोग, सैकड़ों यात्रियों को किया गया रेस्क्यू



एनसीआर समाचार

लेह लद्दाख में भारी बर्फबारी के कारण कई लोग फंस गए है। सैकड़ों यात्रियों को रेस्क्यू करके वहां से बाहर निकाला गया। पुलिस द्वारा शुक्रवार की शाम को यह जानकारी दी गई कि, ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लेह लद्दाख में कई यात्री फंस गए हैं, जिनका जिनका रेस्क्यू किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि, रेस्क्यू किए गए लोगों को पुलिस वाहनों और स्थानीय टैक्सी के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। निजी वाहनों को भी स्थानीय चालकों की सहायता से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है।

पुलिस के मुताबिक लद्दाख पुलिस की यूटीडी और बचाव टीम के अलावा सेना ने भी रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मदद की। पुलिस ने बताया कि, अच्छी बात यह है कि, कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई है। सभी यात्री सुरक्षित हैं, उनको बाहर निकाल लिया गया है, पिछले 2 दिनों से लगातार रुक-रुक कर हो रही बर्फबारी के कारण सैकड़ों लोग चांगला एक्सिस में फंस गए थे, सैकड़ों पर बर्फ जम गई थी, यात्री मदद की गुहार लगा रहे थे।

## सघन प्लस पोलियो अभियान का धानी में रैली निकाली गई

एनसीआर समाचार

महराजगंज, धानी ब्लाक में सघन पल्स पोलियो के रैली लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धानी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा चंदप्रकाश चौधरी के अगुआई में सभी पोलियों के सुपरवाइर एवं सेक्टर सुपरवाइजर एवं भट्ठा सुपरवाइजर एवं सभी टीम मेम्बर पोलियों रैली में शामिल रहे । दिनांक 27/5/2023 शनिवार के दिन रैली निकाली गई जिसे आम जनता में प्रचार प्रसार संदेश देने के सघन प्लस पोलियो अभियान का धानी में रैली निकाली गई।



धानी ब्लाक में सघन पल्स पोलियो के रैली लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धानी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा चंदप्रकाश चौधरी के अगुआई में सभी पोलियों के सुपरवाइर एवं सेक्टर सुपरवाइजर एवं भट्ठा सुपरवाइजर एवं सभी टीम मेम्बर पोलियों रैली में शामिल रहे । दिनांक 27/5/2023 शनिवार के दिन रैली निकाली गई जिसे आम जनता में प्रचार प्रसार संदेश देने के माध्यम से जन जगरूपता किया गया और दिनाक 28/5/2023के रविवार के दिन बूथ पर 0 से 5 साल तक के बच्चोको प्लस पोलियोअधिक बच्चों संख्या में पोलियो दवा को बच्चो पिलाए जाएं।

जिससे शासन को अच्छा सन्देश पहुंचे । माध्यम से सोमवार को पोलियो अभियान सफल बनाए जाए राउंड 2023 के लिए जिसमें सामुदायिक स्वथ्य्य केन्द्र के कर्मचारियों में डा चंद्रप्रकाश चौधरी, राकेश मणि त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, ऋषि केश मौर्या, रंजना त्रिपाठी, जगदीश, वीरेन्द्र सिंह यादव, राहुल भारती, संजय मिश्रा, रविन्द्र यादव, आदि लोग मौजूद रहे। हैजन जगरूपता के माध्यम से सोमवार को पोलियो अभियान सफल बनाए जाए राउंड 2023 के लिए जिसमें सामुदायिक स्वथ्य्य केन्द्र के कर्मचारियों में डा चंद्रप्रकाश चौधरी, राकेश मणि त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, ऋषि केश मौर्या, रंजना त्रिपाठी, जगदीश, वीरेन्द्र सिंह यादव, राहुल भारती, संजय मिश्रा, रविन्द्र यादव, आदि लोग मौजूद रहे है।

## महासम्मेलन की तैयारी को लेकर जिला अध्यक्ष ने किया जिला स्तरीय भ्रमण

एनसीआर समाचार

जिला स्तरीय साहू समाज संगठन का एक दिवसीय जिला भर्मण जिलाध्यक्ष नरेश साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें बारां, किशनगंज, नाहरगढ़ केलवाड़ा, सीताबाड़ी आदि स्थानों पर साहू समाज के मुख्य सदस्यों राधेश्याम साहू, जिला उपाध्यक्ष रमेश साहू, जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल साहू, केवल चंद राठौर(केलवाड़ा अध्यक्ष) मुकेश साहू किशनगंज, अशोक राठौर (उपाध्यक्ष केलवाड़ा सीताबाड़ी), राजेन्द्र राठौर कोषाध्यक्ष, रचित लौरी (पटवारी) कन्हैया लाल, रतनलाल, दिनेश, राधेश्याम,



हंसराज, मुकेश नाहरगढ़, केसरीलाल, एवम मुख्य जिला कार्यकारिणी सदस्यों से चर्चा की गई तथा भविष्य की रुपरेखा तैयार की गई '

इस बैठक में जयपुर में होने वाले साहू तेली समाज के महासम्मेलन की रूपरेखा और तैयारी को लेकर चर्चा की गई, साथ ही समाज के सभी लोगों को एक साथ आने और 10 वीं 12वीं स्नातक स्तर पर सभी मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के विषय में चर्चा की गई।

कार्यक्रम में जिला समीक्षा बैठक के दस सदस्य दल में युवा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप साहू, भाजपा उपाध्यक्ष परमानन्द साहू, जिला संगठन मंत्री मोहनलाल साहू पचपाड़ा, जिला प्रवक्ता रामनरेश साहू हलगना, जिला सचिव जगमोहन साहू, जिला आईटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुलदीप साहू मोहनलाल साहू जेपला, रामस्वरूप साहू छजावा पवन साहू फलिया, के सानिध्य में बारां जिला का भर्मण कार्यकर्म पूरा हुआ '

यह दस सदस्य दल, समीक्षा बैठक के बाद बारां में हो रहे विश्व का सबसे बड़ा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मलेन जिसमें 2222 (दो हजार दो सो बाईस) नव वर-वधु ने एक साथ सात फेरे लेकर वन भर साथ रहने की कसमें खाई ऐसे ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनकर दूल्हा दुल्हन को आशीर्वाद भी दिया।

## हरदोई जनपद की नगर पालिका पिहानी में चला प्रशासन का बुल्डोजर



एनसीआर समाचार

पिहानी नगर में सार्वजनिक स्थल / पी डब्ल्यू डी की भूमि पर नाजायज रुप से पार्क बनाकर कब्जा करने की शिकायत पर पुलिस और पालिका प्रशासन के आलाकमान अधिकारियों ने पहुँचकर अवैध निर्माण कार्य रोक कर बुलडोजर चलाया गया।

पिहानी नगर में हरदोई मार्ग पर स्थित मोहल्ला मुरीदखानी अम्बेडकर नगर में भाजपा के नवनिर्वाचित सभासद अशोक कुमार ने पालिका व प्रशासन से अनुमति लिए बगैर सार्वजनिक भूमि पर पहले तो तखत डालकर बैठक बनाई फिर फुलवारी लगाकर पार्क बनाई उसके बाद उस भूमि पर कब्जा करने की नियत से कल दिन में स्लेप डलवाई।

## एक नजर

### छात्रों ने पसियाना समाना रोड जाम करने की घोषणा की



एनसीआर समाचार

पंजाब छात्र संघ के जिला नेता संजय सिंह पेंड ने प्रेस में बयान दिया है और कहा है कि नए बस स्टैंड के निर्माण के कारण ज्यादातर छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सभी कॉलेज राजिंदरा अस्पताल में जाते हैं। अंतिम परीक्षा होती है छात्रों का आना-जाना लगा रहता है और उनका परीक्षा में पहुंचना मुश्किल हो रहा है।

कई छात्रों के समय पर न पहुंचने के कारण पेपर वहीं छूट गया जहां छात्र ऑटो के 30 रुपये चुकाते थे, अब वही खर्चा हो गया है. 3 से 4 गुना बढ़ गई। प्रशासन ने 2 बसों की व्यवस्था जरूर की है। बस स्टैंड तक लेकिन वह इतने छात्रों और आम लोगों को नहीं ला पा रहे हैं। छात्र नेता सतिंदर सिंह पंड ने कहा है कि सभी बसों की मांग को लेकर शहर पहले की तरह एक जून को पिसियाना पुल निके जम उतरेगा।

### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का हुआ आगाज

एनसीआर समाचार



खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगाज 25 मई से शुरू हो चुका है। जो कि 3 मई तक विभिन्न खेलो में प्रतियोगिताए आयोजित की जायँगी। खेलो का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किया गया। इस मल्टी-स्पोर्ट इवेंट का उत्तर प्रदेश के चार शहर वाराणसी, लखनऊ, नोएडा और गोरखपुर में आयोजित होंगी। अजमेर के मोहसिन खान जो कि फिट इंडिया मिशन के एम्बेसडर है।

उन्हें इस खेल आयोजन के लिए खेलो इंडिया व खेल मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से निमंत्रण भेजा गया हैं मोहसिन खान को इन खेलों के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है खान लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता का जायजा भी लेंगे और फिट इंडिया इन्फ्लुएंसर के तहत अपनी भूमिका दर्ज करवायंगे। यह अजमेर के लिए सौभाग्य की बात है की मोहसिन खान पिछले दो वर्षों से भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया प्रतियोगिताएं व फिट इंडिया मिशन इवेंटस का मुख्य हिस्सा बनते आ रहे हैं।

### हिमाचल प्रदेश: चिकित्सा संघ के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से की भेंट



एनसीआर समाचार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल से आज यहां विभिन्न चिकित्सा संघ के प्रतिनिधियों ने हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोशिएसन के अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा के नेतृत्व में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को अपनी विभिन्न मांगों के अतिरिक्त नॉन प्रेक्टिस अलाउंस (ठढअ) संबंधी मामले से भी अवगत करवाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि, प्रदेश सरकार चिकित्सकों की हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री के साथ नॉन प्रेक्टिस अलाउंस (NPA) के मामले पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

उन्होंने चिकित्सकों के हितों की रक्षा का आश्वासन दिया। मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसलिए उन्होंने डॉक्टरों से सुचारू रूप से कार्य करने के लिए कहा। बैठक में सचिव स्वास्थ्य एम. सुधा देवी तथा एसोशिएसन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### भावपुरा मे महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांव के संग अभियान का अवलोकन किया

एनसीआर समाचार

छिपाबड़ोद क्षेत्र के ग्राम पंचायत भावपूरा में राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। महंगाई राहत के शिविर में ब्रजराज मीणा जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बारां ने भाग लिया व राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे 10 योजनाओं के बारे में बताया व लोक कल्याणकारी योजनाओं राजस्थान की जनता को लाभ मिलेगा।

लोगों में भारी उत्साह है कांग्रेस सरकार हमेशा गरीब किसान छोटे व्यापारी व महिलाओं के लिए काम करती है। बृजराज मीणा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बारां, र्शे धनराज मीणा,तहसीलदार शंभू दयाल मित्तल,वन अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा,नायब तहसीलदार योगेंद्, पंचायत समिति सदस्य सुरेश चंद रेगर, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण लववंशी, राम नारायण, ओमप्रकाश, बबलू, सुरेश कुमार, सोनू, बनवारी, गणेश, चंद्रमोहन, कमलेश, ललित आदि। सभी विभागों के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन हरियाणा के जिलाध्यक्ष हमने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

एनसीआर समाचार

जिला पलवल सचिवालय में उपायुक्त की अनुपस्थिति में तहसीलदार साहब को ज्ञापन सौंपा गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान जवाहर सिंह रावत ने की। जिसमें हमने 8/10 मांगो सामने राखी, जिसकी बात हम लंबे समय से कर रहे हैं मांग पत्र दिया गया है। इसलिए हमारी मजबूरी है, हम कोई और रास्ता अपनाएंगे, कृपया हमारी मांगों को पूरा करें। सरकार उनकी अनदेखी कर रही है और जिला प्रधान जवाहर सिंह रावत की अध्यक्षता में सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई है और मांग पत्र लिखा गया है।

हमारी मांगें इस प्रकार हैं

(1) कैशलेस सुविधा प्रदान की जाए।



(2) 65/70/75 की आयु प्राप्त करने पर 5/10/15 की प्रतिशत वृद्धि की जाए।

(3) संचार राशि की वसूली की बजाय 12 वर्षों में की जाए 15 वर्ष।

(4) चिकित्सा भत्ता 1000 से बढ़ाकर 3000 किया जाए।

(5) 60 वर्ष की आयु के बाद रेल बस के किराए में छूट दी जाए।

(6) पेंशनधारियों के आश्रितों को एलटीसी सुविधा भी दी जाए।

(7) पुरानी पेंशन बहाल की जाए बेरोजगारी समाप्त की जाए।

(8) हरियाणा रोडवेज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पहचान पत्र से नौ शुल्क हटाया जाए।

(9) परिवहन विभाग में जिला स्तर पर भर्ती की जाए।

(10) गांव में स्थानीय सेवा को प्राथमिकता दी जाए।

(11) ओवर ब्रिज से बसों को रोका जाए।

जिलाध्यक्ष जवाहर सिंह रावत ने कहा है कि मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध करूंगा कि उपरोक्त लिखित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर तत्काल प्रभाव से विचार कर अध्यादेश लागू करें। मैं मुख्यमंत्री को धन्यवाद दूंगा। इस अवसर पर (जिला पलवल सचिवालय) लगभग 45/50 लोग विभिन्न विभागों के हमारे संघर्षशील कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्य जिला चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी ने किया पोरसा अस्पताल का औचक निरीक्षण

एनसीआर समाचार

पोरसा, मुख्य जिला चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश शर्मा डीआईओ डॉक्टर अजय गोयल, डॉक्टर महेंद्र यादव के द्वारा आज शासकीय अस्पताल पोरसा का निरीक्षण किया गया तथा बैठक ली गई। अस्पताल के गेट के बाहर बगल में स्थित क्लीनिक अस्पताल के सामने क्लीनिक का भी निरीक्षण किया जिस पर बैध कागज नहीं पाए गए।

मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के द्वारा आज शासकीय अस्पताल पोरसा का औचक निरीक्षण किया गया सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई तथा समीक्षा बैठक भी ली गई समीक्षा बैठक में सीएमओ डॉक्टर जबर सिंह राठौर, पोरसा



अस्पताल इंचार्ज डॉ शैलेंद्र सिंह तोमर, डॉ अविनाश पाराशर, डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा तथा क्षेत्र में कार्यरत सभी सी एच ओ एवं एएनएम व आशा सहयोगी यों की बैठक ली।

जिसमें राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं दिशा निर्देश दिए गए गर्भवती महिलाओं एवं नवजात बच्चों के बारे में दिशा-निर्देश दिए गए तथा मलेरिया और डेंगू ना हो इसके लिए भी दिशा निर्देश दिए गए और सतर्क रहने के लिए कहा गया तथा आयुष्मान कार्ड, सेक्सीनेस व मलेरिया एवं टीवी समीक्षा की गई।

# प्रदेश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाना राज्य सरकार का ध्येय- मुकेश अग्निहोत्री

एनसीआर समाचार

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज यहां प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र समूह अमर उजाला द्वारा आयोजित हिमाचल आइकॉन्स-2023 कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई सभी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण कर रही है। इन गारंटियों को लागू करना हमारा राजधर्म है।



उन्होंने कहा कि, प्रदेश सरकार ने राज्य के 1.36 लाख से अधिक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना प्रदान कर उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने प्रदेश के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यशवन्त सिंह परमार व वीरभद्र सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रदेश ने सेब, पर्यटन व ऊर्जा राज्य के रूप में अपनी अलग पहचान कायम की है।

वर्तमान प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार द्वारा ई-वाहनों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन में ई-वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए उपदान का प्रावधान किया गया है। सरकार प्रदेश के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है। इसके दृष्टिगत जल उपकर का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि जल, राज्य का विषय है, इसलिए जल उपकर लगाना प्रदेश सरकार का अधिकार है। इसके लिए हर स्तर पर कानूनी पैरवी की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई योजनाओं का सुदृढ़ीकरण व नई सिंचाई योजनाएं कार्यान्वित करना सरकार की प्रमुखता है।

उन्होंने सहकारिता तथा प्रदेश के मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं को प्रदान की जा रही सुविधाओं के उन्नयन व आधुनिकीकरण की भी विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने उन वाहन मालिकों के लिए वाहन पंजीकरण करवाने का अवसर प्रदान किया है, जिन्होंने अभी तक अपने वाहन पंजीकृत नहीं करवाए हैं। इस पहल के तहत वे अपने दोपहिया, ट्रैक्टर, पोकलेन, जेसीबी व अन्य चार पहिया वाहनों का बिना किसी जुमार्ने के पंजीकरण करवा सकते हैं। वाहन पंजीकरण के अलावा सरकार ने बकाएदारों के लिए पैसेंजर एण्ड गुडस टैक्स (पीजीटी) पर जुमार्ना माफ करने का निर्णय लिया है। पीजीटी डिफाल्टर 30 जून, 2023 तक इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि विगत 75 वर्षों में अमर उजाला समूह का शानदार सफर रहा है। समूह द्वारा अपने सामाजिक सरोकारों का निर्वहन वखूबी सुनिश्चित किया जा रहा है।

उप-मुख्यमंत्री ने अमर उजाला समूह द्वारा हिमाचल आइकॉन्स-2023 पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

उन्होंने उद्यम, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों और संस्थानों को सम्मानित किया।

इससे पूर्व, अमर उजाला के स्थानीय सम्पादक राकेश भट्ट ने उप-मुख्यमंत्री का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अमर उजाला अपने नैतिक मूल्यों के निर्वहन के लिए निरंतर प्रयासरत है। सामाजिक उत्थान तथा नशा निवारण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अमर उजाला समूह के महाप्रबन्धक अमित मिश्रा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अमर उजाला समूह के उपाध्यक्ष (विपणन) मोहित शर्मा, यूनिट प्रमुख धीरज रोमन, वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## राज्य तकनीकि सहायक संघ अध्यक्ष संजू देवी के साथ हिमाचल प्रदेश पूर्व मंडल अध्यक्ष



एनसीआर समाचार

कसुंपटी अतर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास एवम पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह राणा से अपनी मांगों को लेकर मिले। मंत्री ने हमारी मांगों को विस्तारपूर्वक सुना और हमें आश्वस्त किया के जिला परिषद अधिकारियों और कर्मचारियों को विभाग में मर्ज करने का कार्य भी विचाराधीन है और आपकी जायज मांगों को जल्दी पूरा किया जाएगा। शाम करीब 7:00 बजे हम निदेशक पंचायती राज और संयुक्त निदेशक से भी मिले। उन्होंने भी हमारी मांगों को जायज ठहराया और जल्दी हमें जिला परिषद के अन्य कर्मचारियों की तरह सभी लाभ दिलवाने का भरपूर आश्वासन दिलाया।

## प्रधानमंत्री से नौ साल में भ्रष्टाचार मुक्त अभियान की नौ उम्मीदें

एनसीआर समाचार

प्रधानमंत्री से नौ साल में भ्रष्टाचार मुक्त अभियान की नौ उम्मीदें।



1- एक देश, एक चुनाव, एक चुनाव आयोग और एक मतदाता सूची की नीति बने। राज्य चुनाव आयोगों को समाप्त कर दिया जाना चाहिए और स्थानीय निकायों और पंचायतों के चुनाव भारत के चुनाव आयोग द्वारा ही कराए जाने चाहिए।

2- लोकपाल को सक्रिय कर देश के सभी राज्यों में लोकपाल अधिनियम की धारा 63 के तहत अनिवार्य रूप से लोकायुक्त की नियुक्ति की जाए।

3- सिटीजन चार्टर/जनहित गारंटी अधिनियम को प्रभावी बनाकर नियमित निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए ताकि नागरिकों को निर्धारित अवधि में शासकीय सेवाएं प्राप्त हो सकें।

4- सूचना का अधिकार मर रहा है। जानकारी हासिल करने के लिए हमें तीन से पांच साल तक संघर्ष करना पड़ता है। अतः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 में संशोधन कर सूचना तत्काल देने, प्रथम अपील का निर्णय पन्द्रह दिन में तथा द्वितीय अपील का एक माह में निर्णय करने की व्यवस्था की जाये। धारा 4 के तहत सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल अचल संपत्ति सार्वजनिक की जाए और केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर सर्वोच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश और उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर न्यायालय।

5- न्यायपालिका को कुछ परिवारों के कब्जे से मुक्त करने के लिए भारतीय न्यायिक सेवा (IJS) का गठन किया जाए साथ ही नागरिकों के हित में देश में चार उपयुक्त स्थानों पर सर्वोच्च न्यायालय की पीठों की स्थापना की जाए और राज्यों में संभागीय स्तर पर उच्च न्यायालय की स्थापना की जानी चाहिए। हैं।

6- सामाजिक कार्यकताओं एवं सूचनाकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्हिसिल ब्लोअर प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाए।

7- योग्यता के अनुसार निःशुल्क शिक्षा/चिकित्सा एवं रोजगार की गारंटी का कानून बनाया जाए।

8- जनप्रतिनिधियों, उनके परिवार व संबंधियों की चल अचल संपत्ति में गैर-गुणात्मक वृद्धि पर निगरानी रखने की व्यवस्था विकसित की जाए।

9- चुनाव लड़ने से पूर्व अर्हक परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित करने हेतु जनप्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन किया जाये।

## भाविप बस्सी पठाना द्वारा मनाया गया विश्व वातावरण दिवस



एनसीआर समाचार

भारत विकास परिषद् शाखा बस्सी पठना द्वारा अध्यक्ष मनोज कुमार भंडारी की अध्यक्षता में एवं सह-महिला प्रमुख रितू मल्लहोत्रा, संस्कार प्रमुख बलजिंदर कौर एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन शशी बाला की देखरेख में विश्व वातावरण दिवस के उपलक्ष्य में सरकारी सीनीयर सैकंडरी स्कूल लड़कीयां में कार्यक्रम करवाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर कौंसिलर जसबीर बांसल ने अपने पति पवन बांसल सहित शिरकत की।जिसमें विधार्थियो द्वारा वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु स्पीच दी गई, चार्ट बनाकर संदेश दिया वहीँ पर विधार्थियो द्वारा सकिट भी पेश की गई।

विधार्थियो की तरफ से सामाज को जागरूक करते हुए कहा कि हमें प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना चाहिए, हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने चाहिए, हमें कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, हमें पानी को व्यर्थ नही करना चाहिए। इस दौरान परिषद् द्वारा विधार्थियो को सम्मानित भी किया गया। परिषद् की तरफ से हमारे मुख्यातिथि जसबीर बांसल जी की सपुत्री निधि बांसल को स्टीकर कलैक्शन में गिनिज बुक विश्व रिकॉर्ड सहित 14 रिकॉर्ड अपने नाम करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एवं निधि बांसल ने परिषद् द्वारा किये जा रहे समाज सेवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विश्व वातावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम करवाना परिषद् का प्रशंसनीय कदम है। उन्होंने कहा कि आज के समय में स्वच्छ वातावरण में रहना इंसान की सबसे बड़ी जरूरत है और हम सभी को मिलकर वातावरण को स्वच्छ रखना चाहिए। उनके द्वारा अपनी नेक कमाई में से परिषद् को आर्थिक मदद भी दी गई। स्कूल प्रिंसिपल सुनीता रानी द्वारा परिषद् सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

अध्यक्ष मनोज कुमार भंडारी, प्रोजेक्ट चेयरमैन शशी बाला एवं राज्य संगठन मंत्री रमेश मल्लहोत्रा की तरफ से मुख्यातिथि, स्कूल प्रिंसिपल, समूह टीचिंग एवं नोन टीचिंग स्टाफ, समूह विधार्थियो एवं परिषद् परिवार के समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य एवं वातावरण का बहुत गहरा ताल्लुक है। वातावरण को स्वच्छ रखने में हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए अगर हम वर्तमान में वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तो भविष्य में हमें कम दिक्कत होगी। इस दौरान महिला संपर्क प्रमुख निधि भंडारी, सेवा प्रमुख कुलदीप कौर, वीना कश्यप, मिनाक्षी सोनी, मिडिया प्रमुख रमा गुप्ता, रमेश कुमारी, कला नंदा, सचिव भारत भूषण सचदेवा, कोषाध्यक्ष संजीव सोनी, सीनीयर उपाध्यक्ष नीरज मल्लहोत्रा,मीडिया प्रमुख रकेश कुमार,अजय मल्लहोत्रा,बबलजीत पनेसर, प्रीतम रबड़, रविन्द्र रिंकू, बलदेव कृष्ण आदि सदस्य मौजूद रहे।

## हिमाचल प्रदेश: जाखू के बाबा बालक नाथ मंदिर में कल होगा वार्षिक भंडारा



एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेशः शिमला के जाखू स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में 28 मई को 51वें वार्षिकोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के संस्थापक हरजी लाल पुरी, कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र कुमार शर्मा, किशोरी लाल शर्मा, राकेश पुरी, विनोद अग्रवाल, प्रीतम चंद शर्मा, कृष्ण शर्मा, सुमन दत्ता व हरदेश सेठी ने यहां जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। इस अवसर पर एसजेवीएनएल के सीएमडी नंदलाल मुख्य अतिथि होंगे। एसजेवीएनएल की निदेशक कार्मिक गीता कपूर व महाप्रबंधक अवधेश प्रसाद भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। वार्षिक भंडारे में राम बाजार के जे.बी.डी. युवा मंडल की ओर से आइसक्रीम, फुटक्रीम, टिक्की, मोमोज, शरबत, चाऊमीन, लस्सी, बेलपुरी, चिप्स, कुरकुरे, कोल्डड्रिंक व गोलगप्पे की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर में सुबह 9 बजे ध्वजा रोहण होगा। इसके बाद सुबह 9.30 बजे यज्ञ की आहुति होगी, जिसके बाद सुबह 10 बजे से भंडारा आरंभ होगा।

# कार्य क्षेत्र की जानकारी व कार्य निपुणता हेतु अग्रसर व्यक्ति सरलता से व्यक्तित्व को प्राप्त कर सकता है- आर सी श्रीवास्तव

एनसीआर समाचार

आगे की लेखनी जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक जी के कलम से संस्था के समर्पित साथियों हेतु मोटिवेशनल प्रेम इस प्रकार प्रस्तुत है! जैसा कि आप सब जानते है। जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया मात्र एक संस्था नहीं बल्कि "विचार" भी होना चाहिए। साधारणतया देखा जाता है कि, छोटी से छोटी घटना घटित होने पर पत्रकार बंधु बहुत ज्यादा उत्तेजित हो जाते हैं, अनियंत्रित हो जाते हैं, और घबराहट महसूस करने लगते हैं। कभी आपने सोचा है ऐसा क्यों?

उत्तर प्रदेशः गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों की संस्था जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया जो कि पत्रकार हितार्थ एक संकल्पित संस्था है। वहीं इस संस्था का उच्च कोटि शीर्ष नेतृत्व की अविश्वसनीय क्षमता व संस्था का कार्य निष्पक्षता जो कि इस संस्था का प्रथम चरण है इसलिए संस्था का पूरे भारतवर्ष में एक अलग उत्कृष्ट छवि प्रदर्शित करती है।

वहीं संस्था जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग सक्सेना गुरु जी के साथ ही संस्था के राष्ट्रीय संयोजक आर सी श्रीवास्तव सर कि भी लेखनी प्रतिभा से मैं काफी प्रभावित हूं और बहुत कुछ सीखने को मिला वहीं मेरा सौभाग्य है कि इस संस्था का एक छोटा सा सिपाही हूं श्रीवास्तव की संस्था से जुड़े पत्रकार साथियों के लिए समय-समय पर विभिन्न विषयों पर लेखनी के माध्यम से विचारों को प्रस्तुत किया जाता रहा है चाहे कोई नई जानकारी हो या फिर निर्देश हो या सुझाव हो या तो पत्रकार साथियों के ज्ञान के विषय में हो या सामाजिक अथवा राजनैतिक या अन्य अनेकों विषय पर ज्ञानवर्धन वा वास्तविकता पूर्ण एवं तथ्य परख लेखनी का कायल हो कर मैं तो घायल हो गया अब आप की बारी है।

आगे की लेखनी जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक जी के कलम से संस्था के समर्पित साथियों हेतु मोटिवेशनल प्रेम इस प्रकार प्रस्तुत है! जैसा कि आप सब जानते है। जर्नलिस्ट काउंसिल आफ इंडिया मात्र एक संस्था नहीं बल्कि "विचार" भी होना चाहिए। साधारणतया देखा जाता है कि, छोटी से छोटी घटना घटित होने पर पत्रकार बंधु बहुत ज्यादा उत्तेजित हो जाते हैं, अनियंत्रित हो जाते हैं, और घबराहट महसूस करने लगते हैं। कभी आपने सोचा है ऐसा क्यों?

मित्रों जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने ऐसे संगठन की रूपरेखा खींची है जिसमें हर सिपाही अपने आप में सब गुण संपन्न और सामर्थ्य वान होगा और जब ऐसा हो जाएगा तब किसी को किसी की सहायता के लिए फोन नंबर नहीं ढूंढना पड़ेगा बल्कि हमारा हर सिपाही अपने अन्य स्थानीय साथियों के साथ स्वयं ही मौके पर पहुंचकर समस्या का उचित समाधान कर लेगा। परंतु इसके लिए आवश्यकता है अपने अंदर के हनुमान को जगाने की और जिस दिन ऐसा हो जाएगा हमारे लिए कोई समस्या समस्या नहीं रह जाएगी और हमारा हर साथी अपने आप में "संगठन" हो जाएगा।

दोस्तों आपने देखा होगा की जब कोई अराजक तत्व या गुंडा किसी व्यक्ति के ऊपर आक्रमण करता है तो शेष सभी लोग डर के मारे भाग जाते हैं या फिर छुप कर तमाशा देखने लगते हैं और यही कारण है कि, वह गुंडा मनमानी कर के चला जाता है। इसके उलट हमारे फौजियों को एक विशेष ट्रेनिंग दी जाती है जिसके तहत हमारा एक फौजी चार छः अराजक तत्वों के बराबर अकेला होता है और उन्हें निपटा देता है। दोस्तों होता तो अभी हम जैसे ही इंसान हैं परंतु विशेषता उसकी ट्रेनिंग में है।

अतः मेरे कहने का तात्पर्य है कि मेरे संगठन का हर सिपाही अपने आप में "शीर्ष नेतृत्व" हो और संगठन के प्रति समर्पित और निष्ठावान हो जब और जिस दिन ऐसा हो जाएगा किसी की हिम्मत नहीं कि हमारे संगठन के किसी साथी को कोई आंख उठा कर देख ले। विश्वास मानिए उस दिन वह आंख फोड़ दी जाएगी या फिर वह बाहें तोड़ दी जाएगी जो हम से संघर्ष करेंगी। इसलिए आज ही उठकर खड़े होइए और अपने को सर्वशक्तिमान बनाइए। संगठन में अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करिए और संगठन को बेहतर बनाने में हमारा सहयोग करिए।

## एक नजर

### मौसम के बिगड़े माहौल में भी बड़ी शानो शौकत से हुआ शपथ ग्रहण समारोह



एनसीआर समाचार

पिहानी नगर पालिकाध्यक्ष की कुर्सी पर नवनिर्वाचित चेयरपर्सन शाहीन बेगम के साथ 25 वार्ड सभासदों की शपथ का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न।

धूल भरी तेज आँधी के कारण

व्यवस्थाओं में लगा ग्रहण।मगर फिर भी जनता जनार्दन के चेहरों की खुशहाली कर रही थी कि किसी के समर्थन और किसी के सहयोग का है ये योग।नगरीय जनता का उमड़ा इतना जनसैलाब आ सके न बहुत से लोग।फिर भी खुशहाल दिखे आज नगर के लोग।

जनता को बहुत है चेयरपर्सन शाहीन बेगम से आस विरोधी लगा रहे तरह-तरह के कयास। लेकिन उनका भी वादा है जैसा नगरवासियों का इरादा है हमने भी ठाना उससे ज्यादा है।अब देखना तुम नगर विकास।जनता का कोई भी व्यक्ति न होगा निराश।सबका साथ होगा-सबका हाथ होगा तभी तो नगर में विकास होगा।नगर में ऐसा नया काम होगा जिससे हर नागरिक को एहसास होगा

### चुनाव नजदीक आते ही राजनीति याद आने लगे नेताओं को



एनसीआर समाचार

राजधानी भोपाल के एकमात्र ग्रामीण विधानसभा बैरसिया है। जिसमें 2008 से अनुसूचित जाति घोषित कर दिया गया है। यहां पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा बना हुआ है। 2023 का चुनाव नजदीक आते ही यहां पर स्थानीय लोगों ने विगुल बजाना शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी की बात करें तो विष्णु खत्री वर्तमान विधायक प्रथम दावेदार है।

भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी भी दावेदार माने जा रहे हैं वही बात करें। कांग्रेस की तो विनय मैहर वर्तमान जिला पंचायत सदस्य प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। अन्य में राम मैहर जय, हरीकरण प्रभु, राम अहिरवार, राम कन्हैया, सूर्यवंशी आदि भी प्रमुख दावेदार है। यदि बात करें बसपा की तो पूर्व प्रचार विश्राम सिंह बौद्ध एवं बहुजन गायक राजू भारती इसके प्रमुख दावेदार हैं।

### जनहित ट्रस्ट के सलाहकार जसविंद्र सिद्धू का जन्मदिन मनाया गया



एनसीआर समाचार

सिरसा, समाजसेवी संस्था जनहित ट्रस्ट के चेयरमैन रमेश शाक्य ने बताया की ट्रस्ट के सलाहकार जसविंद्र सिद्धू का जन्मदिन उनके निवास पर बड़ी धूमधाम से और केक काट कर मनाया गया ! रमेश शाक्य ने बताया की जसविंद्र सिद्धू ट्रस्ट के लिए पूरी ईमानदारी से काम करते आ रहे और जरूरतमंद लोगों की लगातार मदद और सेवा करते है।

समाजसेवी एवं जननायक जनता पार्टी की प्रदेश महासचिव रेखा शाक्य ने उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए कहा की जसविंद्र सिद्धू बहुत ही नेकदिल और सेवाभाव प्रवृत्ति के इंसान है जो हमेशा लोकभालाई के लिए तैयार रहते है ! इस मौके पर तमाम ट्रस्ट के वाइस चेयरमैन गुरदेव सिंह, सीताराम, संदीप मेहरा, पूजा रानी, रेखा शाक्य, सतनाम लालका, चरणजीत कोर,वा अन्य मेंबर्स और आए हुए लोगो ने ट्रस्ट के सलाहकार जसविंद्र सिद्धू की लंबी उम्र की कामना की ओर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### पटेरा अंतर्गत कुड़ई बरखेरा पंचायत मजदूर के पेट मे मारी जा रही है लात

एनसीआर समाचार



पटेरा, दमोह जिला के अंतर्गत पटेरा ब्लॉक की ग्राम कुड़ाई बरखेड़ा में फर्जी तरीके से किए जा रहे हैं। काम मजदूर की रोटी रोजी छीनकर मशीनों द्वारा किए जा रहे काम मध्य प्रदेश के दमोह जिले के अंतर्गत कूड़ाई बरखेड़ा में चल रहा है 420 काम सविता पति लल्लू आदवाशी सरपंच की के पीठ पीछे हो रहे फर्जी अवैध काम।

मनरेगा के अंतर्गत आने वाले काम कराए जा रहे मसीनो से मजदूर की थाली से उनका अन्ना का दाना छीना जा रहा है नहीं मिल रहा काम मजदूर दिल्ली को कर रहे पलायन , मसीनों से खोदे जा रहे हैं कुएं सार्वजनिक चार कुएं खोदे गए सभी का कार्य 15 दिन पहले कोकलिंग मसीन से कराया गया है सूत्रों के द्वारा जानकारी प्राप्त हुई।

# महिपाल मेघवाल की निर्मम हत्या के दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर विभिन्न संगठनों ने लिया कड़ा संज्ञान, न्याय के लिए सरकार को लिखा पत्र

एनसीआर समाचार



नारनौल, खेतड़ी में महिपाल मेघवाल हत्याकांड में पुलिस की अव्यवहारिक कार्यशैली के विरोध में ग्रामीण व विभिन्न सामाजिक संगठन पिछले तीन दिनों से शव लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए अखिल अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में प्रधान चंदन सिंह जलवान की अध्यक्षता में संघर्ष समिति कार्यालय में विरोध सभा का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन हरियाणा एससी बीसी महासभा के महासचिव व कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के मुख्य सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल ने किया।

बैठक में समिति के प्रधान चंदन सिंह जलवान, महासचिव बिरदी चंद गोठवाल, महर्षि वाल्मीकि सभा के प्रधान जोगेंद्र जड़िया, खटीक सभा के पत्रम खेणी, धानक सभा के शिवनारायण मोरवाल, कोली सभा के तोताराम, जन जागृति डॉ अंबेडकर जसवंत ने इस जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंदा की. मंच के भाटी, संघर्ष समिति नंगल चौधरी के रोहतास बबेरवाल, भारतीय सामाजिक परिवर्तन संस्था के सुमेर सिंह गोठवाल और कबीर सामाजिक उत्थान संस्था, दिल्ली के प्यारेलाल चव्हाण ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष को पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

जातियां, मुख्यमंत्री और राजस्थान पुलिस। उन्होंने हत्या के दोषियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपये और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शव सहित धरने पर बैठे ग्रामीण आज ही खेतड़ी पहुंचेंगे और सभी संगठनों को सहयोग करने के क्रम में धरने में शामिल होंगे। गोठवाल ने बताया कि 24 मई को खरकदा निवासी महिपाल मेघवाल कोपर कंपनी में काम करने के बाद घर जा रहा था और बीच रास्ते में स्थित भैरों के मंदिर में आस्था के रूप में रुका, जहां विकास गुर्जर, मनोज गुर्जर, एक मंदिर में पहले से मौजूद खरकड़ा निवासी।

उसने दो-तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर महिपाल मेघवाल पर लात-घूंसों से बेरहमी से हमला कर दिया। इस हमले में महिपाल मेघवाल की मौत हो गई। यहां हैरानी की बात यह है कि राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने मामला दर्ज किए बिना मामले को छिपाने की मंशा से मृतक का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के छोटे भाई रोहित चोपड़ा द्वारा एफआईआर की कॉपी मांगने पर यह कहना हास्यास्पद है कि खेतड़ी डिप्टी हजारीलाल खटाना अंतिम संस्कार करें, पोस्टमार्टम जांच के बाद ही एफआईआर दर्ज होगी और रिपोर्ट है प्राप्त हुआ।

इस मामले में नाम सामने आने और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने के बाद भी मूक दर्शक बने रहने से स्पष्ट है कि पुलिस की अपराधियों से मिलीभगत है और ऐसे में पुलिस की अव्यावहारिक कार्यशैली की श्रेणी में आता है। इससे यह भी पता चलता है कि राजस्थान सरकार हत्या और अत्याचार के गंभीर मामलों को रोकने में विफल रही है।

हरियाणा के विभिन्न संगठनों ने इस नृशंस हत्या की कड़ी निंदा की है और सरकार को चेतावनी दी है कि सर्व अनु जाति संघर्ष समिति अपने सहयोगी संगठनों के साथ खेतड़ी पहुंचेगी और शव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर ग्रामीणों को न्याय दिलाने के लिए और संगठन एक साथ खड़े होंगे। इस मौके पर संघर्ष समिति के सचिव हजारीलाल खटावला, पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक जयपाल सिंह, होल्डर सुमेर सिंह, कंवर सिंह बौध, अमरनाथ सिरोहा, लक्ष्मीचंद, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### श्रीमद भागवत कथा के दौरान तेज आंधी से गिरा पंडाल



एनसीआर समाचार

इंदरगढ़, शायपुर सरकार पर चल रहे। विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा के दौरान आज तेज आंधी आने से भागवत कथा के लिए लगाया पंडाल गिर गया। जिसमे कुछ लोगो को मामूली चोट आयी एवं 8 वर्षीय बालक कृष्णा पुत्र पातिराम परिहार निवासी मुरेरा गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंदरगढ़ लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर बच्चे की स्तिथि समझते हुए तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### हिमाचल प्रदेश: खुशहाला महावीर मंदिर में आज चढ़ेगा नई फसल का रोट



एनसीआर समाचार

शिमलाः शोघी से लगते खुशहाला महावीर मंदिर (बड़ा ठाकुरद्वारा) में 28 मई को नई फसल का रोट चढ़ाया जाएगा। मंदिर समिति के प्रधान नेकराम ठाकुर व महासचिव प्रेम ठाकुर ने यहां जारी संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर में इस दिन यज्ञ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर में 30 मई को गंगा दशहरे के अवसर पर विशला भगवती जागरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के लिए हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बस सेवा भी उपलब्ध रहेगी।

### जम्मू के किश्तवाड़ में भारी वर्षा के कारण कच्चा मकान ढहने से 3 नेत्रहीन भाई-बहनों की मौत



एनसीआर समाचार

जम्मू के किश्तवाड़ पाडियारना क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण एक कच्चा मकान ढह गया। इस घटना की वजह से तीन नेत्रहीन भाई-बहनों की जान चली गई। वहीं अन्य दो लोग घायल हो गए। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खलील पोसवाल ने आज यानी शनिवार को बताया कि, बीती देर रात लगातार बारिश होने के कारण पडियारना के अजना पुलर के रहने वाले अश्विनी कुमार के घर की दीवार ढह गई।

इस घटना के दौरान तीन भाई-बहन घर में सो रहे थे जिनकी मलबे में दब कर मौत हो गई, वहीं उनकी मां और बहन बुरी तरह से घायल हो गए। मृतकों की पहचान राजेश कुमार (18) सज्जन कुमार (19) और पप्पू कुमार (20) के रूप में की गई है। घायलों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### मच्छरों का लार्वा नष्ट करने एवं सफाई अभियान संचालित



एनसीआर समाचार

मकरोनिया, मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए नगर पालिका मकरोनिया द्वारा लगातार जनजागरुक करते हुए वार्डवार सफाई अभियानों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों, जनप्रतिनिधियों द्वारा बताए गए विभिन्न स्थानों पर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने हेतु एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर लावार्नाशक दवाई का छिड़काव कर लोगों को जागरूक किया गया। वह नियमित स्वच्छता के लिए संकल्पित होकर दैनिक स्वच्छता बनाए रखें जिससे मच्छर की उत्पत्ति न हो। अभियान में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री, स्वच्छता नोडल अधिकारी, स्वच्छता सर्वेक्षक गोविंद रैकवार शिवम सिंह राजपूत, सफाई मित्र, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### पल्स पोलियो अभियान का हुआ आगाज



एनसीआर समाचार

पल्स पोलियो अभियान का हुआ आगाज, निकाली गई जन जागरूकता रैली। जन जागरूकता रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, सीएमओ भी रहे मौजूद।

## NIA ने की जबलपुर हाईकोर्ट वकील समेत 5 अन्य लोगों के घरों पर छापेमारी



एनसीआर समाचार

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की टीम ने बीते शुक्रवार की देर रात जबलपुर में हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील उस्मानी के घर और ऑफिस पर छापेमारी की। इनके साथ साथ पांच अन्य लोगों के घरों पर भी एनआईए की रेड पड़ी। पुलिस ने वकील को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया। घर से कुछ डॉक्यूमेंट भी जप्त किए गए हैं। सिविल लाइन में सुप्रीम प्लाजा अपार्टमेंट में भी 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है। बता दें कि, यह रेड विदेशी हथियार और टेरर फंडिंग से जुड़ी मामले में की गई थी।

वकील के मुस्लिम बाहुल्य इलाके स्थित घर में एनआईए ने शुक्रवार की रात 11 बजे दिल्ली और भोपाल के करीब एक दर्जन आईपीएस अफसर और 200 पुलिसकर्मी शामिल थे। इस टीम ने वकील के घर में घुसते ही छानबीन शुरू कर दी और पूछताछ करने लगे। कार्यवाही शुरू होने के साथ ही उनके घर की घेराबंदी कर दी गई और रोड के दोनों सिरों पर बैरिकेट लगा दिया गया।

ठक्अ की टीम ने शहर सिविल लाइन में दो जगह, बड़ी ओमती में हिस्ट्रीसीटर में दो जगह और धरातल में यह कार्यवाही की है। जिस समय एनआईए की उन्नति में हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रजाक के घर पर कार्यवाही चल रही थी, तब उसी समय पुलिस ने मीडिया कर्मियों के मोबाइल छीन लिए थे। टीम ने रजाक से जुड़े होने के शक में मकसूद सवारी और अहद उल्लाह अंसारी के घर पर भी रेड मारी।

## जनपद कुशीनगर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित 15 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेशः जनपद कुशीनगर नगर पंचायत सुकरौली के अध्यक्ष सहित 15 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत कार्यालय के लोकार्पण के साथ ही समपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह के अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि, जनता के उम्मीदों पर खरा उतरने वाला व्यक्ति ही सही मायने में जनप्रतिनिधि कहलाने का हकदार है।

जनता की सेवा करने का भाव मन में रख कर कार्य करने वाला व्यक्ति ही विकास का बड़ा खाका तैयार करने में सक्षम हो सकता है। उन्होंने चुने गए अध्यक्ष तथा सभी पन्द्रह वार्डो के सभासद को सुझाव देते हुए कहा कि अपने वार्डो की समस्याओं को मिलजुल कर निराकरण करें ताकि जनता का विश्वास बना रहे। साथ ही कहा कि, सुकरौली को आदर्श नगर पंचायत बनाने का प्रयास जल्द ही शुरू होगा। उन्होने मिनी स्टेडियम के साथ ही नगर पंचायत के विकास के लिए शासन से पांच करोड़ रूपए धन आबंटन कराने की मांग कराने की बात भी कही।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विधायक मोहन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर इसके पूर्व उपजिलाधिकारी कसया वरुण पांडेय ने निर्वाचित अध्यक्ष राजनेति कश्यप को शपथ दिलाने के बाद पन्द्रह सभासदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद आमजन को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष राजनेति कश्यप ने कहा कि जिस भरोसा और विश्वास के साथ जनता ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है उस पर पूरी तरह खरा उतरने का हर समय प्रयास करूंगा। साथ ही नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत बनाने का कार्य करूंगा।

उन्होने सभी वार्डो की समस्याओं को दूर करने के साथ ही मुक्तिधाम का निर्माण, मिनी स्टेडियम की मांग जैसे विकास के मुद्दो पर भी बात की। कार्यक्रम का संचालन हरे कृष्ण पांडेय ने किया, जबकि अधिशासी अधिकारी श्रृष्टि सिंह ने सभी आगंतुकों सहित आमजन के प्रति आभार प्रकट किया। क्षेत्रीय लोक गायक बलराम संगम व उनकी टीम ने लोकगीतों की प्रस्तुति से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान किया।

इस दौरान वीरेन्द्र सिंह सैथवार, सुरेंद्र यादव, रामप्रसन सिंह, अयोध्या कश्यप, भागवत चौहान, अंकित मद्धेशिया, महेश गुप्ता, जैकी शैलेश यादव, असलम शाह, दिग्विजय चौहान, बबलू विश्वकर्मा आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस उमस भरी गर्मी में भी सुकरौली चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार अपनी टीम के साथ पुरे समय मुस्तैदी से लगे रहें। इन लोगों ने लिया शपथ- राजनेति कश्यप अध्यक्ष, वार्ड सभासद सरिता देवी, कौशल कुमार, अवधराज यादव, सीमा देवी, इश्रावती देवी, गीतांजलि देवी, गंगाधर मिश्र, श्यामवेंद्र प्रताप सिंह, जटाशंकर यादव, संजीव यादव, प्रियंका, अर्जुन पटेल, सत्यप्रकाश, राममिलन यादव मंजू तथा कमलेश सिंह ने शपथ लिया।

## तुलसीराम विश्वकर्मा बने विश्वकर्मा जनसंगठन के जिलाध्यक्ष

एनसीआर समाचार




मुंगावली, बरखेड़ा पिपरई निवासी तुलसीराम जी विश्वकर्मा समाजसेवी को विश्वकर्मा जन संगठन जिला अशोकनगर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विश्वकर्मा जन संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों की सहमति एवम महिला मोर्चा की कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुनीता विश्वकर्मा के सहयोग से ग्वालियर संभाग के प्रभारी जुगल किशोर विश्वकर्मा जी एवम संभागीय अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा पाएगा की अनुसांसा पर तुलसीराम विश्वकर्मा जी निवासी पिपरई बालो को विश्वकर्मा जन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा ने जिला अशोकनगर के जिलाध्यक्ष पर मनोनीत किया है।

विश्वकर्मा जन संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से अपेक्षा की है की आप समर्पण, अनुसाशन, ईमानदारी, पारदर्शिता, के साथ विश्वकर्मा। समाज की समस्त जातियों के साथ सामंजस्य बनाकर संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निर्वहन करेगे। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जल्द ही जिला एवम ब्लॉक कार्यकारणी का गठन किया जाकर समाज बंधुओ का जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जायेगी। जिले के समाज बंधुओ ने तुलसीराम विश्वकर्मा जी को जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर सुभकमनाएं एवम बधाई दी है।

## आदर्श नगर पंचायत मैलानी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी एवं समस्त सभासदगणों ने ली शपथ



एनसीआर समाचार

आज आदर्श नगर पंचायत मैलानी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी एवं समस्त सभासदगणों के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होकर हार्दिक बधाई एवं उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल सिंह, मा0 राकेश राठौर गुरु, मा0 पूर्व जिलाअध्यक्ष शरद बाजपेई एवं समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शेयर करेंसी में पैसा जमा कर रकम डबल के बहाने ठगी करने वालो को रेवती पुलिस ने धोखाधड़ी के 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

एनसीआर समाचार



प्रतापपुर, ग्राम गोवर्धनपुर निवासी सुनील पाण्डेय ने चौकी रेवती में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 27.02.23 की सुबह तीन व्यक्ति एक स्विफ्ट डिजायर कार में उनके घर आये और उनसे ठगी कर 8.50 लाख रुपये लेकर भाग गये। रिपोर्ट पर धारा 420, 120बी, 34 आईपीसी। के तहत मामला दर्ज किया गया है। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग (आई.पी.एस.), पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू (आई.पी.एस.) के निरंतर मार्गदर्शन में जालसाजों का पता लगाया और उन्हें पकड़ा और साइबर सेल की मदद ली चौकी प्रभारी रेव सुनील सिंह को निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में चौकी रेवती पुलिस ने जांच की। जांच में पाया गया कि दिनांक 17.02.2023 की सुबह प्रार्थी अपनी किराना दुकान पर बैठा हुआ था। उसी समय तीन अज्ञात व्यक्ति किराना दुकान से सामान खरीदते समय स्विफ्ट डिजायर कार में उसकी दुकान के पास रुके। जब आवेदक की आरोपी से बातचीत हुई तो उनमें से एक ने अपना नाम आकाश बताया कि वे शेयर करेंसी का काम करते हैं, जिसमें पैसे डबल हो जाते हैं, आसपास के कई लोगों के पैसे डबल हो चुके हैं, आप भी कुछ पैसा लगाइए और देखें कि आपका पैसा भी दोगुना हो जाएगा।

आरोपी द्वारा बताए जाने पर आवेदक ने उन लोगों को 10 हजार रुपये दिए थे, आरोपी ने कहा कि कल तक आपके पैसे दोगुने हो जाएंगे और पैसे लेकर चला गया। 18.02.2023 की सुबह आवेदक को फोन कर बताया गया कि वह अपना पैसा ले लो जब यह दोगुना हो गया तो आवेदक ने लालच में आरोपी से 20 हजार रुपये ले लिए। आरोपी ने आवेदक को बरगलाया कि शेयर मुद्रा में और भी पैसा लगाया जा सकता है, यदि आप 10,00,000 रुपये तक निवेश करते हैं, तो पैसा 2 से 4 दिनों में दोगुना हो जाएगा, जब भी आपके पास पैसा हो, कॉल करें और कहें, फिर आवेदक से बात करने के बाद लगातार कई दिनों तक फोन पर यह विश्वास करते हुए 10 लाख रुपये की व्यवस्था करें कि शेयर अच्छा चल रहा है, आपका पैसा दोगुना हो जाएगा। आरोपी की बातें सुनने के बाद प्रार्थी ने आठ लाख 50 हजार रुपये की व्यवस्था की और आरोपी को रुपये की व्यवस्था करने की जानकारी दी।

दिनांक 27.02.2023 की सुबह आरोपी प्रार्थी की दुकान पर आया और रुपये लेकर सुलह कर लिया। तुम आओ तो हमें 3 लाख रुपये दो, अभी यह पैकेट मत खोलो, हमारे सामने रुपये ले लो। मैंने फोन किया तो मोबाइल बंद मिला, फिर आवेदक द्वारा दिये गये पैकेट को खोलकर देखा तो सादे कागज को खाकी रंग के कागज में नोट साइज का बंडल बनाकर पैक किया गया था, तो आवेदक के ठगे जाने की आशंका थी. जानना शुरू किया।

जांच के दौरान पुलिस ने नई तकनीक का सहारा लिया और पाया कि आरोपी द्वारा इस्तेमाल किया गया मोबाइल नंबर जिला चंदौली, उत्तर प्रदेश निवासी का है, जिसके बाद पूछताछ में उसने बताया कि वह करीब तीन महीने पहले राज के पास स्थित था. नगवा, वाराणसी। मैं संचार मोबाइल दुकान पर गया और मोबाइल दुकान संचालक अमरेश मिश्रा को अपना आधार कार्ड दिया और मेरे नाम से एयरटेल कंपनी का सिम कार्ड लेने गया, तो दुकानदार अमरेश ने बताया कि पहली बार उसने आपका फोटो और आधार कार्ड लिया था. मोबाइल से। यह कहकर फेल कर दिया कि आपको फिर से अपना फोटो व आधार कार्ड का फोटो लेना है, उसकी फोटो व आधार कार्ड की फोटो धोखे से दो बार ले ली गई और उसी दौरान आरोपी अमरेश मिश्रा ने उस व्यक्ति को मोबाइल नंबर दे दिया, जबकि उसी दिन उसके द्वारा आधार कार्ड पर उसी व्यक्ति का दूसरा मोबाइल नंबर व फोटो लगाकर दुकानदार ने उक्त मोबाइल नंबर का सिम कोड अपने पास रख लिया था, जिसकी जानकारी उस व्यक्ति को नहीं थी।

## संपादकीय

# आगामी चुनाव है सबका निशाना

संविधान निर्माताओं ने संसद भवन को भारतीय लोकतंत्र का पवित्र स्थान मानते हुए जिस संविधान का गठन किया था, उस वक्त उन्हें भी इस बात का अंदाजा नहीं होगा कि यह भवन देश की अमन और तरक्की के रास्ते पर चलते हुए विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों पर चलने के बजाय राजनीति का शर्मसार करने वाला अखाड़ा बन जाएगा। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल की सदस्यता के विवाद और अब संसद की नई इमारत सत्ता पक्ष और विपक्ष में फजीहत का कारण बन गई है। सत्तापक्ष और विपक्ष में नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर आई कड़वाहट से विश्व में भारत की छवि प्रभावित हो रही है। सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी टकराहट का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले विपक्षी दलों पर ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के कारण भी ऐसा नजारा देखने को मिला था। हालांकि इस मुद्दे पर विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिल सकी, किन्तु भाजपा और विपक्षी पार्टियों में तल्खी और बढ़ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह से पहले ही इसको लेकर सियासी घमासान छिड़ा हुआ है जो कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्ष नई संसद के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार कर रहा है, इस बहिष्कार में भी कई दलों में एकता दिख रही है, दरअसल विपक्ष अलग-अलग मुद्दों के जरिए 2024 के चुनाव में एकजुट होकर बीजेपी की ओर चुनावी तीर चलाना चाहता है। यह नया संसद भवन सरकार और विपक्ष के बीच कटुता एक नई इमारत के रूप में खुल रहा है। ऐसे संकेत हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव तक यह दरार और चौड़ी हो सकती है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समूचा विपक्ष राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उद्घाटन कराने पर जोर देते हुए समारोह के बहिष्कार पर अड़ा हुआ है। खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को कहा कि आपकी सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है। महामहिम राष्ट्रपति का पद संसद का प्रथम अंग है। सरकार के अहंकार ने संसदीय प्रणाली को ध्वस्त कर दिया है।

राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर ट्वीट किया कि नए संसद भवन का राष्ट्रपति को उद्घाटन करना चाहिए, न कि पीएम को। गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के बहिष्कार को लेकर कहा कि आप इसे राजनीति के साथ मत जोड़िए। सब अपने विवेक के हिसाब से काम कर रहे हैं। भाजपा ने भी कांग्रेस और दूसरे राज्यों की सरकारों के समय हुए ऐसे उद्घाटनों की फेहरिस्त गिनाई है, जिनमें राष्ट्रपति या राज्यपाल को आमंत्रित नहीं किया गया। नए संसद भवन का पीएम मोदी से उद्घाटन को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत 19 विपक्षी दलों ने बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

# मंडराने लगे हैं राजनैतिक उथल पुथल के बादल

> भाजपा में जाकर राज्य सभा की सदस्यता व मंत्री पद हासिल करने के बाद अब वही ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के भाजपाइयों की नजरों में कांटे की तरह चुभने लगे हैं। सिंधिया व उनके समर्थक राज्य के कई मंत्रियों पर भ्रष्टाचार व और कई तरह के आरोप लगाये जाने लगे हैं। बेशक पहले भी सिंधिया राजपरिवार के सदस्यों पर घमंडी, अहंकारी होने व लोगों से न मिलने जैसे आरोप तो जरूर लगते रहे हैं परंतु उनपर भ्रष्टाचार के आरोप कभी नहीं लगे।

-तनवीर जाफरी-

सिद्धांतविहीन व अवसरवादी राजनीति के आकाश पर एक बार फिर घने काले बादल मंडराते दिखाई देने लगे हैं। इन काले बादलों के उथल पुथल की छाया फिलहाल मध्यप्रदेश,राजस्थान और उत्तर प्रदेश में पड़ती दिखाई दे रही है। संभव है 2023 के अंत तक प्रस्तावित मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा के चुनाव आते आते इस राजनैतिक उथल पुथल का दायरा और भी बड़ा हो जाये। लंबे समय तक सत्ता से दूर रहने की छटपटाहट सहन न कर पाने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मार्च 2020 में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और अपने समर्थक मध्य प्रदेश के 22 कांग्रेस विधायकों के साथ पार्टी छोड़ भाजपा मां शामिल हो गये थे। लोकतंत्र के साथ किये गये इस खिलवाड़ के चलते कमलनाथ सरकार गिर गयी थी और बीजेपी की सरकार सत्ता में आ गयी थी। लोकतंत्र विरोधी इस सरे खेल की जिम्मेदार ज्योतिरादित्य सिंधिया की कांग्रेस से की गयी बगावत थी। जब कि कांग्रेस द्वारा उसी दौरान सचिन सिंधिया व प्रियंका गाँधी को सामूहिक रूप से उत्तर प्रदेश का पार्टी महासचिव इंचार्ज बनाया गया था। परन्तु सत्ता की भूख ने सिंधिया को पार्टी से गद्दारी करने के लिये इतना मजबूर किया की उन्होंने अपने निजी स्वार्थ के चलते राज्य की निर्वाचित कमलनाथ सरकार गिराने में भी संकोच नहीं किया।

भाजपा में जाकर राज्य सभा की सदस्यता व मंत्री पद हासिल करने के बाद अब वही ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के भाजपाइयों की नजरों में कांटे की तरह चुभने लगे हैं। सिंधिया व उनके समर्थक राज्य के कई मंत्रियों पर भ्रष्टाचार व और कई तरह के आरोप लगाये जाने लगे हैं। बेशक पहले भी सिंधिया राजपरिवार के सदस्यों पर घमंडी, अहंकारी होने व लोगों से न मिलने जैसे



आरोप तो जरूर लगते रहे हैं परंतु उनपर भ्रष्टाचार के आरोप कभी नहीं लगे। परन्तु अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक मध्य प्रदेश के कई मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप स्वयं भाजपाइयों द्वारा तो लगाये ही जा रहे हैं बल्कि अब तो यहां तक भी कहा जा रहा है कि इस भ्रष्टाचार का कमीशन ज्योतिरादित्य सिंधिया तक भी जा रहा है। यानी ज्योतिरादित्य सिंधिया को इन दिनों जिन अपमानजनक हालात का सामना भाजपा में करना पड़ रहा है उसकी शायद उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। कहा जा रहा है कि सिंधिया राजघराने के किसी भी सदस्य को अपनी ही पार्टी में इतना बड़ा विरोध आज तक कभी नहीं सहना पड़ा। और हद तो यह है कि गुना शिवपुरी लोकसभा सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव हराने वाले भाजपा सांसद कृष्ण पाल सिंह यादव ने तो सिंधिया की ओर इशारा करते हुये यहाँ तक कह दिया है कि -'कुछ ऐसे मूर्ख लोग भी होते हैं जो अपने आप को बुद्धिजीवी समझते हैं'। उन्होंने सिंधिया को कमजोर नेता बताते हुए कहा है कि यदि उनमें हिम्मत है तो गुना शिवपुरी सीट से कांग्रेस के टिकट पर किसी भी भाजपा नेता के खिलाफ चुनाव लड़ कर देख लें'। अपमान की इस इंतेहा को देखते हुये सिंधिया का अगला कदम क्या हो सकता है,घर वापसी या अपमान के घूँट पीते रहना जल्द ही इसका पटाक्षेप हो सकता है।

इसी तरह राजस्थान में सचिन पायलट,अशोक गहलोत जैसे कांग्रेस के दिग्गज रणनीतिकार के लिये आये दिन समस्या खड़ी कर रहे हैं। निश्चित रूप से जिस कांग्रेस को संकट से उबारने के लिये राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा जैसा कठिन अभियान चलकर पार्टी में पुनः जान फूंकी और हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में पार्टी की सत्ता में वापसी करायी,वर्तमान में सचिन पॉयलट उसी पार्टी के लिये एक समस्या बने हुये हैं। गत दिनों उन्होंने अपनी ही सरकार के विरुद्ध जन संघर्ष यात्रा निकाली और गहलोत पर जोरदार हमला बोला। हालांकि पायलट ने यह जरूर कहा कि उनकी जन संघर्ष यात्रा किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध है। परन्तु पार्टी व गहलोत सरकार उनकी इस सत्ता विरोधी यात्रा से असहज जरूर हुई। ऐसे हालात में पार्टी ने फिलहाल अपनी रस्सी ढीली छोड़ी हुई है तो उधर सचिन भी संभवतः अपनी राजनैतिक 'शहादत' की प्रतीक्षा कर रहे हैं। गहलोत व पायलट के बीच समय समय पर चलने वाले तीखे शब्द बाण भी यह इशारा जरूर कर रहे हैं कि यदि शीघ्र सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो राजस्थान में भी कोई बड़ी राजनैतिक उथल पुथल हो सकती है। हालांकि ताजा खबरों के अनुसार कांग्रेस आलाकमान सचिन पायलट को विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद दे सकती है। और इसी समझौता फार्मूला के तहत पायलट के विधायकों को मंत्रिमंडल में पहले से अधिक संख्या देने व विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर दो उप मुख्यमंत्री बनाए जाने की भी खबर है।

उधर उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस के नेता प्रमोद कृष्णन जोकि पार्टी प्रवक्ता भी रह चुके हैं तथा अत्यंत मुखर होकर पार्टी की पैरवी किया करते थे, इनदिनों उनके भी सुर कुछ बदले हुये हैं। वे भी सचिन पायलट के करीबी तो हैं ही साथ साथ पार्टी में राहुल गांधी के बजाय प्रियंका गांधी को आगे लाने की वकालत करते सुने जा चुके हैं। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी प्रवक्ता पद से भी हटा दिया है और अब वे कई जगहों पर भाजपा समर्थक बयान देते सुने जा रहे हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दल जहाँ नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराये जाने के पक्ष में हैं वहीं वे भाजपा के सुर से अपना सुर मिलाते हुये प्रधानमंत्री से ही संसद भवन का उद्घाटन कराने की वकालत करते सुने जा रहे हैं। इनदिनों उनके हाव भाव भी काफी बदले हुये हैं। देखना होगा कि भाजपा प्रवक्ता टीवी डिबेट के दौरान जिन प्रमोद कृष्णन को 'ठग संत' तक कहकर संबोधित कर चुके हैं वह अब भाजपा की नीतियों की प्रशंसा से क्या हासिल कर सकेंगे। कुल मिलाकर निकट भविष्य में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव व अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनावों के पूर्व देश की राजनीति के क्षितिज पर संभावित उथल पुथल के काले बादल पूरे जोर शोर से मंडराने लगे हैं।

# गुणवत्ता ने बढ़ायी सरकारी स्कूलों की साख

-मनोज कुमार-

एजुकेशन किसी भी स्तर का हो, हमेशा इस बात की चिंता की जाती रही है कि शिक्षा का स्तर सुधरे कैसे? खासतौर पर कोरोनाकाल के कारण जो स्थितियां उत्पन्न हुई थी, वह भयावह थी. महीनों तक स्कूल का कपाट तक नहीं देख पाने वाले बच्चे स्कूल जाने से डरने लगे थे. उनमें एकाकीपन भर आया था और तिस पर प्रायवेट स्कूलों की मनमानी से पालक चिंता में थे. यह बात भी सच है कि कोरोना काल में लोगों की आय में न केवल गिरावट हुई बल्कि बड़ी संख्या में लोगों से रोजगार छीन गया. ऐसे में घर चलाने की चुनौती के बीच बच्चों के सुखद भविष्य की कामना से दुविधा की स्थिति में पालक थे. उनके सामने विकल्प के रूप में सरकारी स्कूल था और ज्यादतर पालकों ने मन मारकर निजी स्कूलों की मनमानी से तंग आकर सरकारी स्कूलों में दाखिला दिया. इन सबके बीच उनके मन में कई सवाल थे कि सरकारी स्कूलों में उनका बच्चा कैसे पढ़ेगा और कैसे अपने भविष्य को संवारेगा लेकिन जब परीक्षा परिणाम आया तब सारे धुंध छंट गए थे. पालकों की सारी आशंका निर्मूल साबित हुई और बच्चे अच्छे नम्बरों से परीक्षा उत्तीर्ण कर गए.

कोरोनाकाल में बच्चों की शिक्षा बाधित ना हो इसके लिए राज्य शासन द्वारा अनेक स्तरों पर नवाचार किया गया. इस कठिन समय में बिना विद्यालय बुलाए बच्चों को उनके घर में ही पढ़ाना एक बड़ी चुनौती थी लेकिन हर संकट का समाधान होता है सो इसका समाधान भी तलाश कर लिया गया। विकल्प के तौर पर 'हमारा घर हमारा विद्यालय' कार्यक्रम संचालित किया गया। इस अभिनव प्रयोग में शिक्षकों द्वारा 4-5 विद्यार्थियों का समूह बनाकर उन्हें उनके द्वार चिन्हित स्थान पर उनकी आवश्यकता अनुसार शिक्षा दी गई। इसमें सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी हुआ और विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से शिक्षित भी किया जा सका। कार्यक्रम से जनसमुदाय को भी प्रेरणा मिली और पालकों ने पूरा सहयोग दिया।

इसी क्रम में 'अब पढ़ाई नहीं रूकेगी' थीम पर रेडियो प्रसारण तथा डिजिटल ग्रुप के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई के लिये शिक्षक सतत प्रयासरत रहे। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सामग्री छात्रों का उपलब्ध कराकर उनसे गृहकार्य करवाया जाता है। 'रेडियो स्कूल' कार्यक्रम के माध्यम से भी बच्चों को पढ़ाया गया। जिन ग्रामों और घरों में रेडियो नहीं थे, वहां शिक्षकों ने लाउड स्पीकर के माध्यम से बच्चों तक स्कूल पहुंचाया। कोरोना संक्रमण की परवाह किये बिना विद्यार्थियों के भविष्य के लिये कई शिक्षकों ने आशातीत प्रयास किये हैं।

यही नहीं, समाज में शिक्षक का पद सबसे ऊंचा क्यों होता है, इस संकटकालीन परिस्थिति में देखने को मिला. राज्य के कई स्थानों पर शिक्षकों ने अपना दायित्व की पूर्ति करते हुए पीछे नहीं हटे। इनमें उल्लेखनीय कार्य करने वाले खंडवा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय भकराड़ा की शिक्षिका ने अपने विद्यार्थियों को घर-घर पहुंचकर पढ़ाया तो रायसेन जिले के ग्राम शालेगढ़ की प्राथमिक शाला के शिक्षक नीरज सक्सेना ने मोहल्ला क्लास लगाकर बच्चों को पढ़ाया। उन्होंने अपने स्कूल की फुलवारी और शैक्षिक वातावरण से सजाया-संवारा जिसके लिये भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय ने उन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाया। मंदसौर के बावड़ीकला चंद्रपुर गाँव के प्राथमिक स्कूल के शिक्षक रामेश्वर नागरिया दिव्यांग होने के बावजूद अपनी तिपहिया स्कूटर से अलग-अलग बस्तियों में पहुंचकर बच्चों को पढ़ाते हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संजय जैन ने टीकमगढ़ जिले के डूंडा माध्यमिक स्कूल के बच्चों को डिजीटल शिक्षा से जोड़ा? के लिये समाज के सहयोग से लैपटॉप एवं अन्य साधन जुटाए. शाला परिसर को सुंदर बनाया जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि जाग्रत हुई।

यही नहीं, शिक्षा को विस्तार देने के लिए मध्यप्रदेश में राज्य के आखिरी छोर पर बसे किसी गांव के बच्चे के लिए किसी महंगे प्रायवेट स्कूल में पढ़? की लालसा एक अधूरे सपने की तरह था. दिल्ली दूर है कि तर्ज पर वह अपनी शिक्षा उस खंडहरनुमा भवन में पूरा करने के लिए मजबूर था जिसे सरकारी स्कूल कह कर बुलाया जाता था. बच्चों के इन सपनों की बुनियाद पर प्रायवेट स्कूलों का मकडजाल बुना गया और सुनियोजित ढंग से सरकारी स्कूलों के खिलाफ माहौल बनाया गया. शिक्षा की गुणवत्ता को ताक पर रखकर भौतिक सुविधाओं के मोहपाश में बांध कर ऊंची बड़ी इमारतों को पब्लिक स्कूल कहा गया. सरकारें भी आती-जाती रही लेकिन सरकारी स्कूल उनकी प्राथमिकता में नहीं रहा. परिवर्तन के इस दौर में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने राज्य में ऐसे स्कूलों की कल्पना की जो प्रायवेट पब्लिक स्कूलों से कमतर ना हों. मुख्यमंत्री चौहान की इस सोच में प्रायवेट पब्लिक स्कूलों से अलग अपने बच्चों के सपनों को जमीन पर उतारने के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है. इसी सोच और भरोसे की बाँहें थामे मध्यप्रदेश के सुदूर गांवों से लेकर जनपदीय क्षेत्र में 'सीएम राइज स्कूल' की कल्पना साकार होने चुकी है. अनादिकाल से गुरुकुल भारतीय शिक्षा का आधार रहा है लेकिन समय के साथ परिवर्तन भी प्रकृति का नियम है. इन दिनों शिक्षा की गुणवत्ता पर चिंता करते हुए गुरुकुल शिक्षा पद्धति का हवाला दिया जाता है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में गुरुकुल नए संदर्भ और नयी दृष्टि के साथ आकार ले रहा है. सरकारी शब्द के साथ ही हमारी सोच बदल जाती है और हम निजी व्यवस्था पर भरोसा करते हैं. हमें लगता है कि सरकारी कभी असर-कारी नहीं होता है. इस धारणा को तोड़ते हुए मध्यप्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ नवाचार करने के लिए 'सीएम राइज स्कूल' सरकारी से 'असरकारी' होने की बात साकार होने लगी है.

# कौन भ्रष्टाचार खत्म करना चाहता है?

-शंकर शरण-

भारत में कुछ सत्ताधारी दलों द्वारा भ्रष्टाचार को ऐसा संगठित रूप दे दिया गया है, जिस में छापरों के लिएढ़ अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार कराने वाले भी स्वच्छ कहे जाते हैं! इस का प्रारंभिक रूप बंगाल में सीपीएम ने बनाया, कि सत्तासीन नेता व्यक्तिगत रूप से ईमानदार दिखते थे, जबकि राज्यतंत्र को ऐसा कर दिया कि किसी का कोई भी काम बिना पार्टी इकाई को चढ़ावा दिए नहीं हो सकता था! उस से सीख कर हरेक दल की प्रतिभाओं ने कीर्तिमान बना डाले-हजारों करोड़ के वारे-न्यारे करके भी वे अपने को राजा हरिश्चन्द्र कहते हैं! जलील की तर्ज पर: रिंद के रिंद रहे, हाथ से जन्नत न गई। यानी, पार्टी-फंड के नाम पर बेतहाशा, बेहिसाब धन, अघोषित अनुचित शर्तों पर, इकट्ठा कर भी ईमानदार कहलाना!

कर्नाटक चुनाव ने पहली बार भाजपा पर भी '40 फीसदी कमीशन' वाली पार्टी का तमगा लगा दिया। यदि आरोप सच हो तो कहना होगा कि न केवल इस्लाम-परस्ती ('तुष्टिकरण' से बढ़कर 'तृप्तिकरण') में, बल्कि भ्रष्टाचार और अंध-नेताभक्ति में भी भाजपा ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया। अब 'संघ-चिंतक' जैसे लोग भी कहते हैं कि द्वाद्वराजनीति की कोठरी ही काली है, जो इस में जाएगा उसे कालिख लगेगी ही।

किन्तु यह साफ झूठ है। राज कर्मचारियों द्वारा चुपचाप कुछ लेना, चुराना सारी दुनिया में सदैव रहा है। किन्तु आधुनिक लोकतंत्रों में नेताओं द्वारा पदों, ठेकों, आदि की दलाली, नीलामी जैसा नियमित धंधा कुछ और है। ऊपर से, भारत में कुछ सत्ताधारी दलों द्वारा भ्रष्टाचार को ऐसा संगठित रूप दे दिया गया है, जिस में 'पार्टी के लिए' अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार कराने वाले भी स्वच्छ कहे जाते हैं! इस का प्रारंभिक रूप बंगाल में सीपीएम ने बनाया, कि सत्तासीन नेता व्यक्तिगत रूप से ईमानदार दिखते थे, जबकि राज्यतंत्र को ऐसा कर दिया कि किसी का कोई भी काम बिना पार्टी इकाई को चढ़ावा दिए नहीं हो सकता था!

उस से सीख कर हरेक दल की प्रतिभाओं ने कीर्तिमान बना डाले-हजारों करोड़ के वारे-न्यारे करके भी वे अपने को राजा हरिश्चन्द्र कहते हैं! जलील की तर्ज पर: रिंद के रिंद रहे, हाथ से जन्नत न गई। यानी, पार्टी-फंड के नाम पर बेतहाशा, बेहिसाब धन, अघोषित अनुचित शर्तों पर, इकट्ठा कर भी ईमानदार कहलाना! इस कुकर्म का बचाव सत्ताधारी पार्टियों के कारकून, समर्थक यह कह करते हैं कि 'चुनाव लड़ने के लिए करना पड़ता है' | परन्तु यह बिलकुल झूठा बहाना है।

पहले तो, दर्जनों लोकतांत्रिक देशों में चुनाव होते हैं, जहाँ किसी पार्टी को बेहिसाब धन की जरूरत नहीं पड़ती। वही पद्धति सरलता से यहाँ भी अपना सकते हैं, जिस में एक संसदीय चुनाव-क्षेत्र में चुनाव लड़ने में भी किसी उम्मीदवार को पंद्रह-बीस लाख रूपयों से अधिक खर्च न हो। चूँकि सादी, सरल चुनाव व्यवस्था करने के लिए जरूरी नियम, प्रतिबंध, आदि सभी दलों पर समान लागू होंगे, अतः कोई आपत्ति भी नहीं कर सकेगा। बल्कि, वैसी व्यवस्था से हर कहीं अच्छे उम्मीदवारों के भी चुनाव लड़ने और चुने जाने का मार्ग खुलेगा।

पर, दरअसल अनेक बड़ी पार्टियाँ नहीं चाहतीं कि उन्हें छोटे दलों, या अच्छे स्थानीय उम्मीदवारों से चुनौती मिले। भाजपा के एक चुनाव सुपरवाइजर के अनुसार, आज के भाजपा नेता ने चुनाव लड़ने को इतना मँहगा रूप दे दिया कि स्वतंत्र उम्मीदवार क्या, अच्छी-अच्छी पार्टियाँ तक चुनाव लड़ने की क्षमता खो रही हैं। इस के पीछे सत्ता पर एकाधिकार रखने की चाल है। जो नाकाम हो जाएगी यदि चुनाव लड़ना इंग्लैंड या जापान की तरह सस्ता, आबंडरहीन बना दिया जाए।

संगठित भ्रष्टाचार का दूसरा विराट रूप है-सत्ताधारी दलों द्वारा सालो-भर राजकीय संसाधनों को पार्टी-नेता प्रचार में लगाना। जैसे, राजकीय विभागों, संस्थानों द्वारा अखबारों को विज्ञापन के नाम पर सत्तासीन नेता को नियमित रूप से लोगों के सामने फैलाते रहना। ऊपर से, मीडिया के एक वर्ग को सत्ताधारी के सामने पालतू बनाना। यानी, दोहरा कदाचार। एक बार, देश के एक बड़े अखबार के कुल 32 पृष्ठों में 23 पर एक सत्ताधारी नेता की छोटी, बड़ी, पूरे, आधे पृष्ठों पर तस्वीरें थीं। सब कोई न कोई सूचना या 'बधाई देने' हेतु। पर असल उद्देश्य साफ था-उस नेता और उस की पार्टी का प्रचार। उन विज्ञापनों का बिल केवल एक दिन, केवल एक अखबार को, कम से कम 2-3 करोड़ रूपए रहा होगा, जो राजकोष से गया।

# भारत की विरासत गौरव का स्रोत है

-विजय गर्ग-

भारत एक प्राचीन राष्ट्र है। यह सिर्फ लगभग डेढ़ अरब लोगों का संग्रह या इतिहास और भूगोल का हिस्सा नहीं है। सिर्फ एक देश भी नहीं। यह एक अनूठा सांस्कृतिक अनुभव है। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है। वैदिक काल से और उससे भी पहले से संस्कृत परंपरा का प्रवाह है। उपनिषदों में जानना, सुनना, सुनी हुई बात को स्मृति में रखना और उसका उपयोग करना ही उपवास कहलाता है। श्रुति और वेद समान अर्थ वाले शब्द हैं। शब्द और रूप ज्ञान का रख-रखाव स्मृति है। सच्चाई और सुंदरता काफिर से बनाना संस्कृति है। भारतीय संस्कृति में निरंतरता है। स्थापित्व के साथ सभी प्रतीक और स्मारक एक समृद्ध विरासत के उत्तराधिकारी हैं। सभी देश अपनी प्राचीन विरासत को बनाए रखते हैं और मजबूत करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर ठीक ही कहा कि संग्रहालय हमें अतीत से जुड़ने और भविष्य के प्रति जागरूकता जगाने के लिए प्रेरित करते हैं। किसी भी काल की संस्कृति को ठीक से समझने के लिए, संग्रहालय सबसे बड़ी कक्षाएं हैं। हड़प्पा या महांजोदड़ो सभ्यताओं में गएवह हमें संग्रहालयों में संरक्षित पुरावशेषों से भी प्राप्त होता है। इन्हीं बातों से हमें उस समय के लोगों के रहन-सहन और रीति-रिवाजों का पता चलता है। यह भी एक सच्चाई है कि हड़प्पा या महानजोदड़ो सभ्यताओं के दौरान निर्माण और शहरी नियोजन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तकनीकें आज की अत्याधुनिक तकनीकों से भी बहुत पीछे हैं। उस समय की जल निकासी प्रणाली और वास्तुकला का कोई ज्ञान नहीं है। विडम्बना यह है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी में देश की सारी धरोहर खो गई है। कीमती पांडुलिपियाँ औरपुस्तकालयों को जला दिया गया। कई कलाकृतियों को अनैतिक तरीके से देश से बाहर ले जाया गया। भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा के कारण कई देशों ने इन विरासतों को लौटाना शुरू कर दिया है। आजादी के बाद के दशकों में बीस से भी कम कलाकृतियां भारत आईं, लेकिन पिछले नौ सालों में करीब 240 कलाकृतियां वापस लाई गई हैं। सांस्कृतिक विरासत और स्मारकों का संरक्षण एक राष्ट्रीय कर्तव्य है। संविधान के अनुच्छेद 49 में उल्लेख है, संसद द्वारा बनाई गई प्रक्रिया के तहत या उसके द्वारा घोषित राष्ट्रीय महत्व के कृत्रिम या कलात्मक कार्य प्रत्येक स्मारक, स्थान या ऐतिहासिक महत्व की वस्तु को क्षति, विनाश और क्षति से बचाने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। इसके बावजूद पिछली सरकारों के दौरान कई स्मारक खो गए। 2009 में लापता स्मारकों की संख्या 35 थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एजेंसी यानी एएसआई के अनुसार, 2018 तक 14 स्मारक शहरीकरण के शिकार थे। चौबीस स्मारकों का पता नहीं था। इस बीच, संस्कृति मंत्रालय से जुड़ी सिंधु सभ्यता अध्ययन समिति ने हरियाणा के भिरना और राखीगढ़ी में खुदाई के अध्ययन को महत्व दिया है।दिया गया कार्बन डेटिंग के अनुसार सभ्यता 7000-6000 वर्ष ईसा पूर्व आंकी गई थी। समिति ने वैदिक काल की सभ्यता के संबंध में 9000 वर्ष पूर्व की अवधि का अध्ययन करने पर बल दिया था। एएसआई कमेटी के प्रमुख केएन दीक्षित ने कहा कि कार्बन डेटिंग के नतीजों को ऋग्वेद, रामायण और महाभारत के समय के संबंध में समझना चाहिए। इन धरोहरों की प्राचीनता का निर्धारण साहित्यिक साक्ष्यों से भी किया जा सकता है। भारत को अनेक संस्कृतियों का देश बताने वाले कथित विद्वान हड़प्पा सभ्यता को वैदिक सभ्यता से भी पहले का मानते हैं वे नहीं बताते वे सुमेरियन सभ्यता को हड़प्पा से भी पुरानी बताते हैं। वे वैदिक शब्द प्रमाणों पर ध्यान नहीं देते। ऋग्वेद में सरस्वती नदी जल से भरी हुई है। ये तथ्य हड़प्पा से प्राचीन हैं। भारत, सुमेर और मिस्र के सम्बन्धों को ऋग्वेद के आलोक में देखा जाना चाहिए। कुछ इतिहासकार ऋग्वेद को प्रमाण नहीं मानते हैं। उनकी दृष्टि में पुरातत्व का अर्थ भवन निर्माण के विज्ञान से सम्बन्धित वस्तुएँ ही है। केवल भवन निर्माण ही पुरातनता का प्रमाण नहीं है। यह पुरातनता कला या स्थापत्य से संबंधित शब्दों और वस्तुओं में भी हो सकती हैमे भी यूनेस्को ने ऋग्वेद को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया क्योंकि यह मानवता का सबसे पुराना लिखित प्रमाण है। भारत विश्व विरासत में एक प्रतिष्ठित देश है। विश्व विरासत सूची में 35 से अधिक स्थान हैं। इस लिस्ट में यूनेस्को ने कुंभ राशि को भी शामिल किया है। भारत अन्य सभी स्थानों को विश्व विरासत सूची में शामिल कराने के लिए प्रयासरत है। इस्लामिक आक्रमण से पहले भारत में लाखों मंदिर थे। मुहम्मद बिन कासिम के आक्रमण से लेकर औरंगजेब तक, मंदिरों के विध्वंस का एक दागदार इतिहास रहा है। कई मंदिर एक ही सामग्री से नहीं तोड़े जातेएल मस्जिदों का निर्माण किया गया। पीड़ित हिंदुओं ने इस विरासत के लिए संघर्ष किया। सोमनाथ का विनाश और पुनर्निर्माण स्पष्ट है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को लेकर ऐतिहासिक आंदोलन हुआ। मंदिर निर्माणाधीन है। ज्ञानवापी का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि को लेकर भी मुकदमा चल रहा है। दिल्ली में कई मंदिरों को तोड़कर उसी सामग्री से बनी मस्जिद कुव्वत-उल-इस्लाम भारतीय गौरव के लिए चुनौती बन गई है। कहा जाता है कि जौनपुर की अटाला मस्जिद अटाला देवी मंदिर पर बनी है। पांडुआ, बंगाल में मंदिर केजगह एक मस्जिद है। भारतीय राष्ट्र एक सांस्कृतिक अवधारणा है। संस्कृति को वास्तुकला और अन्य प्रतीकों के माध्यम से भी व्यक्त किया जाता है। ऐसी तमाम धरोहरें भारत के मन को राष्ट्रीय गौरव से भर देती हैं। इनके माध्यम से हम अपने वीर अतीत से जुड़ते हैं।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062, सोमवार से शनिवार प्रात: 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा है। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# जीडीपी आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

## शेयर समीक्षाः वाहन बिक्री आंकड़े व कंपनियों के नतीजे प्रभावित करेंगे चाल

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह जारी होने वाले सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी और वाहन बिक्री आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही परिणाम, एफआईआई के प्रवाह और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतक, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में उतार-चढ़ाव, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल की कीमतों के साथ-साथ अमेरिकी ऋण सीमा का मुद्दा अहम महत्व रखता है। घरेलू स्तर पर, सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों, राजकोषीय घाटे के अपडेट और वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े सहित प्रमुख मैक्रोइकॉनॉमिक आंकड़ों पर बाजार की नजर रहेगी। साथ ही अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में रुपए के प्रदर्शन और एफआईआई की लिवाली की भी अहम भूमिका रहेगी। अमेरिका के ऋण समझौते तथा संस्थागत प्रवाह पर भी सभी की निगाह रहेगी। इस सप्ताह बाजार भागीदार संस्थागत प्रवाह पर करीबी नजर रखेंगे, क्योंकि माना जाता है जब विदेशी संस्थागत निवेशक एफआईआई और घरेलू संस्थागत निवेशक डीआईआई दोनों शुद्ध लिवाल हो जाते हैं, तो बाजार में कुछ मुनाफावसूली की संभावना बन जाती है। इसके अलावा अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल, डॉलर सूचकांक की चाल और कच्चे तेल के दाम पर भी भागीदारों की निगाह रहेगी। साथ ही विनिर्माण पीएमआई और सेवा पीएमआई आंकड़ों पर भी नजर होगी। इससे पहले 31 मई को जीडीपी के आंकड़े आने हैं। विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े बृहस्पतिवार को आएंगे। एफआईआई मई में अबतक 20,606.80 करोड़ रुपए के शुद्ध लिवाल रहे हैं। वहीं, इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों डीआईआई ने 1,192.47 करोड़ रुपए की बिकवाली की है। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 772.01 अंक अर्थात 1.25 प्रतिशत की उछाल लेकर सप्ताहांत पर 62501.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का निफ्टी 295.95 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की तेजी लेकर 18499.35 अंक पर पहुंच गया।



### टॉप-7 कंपनियों की बाजार पूंजी 1.51 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 151140.39 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 43131.02 करोड़ रुपए बढ़कर 1695833.65 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 39243.32 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 1218098.20 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 29578.69 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 551431.15 करोड़ रुपए और इन्फोसिस की 20171.09 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 546662.99 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 9638.58 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 522848.39 करोड़ रुपए पर और भारती एयरटेल का 6981.11 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 456031.45 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 2396.58 करोड़ रुपए बढ़कर 623017.62 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इस रुख के उलट एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 17825.74 करोड़ रुपए घटकर 902742.36 करोड़ रुपए रह गया। एचडीएफसी की बाजार हैसियत 11382.46 करोड़ रुपए के नुकसान से 488466.16 करोड़ रुपए रह गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 2642.52 करोड़ रुपए घटकर 664553.58 करोड़ रुपए पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

**रिलायंस व टीसीएस को सबसे अधिक फायदा**

### एफपीआई ने मई में अब तक शेयरों में 37316 करोड़ रुपए डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों एफपीआई ने मई में अब तक भारतीय शेयर बाजारों में 37316 करोड़ रुपए डाले हैं। मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद और शेयरों के उचित मूल्यांकन की वजह से भारतीय बाजारों के प्रति एफपीआई का आकर्षण बढ़ा है। यह पिछले छह माह में एफपीआई द्वारा शेयरों में किया गया सबसे अधिक निवेश है। इससे पहले उन्होंने नवंबर, 2022 में शेयरों में शुद्ध रूप से 36239 करोड़ रुपए निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने दो से 26 मई के दौरान भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 37317 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे पहले उन्होंने अप्रैल में शेयरों में 11630 करोड़ रुपए और मार्च में 7936 करोड़ रुपए डाले थे। इस साल के पहले दो माह में एफपीआई ने शेयरों से 34000 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की थी। शेयरों के अलावा एफपीआई ने मई में अबतक ऋण या बॉन्ड बाजार में 1432 करोड़ रुपए डाले हैं। इस ताजा प्रवाह के साथ 2023 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 22737 करोड़ रुपए का निवेश कर चुके हैं।

# भारत का यूरोप में निर्यात हो सकता है प्रभावित

### जर्मनी में आई मंदी के बीच सीआईआई ने दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** जर्मनी की अर्थव्यवस्था आर्थिक मंदी में आ गई है। गौरतलब है कि जर्मनी को यूरोप का इंजन कहा जाता है। जर्मनी के इस ।र्थिक मंदी से यूरोप के आर्थिक संकट में फंसने का खतरा मंडराने लगा है। बताया जा रहा है कि जर्मनी में आई आर्थिक मंदी से भारत का रसायन, मशीनरी, परिधान और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों का यूरोपीय संघ को निर्यात प्रभावित हो सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई की निर्यात-आयात एग्जिम पर समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि जर्मनी में आई आर्थिक मंदी का भारतीय निर्यात पर असर जानना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि पूरा यूरोपीय संघ बढ़ती ऊर्जा कीमतों का सामना कर रहा है, जिससे लगातार दो तिमाहियों से जर्मनी में मंदी बनी हुई है। बुधिया ने कहा कि पिछले साल भारत के कुल निर्यात में जर्मनी का हिस्सा 4.4 प्रतिशत था।

**इन क्षेत्रों के निर्यात पर असर**

भारत ने मुख्य रूप से जैविक रसायनों, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, फुटवियर, लौह-इस्पात के साथ-साथ चमड़े की वस्तुओं का निर्यात किया था। उन्होंने कहा कि हालांकि जर्मनी में मंदी के भारत पर प्रभाव का अभी आकलन करना जल्दबाजी होगा, लेकिन उपरोक्त क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे। बता दें कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश जर्मनी मंदी का सामना कर रहा है। इसका सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी 2022 की चौथी तिमाही में 0.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2023 की पहली तिमाही में 0.3 प्रतिशत और गिर गया।

# ओएनजीसी 15 जून से केजी में गैस उत्पादन शुरू करेगी

### 12 डॉलर की कीमत मांगी

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी ने अपने केजी बेसिन गैस क्षेत्र से बहुप्रतीक्षित उत्पादन शुरू करने की तारीख तय कर दी है। कंपनी ने 15 जून से आपूर्ति किए जाने वाले ईंधन के लिए 12 डॉलर की कीमत मांगी है। ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन ओएनजीसी 15 जून से ब्लॉक से प्रतिदिन चार लाख मानक घन मीटर का उत्पादन शुरू करेगी। यह तय उत्पादन का एक छोटा हिस्सा ही है। उत्पादन को पांच फरवरी, 2024 तक बढ़ाकर 14 लाख मानक घन मीटर किया जाएगा। यह ब्लॉक बंगाल की खाड़ी में रिलायंस इंडस्ट्रीज के केजी-डी6 क्षेत्र के बगल में स्थित है। गैस बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित करने को जारी किए गए निविदा दस्तावेज में यह जानकारी दी गई। ओएनजीसी के उत्पादन निदेशक पंकज कुमार ने मार्च में बताया था कि कंपनी इस साल मई या जून तक कृष्णा गोदावरी बेसिन से तेल का उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने बताया था कि इस तेल के साथ थोड़ी मात्रा में गैस भी निकलेगी। कंपनी ने 15 जून से निकलने वाली इस गैस के लिए शहरी गैस परिचालकों से बोली मांगी है। इनमें सीएनजी और पाइप वाली रसोई गैस विक्रेता शामिल हैं।

# आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए एक जून को होगा साक्षात्कार

**नई दिल्ली।** कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति एक जून को भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई के डिप्टी गवर्नर पद के लिए पांच उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एमके जैन का विस्तारित कार्यकाल 21 जून को पूरा हो रहा है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर के पद के लिए यह पद एक वाणिज्यिक बैंकर के लिए आरक्षित है। इस पद के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन सहित पांच उम्मीदवारों का नाम छांटा गया है। कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति नई दिल्ली में उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी। साक्षात्कार में चुने गए नाम को अंतिम मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति के पास भेजा जाएगा। खोज समिति में कैबिनेट सचिव के अलावा आरबीआई गवर्नर, वित्तीय सेवा सचिव और दो स्वतंत्र सदस्य शामिल हैं। डिप्टी गवर्नर की नियुक्ति तीन साल के लिए की जाती है। उनके कार्यकाल को बढ़ाया जा सकता है। डिप्टी गवर्नर को प्रति माह 2.25 लाख रुपए का वेतन तथा अन्य भत्ते मिलते हैं।

# मारुति को पहली तिमाही उत्पादन नुकसान का अनुमान

### जुलाई से स्थिति सुधरने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उत्पादन नुकसान की आशंका है। हालांकि, कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जुलाई-सितंबर की तिमाही से स्थिति सुधरने की उम्मीद है। कंपनी अब भी इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी से जूझ रही है, जिसके चलते पहली तिमाही में उसको उत्पादन में नुकसान की आशंका है। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी काफी समय से चिप के संकट का सामना कर रही है जिससे उसके आपूर्तिकर्ता बाजार मांग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी बिक्री एवं विपणन शशांक श्रीवास्तव ने कहा, हमें पिछले वित्त वर्ष में 1.7 लाख इकाइयों के उत्पादन का नुकसान हुआ है । पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में हमारा नुकसान लगभग 45000 इकाइयों का था। इसी तरह चौथी तिमाही में लगभग 38000 इकाइयों का नुकसान हुआ। मांग अधिक और आपूर्ति कम रहने की वजह से कंपनी के लंबित ऑर्डर चार लाख इकाई को पार कर गए हैं। सबसे ज्यादा एक लाख ऑर्डर अर्टिगा के लंबित हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि मौजूदा आपूर्ति की स्थिति के साथ कंपनी को अप्रैल में उत्पादन का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, मई में नुकसान हुआ है और जून में ऐसा ही रहेगा। इस तिमाही में हमें उत्पादन का नुकसान होगा। श्रीवास्तव ने उम्मीद जताई कि आने वाले महीनों में चिप आपूर्ति की स्थिति में कुछ सुधार होगा। उन्होंने कहा, इसलिए संभवतः जुलाई के बाद से हम स्थिति में कुछ सुधार देखेंगे।

**अप्रैल में छह प्रतिशत घटा उत्पादन**

अप्रैल में कंपनी ने 144097 यात्री वाहनों का उत्पादन किया, जो पिछले साल इसी महीने के 152954 इकाइयों के उत्पादन से छह प्रतिशत कम है। कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा के 60000 इकाइयों के ऑर्डर लंबित हैं।

### मैग्नाइट गेजा विशेष संस्करण पेश

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने अपनी मैग्नाइट गेजा एसयूवी का विशेष संस्करण पेश किया है, जिसकी एक्स शोरूम कीमत 7.39 लाख रुपए है। राकेश श्रीवास्?तव, प्रबंध निदेशक निसान मोटर इंडिया ने कहा कि मैग्नाइट गेजा एडवांस इंफोटेनमेंट सिस्टम, शक्तिशाली प्रदर्शन, उन्नत सुविधाओं और बेहतर सुरक्षा तकनीक के साथ एक शानदार कॉम्बिनेशन प्रदान करता है। इसके उन्नत फीचर में हाई-रेजोल्यूशन वाला 9 इंच का टचस्क्रीन, वायरलेस कनेक्टिविटी के साथ एंड्रॉयड कार प्ले, प्रीमियम जेबीएल स्पीकर, ऐप के साथ लाइट कंट्रोल, ट्रैजेक्टरी गाइडलाइंस के साथ रियर कैमरा, प्रीमियम बेज रंग की सीट अपहोल्स्ट्री (ऑप्शनल) और शार्क फिन एंटीना शामिल है। विशेष संस्करण को कंपनी के शोरूम में 11,000 रुपए में बुक किया जा सकता है।

# जीरे के भाव में गिरावट

### रिकॉर्ड स्तर से 10 फीसदी सस्ता हुआ जीरा



**भोपाल (व्यापार संवाददाता)।** गर्मियों में स्टॉक के लिए मांग बढ़ने के चलते जीरे में आई तेजी पर अब ब्रेक लगता दिखाई दे रहा है। पिछले एक सप्ताह में जीरे के भाव में 10 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई है।

ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि बरसात के स्टॉक के लिए लोग जीरे की थोक खरीदारी करते हैं। जिससे स्थानीय बाजार में जीरे के भाव रिकॉर्ड स्तर 620 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुके थे, लेकिन अब मांग घटने के चलते जीरे में प्रति किलो 70 रुपए की गिरावट आई है। आने वाले दिनों में जीरे के भाव में और अधिक गिरावट की संभावना है, क्योंकि बाजार में जीरे की मांग सामान्य रहने की उम्मीद है। स्थानीय किराना मंडी में जीरा प्रति किलो 550 रुपए बिक रहा है। गिरावट की वजह इसकी वजह ऊंचे भाव पर मांग कमजोर पड़ना माना जा रहा है। कमोडिटी एक्सचेंज एनसीडीईएक्स में भी जीरा का जून कॉन्ट्रैक्ट में गिरावट दर्ज की गई है। सूत्रों के मुताबिक सीरिया में जीरा की नई फसल आने से निर्यात मांग भी कमजोर पड़ी है। मांग कमजोर होने से जीरा की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। वर्तमान भाव से जीरे की कीमत में 50 रुपए से 100 रुपए तक की और गिरावट आ सकती है। इसके बाद दाम सुधरने की संभावना है क्योंकि इस साल जीरे का उत्पादन काफी कम है। पिछले साल उत्पादन 6.29 लाख टन था। इस साल यह घटकर 3.8 से 4 लाख टन रहने की उम्मीद है।

### यूपीआई से हो रहा जमकर लेनदेन

**नई दिल्ली।** यूपीआई से लेनदेन काफी तेजी से बढ़ रहा है। पीडब्ल्यूसी इंडिया की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2026-27 तक प्रतिदिन एक अरब यूपीआई लेनदेन होंगे और कुल डिजिटल पेमेंट में इसका हिस्सा बढ़कर 90 प्रतिशत हो जाएगा। पीडब्ल्यूसी की द इंडियन पेमेंट्स हैंडबुक 2022-27 रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल पेमेंट में क्रांति लाने वाले यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यूपीआई की वित्त वर्ष 2022-23 में रिटेल सेगमेंट के लेनदेन में हिस्सेदारी 75 प्रतिशत रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले पांच साल में खुदरा डिजिटल भुगतान में कुल लेनदेन राशि का 90 प्रतिशत यूपीआई करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि मात्रा के लिहाज से भारतीय डिजिटल भुगतान बाजार सालाना 50 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 के 103 अरब लेनदेन से 2026-27 में इसके 411 अरब लेनदेन पर पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, अनुमान लगाया गया है कि यूपीआई के माध्यम से वित्त वर्ष 2026-27 तक हर दिन एक अरब लेनदेन होंगे।

# सरकारी बैंकों से रिकॉर्ड लाभांश लेगी सरकार

### 50 फीसदी अधिक 13800 करोड़ रुपए का लाभांश अर्जित करने की संभावना

**नई दिल्ली।** 12 सूचीबद्ध सरकारी बैंकों से सरकार वित्तीय वर्ष 2023 में तकरीबन 13800 करोड़ रुपए का इक्विटी डिविडेंड अर्जित करने वाली है, जो वित्त वर्ष 2022 के 9210 करोड़ रुपए से 50 प्रतिशत अधिक है। यह पीएसबी से सरकार को अब तक की सबसे अधिक लाभांश आय होगी। 12 सूचीबद्ध पीएसबी का वित्त वर्ष 2023 में करीब 21000 करोड़ का कुल इक्विटी लाभांश वित्त वर्ष 2022 के 13710 करोड़ रुपए से 53 प्रतिशत अधिक है। आय और लाभांश भुगतान के लिहाज से पीएसबी के लिए यह सबसे अच्छा साल रहा है। व्यक्तिगत पीएसबी के बीच लाभांश भुगतान में वृद्धि भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई द्वारा संचालित रही, जिसने वित्त वर्ष 2023 के लिए कुल 10085 करोड़ रुपए का भुगतान घोषित किया, जिसमें से 5740 करोड़ रुपए सरकार को प्राप्त हो रहे हैं।

वित्त वर्ष 2023 में पीएसबी द्वारा भुगतान किए गए सभी लाभांश में एसबीआई का योगदान 48 प्रतिशत रहा। इसके बाद बैंक ऑफ बड़ौदा, जिसने वित्त वर्ष 2023 में 2848 करोड़ रुपए के इक्विटी लाभांश की घोषणा की तथा केनरा बैंक 2177 करोड़ रुपए का स्थान रहा।

**सरकारी बैंकों के राजस्व व लाभ में तीव्र उछाल**

पीएसबी द्वारा लाभांश भुगतान में यह वृद्धि पिछले दो वर्षों में पीएसबी के राजस्व और शुद्ध लाभ में तीव्र उछाल से प्रेरित रही। सूचीबद्ध पीएसबी का संयुक्त शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 1.05 लाख करोड़ रुपए रिकॉर्ड शीर्ष स्तर पर पहुंच गया, जो वित्त वर्ष 2022 में 66540 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2021 में 31818 करोड़ रुपए था। इसकी तुलना में बैंकिंग क्षेत्र में फंसे हुए ऋण संकट के शीर्ष स्तर पर पीएसबी ने वित्त वर्ष 2018 में 76000 करोड़ रुपए से अधिक का संयुक्त शुद्ध घाटा दर्ज किया था, इसके बाद वित्त वर्ष 2019 में करीब 59800 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा दर्ज किया गया था। तुलनात्मक रूप से, पीएसबी की संयुक्त सकल ब्याज आय वित्त वर्ष 2023 में पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़कर 8.51 लाख करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले 7.09 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2023 में एनपीए के लिए कुल प्रावधान पिछले साल के मुकाबले 9.7 प्रतिशत घटकर लगभग 97000 करोड़ रुपए रह गया, जो पिछले आठ साल में सबसे कम है।

**सरकार को मिलेगा वित्तीय प्रोत्साहन :** पीएसबी द्वारा लाभांश भुगतान में तीव्र वृद्धि से केंद्र सरकार को वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा और राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद मिलेगी। पीएसबी से लाभांश आय सरकार के गैर कर राजस्व का हिस्सा होती है। इसी अवधि में शुल्क और ट्रेजरी आय सहित उनका कुल राजस्व पिछले साल के मुकाबले 15.7 प्रतिशत बढ़कर 9.7 लाख करोड़ रुपए हो गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का बैंकिंग शिविर लक्ष्य कासा संपन्न



**भोपाल।** देश के अग्रणी सरकारी बैंक, बैंक आफ बड़ौदा ने जिले के 12 केंद्रों पर भव्य बैंकिंग शिविर लक्ष्य कासा आयोजित किया। प्रातः 8 बजे से 2 बजे तक आयोजित शिविर में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार के बचत एवं चालू खाता खोलना, ऋण योजनाओं की जानकारी एवं अन्य लाभकारी बैंकिंग उत्पादों की जानकारी प्रदान की गई। उज्जैन शहर में यह शिविर पांच केंद्रों टावर चौराहा, फ्रीगंज, तरणताल चौराहा, बुधवारिया एवं सिंहपुरी में आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव के करकमलों द्वारा किया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के उज्जैन शाखा के मुख्य प्रबंधक दिलीप पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ग्राहकों को अधिक से अधिक बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहकों ने बैंकिंग सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में सभी आगंतुकों हेतु जलपान आदि की व्यवस्था भी बैंक द्वारा की गई थी। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उज्जैन शहर में 1100 से अधिक बैंक खाते खोले गए। साथ ही इस तरह के आयोजन ग्राहकों हेतु आगे भी आयोजित करने की घोषणा की गई।

### रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल साइंसेज विभाग ने विश्वविद्यालय की फैकल्टी और छात्रों के लिए बेसिक लाइफसपोर्ट बीएलएस और सीपीआर प्रशिक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में बतौर एक्सपर्ट डॉ. असलम जमाली, एचओडी फिजियोथेरेपी विभाग बीएमएचआरसी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि सीपीआर का मतलब है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन एक जीवन रक्षक तकनीक है। बीएलएस बुनियादी चिकित्सा सहायता है, जो लोगों को अस्पताल पहुंचने से पहले या उन स्थितियों में दी जाती है। मौके पर घायल को सीधा लिटा दें। उसकी नब्ज देखें, गर्दन की नाड़ी, नाक पर हाथ लगा देखें कि उसकी सांसें चल रही हैं। इसके बाद उसकी छाती खत्म होने व पेट शुरू होने वाली जगह पर अपने एक हाथ की हथेली पर दूसरे हाथ को रख कर उसे प्रेस करें। एक मिनट में 100 से 120 बार ऐसा करें। इसके बाद उसे अस्पताल पहुंचा दें। कार्यशाला का सफल आयोजन डॉ अविनाश सिंह, प्रभारी एचओडी और पैरामेडिकल साइंसेज विभाग के सभी शिक्षकों द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय की प्रो.चांसलर डा. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलपति डॉ. ब्रह्मप्रकाश पेठिया ने कार्यशाला को आमजन के लिए बहुपयोगी बताया।

# अमेरिका डिफॉल्ट हुआ तो डूबेगी दुनिया

### भारत के भी फंसे हैं 224 अरब डॉलर

**नई दिल्ली ।** अमेरिका में डेट सीलिंग का संकट फिलहाल टलता हुआ दिख रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैकार्थी के बीच इस सीमा को बढ़ाने पर सैद्धान्तिक सहमति बन गई है। इससे भारत समेत दुनिया के कई देशों ने राहत की सांस ली है। हालांकि आशंका अब भी बनी हुई है। इसकी वजह यह है कि इस डील तक पहुंचने के लिए जो शर्तें तय की गई हैं उससे डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पक्षों के नाराज होने का खतरा है। हर गुजरते दिन के साथ अमेरिका के डिफॉल्ट होने का खतरा बढ़ता जा रहा था। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है और उसके डिफॉल्टर बनने से दुनिया पर भारी असर हो सकता था। दुनिया के कई देशों ने अमेरिकी के सरकारी बॉन्ड्स में भारी निवेश कर रखा है। विदेशी सरकारों के पास अमेरिका के 7.6 ट्रिलियन डॉलर के सरकारी बॉन्ड हैं। इनमें से एक चौथाई से अधिक चीन और अमेरिका के पास है। अमेरिका के ट्रेजरी बॉन्ड्स को दुनिया में सबसे सुरक्षित माना जाता है। अमेरिका के सरकारी बॉन्ड्स में जापान का निवेश 1.1 ट्रिलियन डॉलर है जबकि चीन का 870 अरब डॉलर है। यूके ने अमेरिका के सरकारी बॉन्ड्स में 655 अरब डॉलर, बेल्जियम ने 354 अरब डॉलर, लग्जमबर्ग ने 329 अरब डॉलर, कैमैन आइलैंड्स ने 284 अरब डॉलर, स्विट्जरलैंड ने 270 अरब डॉलर, आयरलैंड ने 255 अरब डॉलर और ताइवान ने 226 अरब डॉलर का निवेश किया है।

### 78 लाख नौकरी और 10 लाख करोड़ डॉलर का होगा नुकसान

मूडीज एनालिटिक्स के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि एक हफ्ते तक के नकदी संकट से ही अमेरिका की जीडीपी 0.7 फीसदी तक गिर सकती है और 15 लाख नौकरियां जा सकती हैं। जीडीपी में 4.6 पाऊीसदी की गिरावट आएगी। इससे 78 लाख नौकरियां चली जाएंगी। शेयर बाजार गिर जाएंगे। करीब 10 लाख करोड़ डॉलर की घरेलू संपत्ति का सफाया हो जाएगा और कर्ज काफी महंगा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के डिफॉल्ट होने से इस देश में बड़ी मंदी आएगी। यह ग्लोबल इकॉनमी को डुबो देगी।

**भारत 10वें स्थान पर**

| | |
|---|---|
| 1. जापान | 1.1 ट्रिलियन डॉलर |
| 2. चीन | 870 अरब डॉलर |
| 3. ब्रिटेन | 655 अरब डॉलर |
| 4. बेल्जियम | 354 अरब डॉलर |
| 5. लग्जमबर्ग | 329 अरब डॉलर |
| 6. कैमैन आइलैंड्स | 284 अरब डॉलर |
| 7. स्विट्जरलैंड | 270 अरब डॉलर |
| 8. आयरलैंड | 255 अरब डॉलर |
| 9. ताइवान | 226 अरब डॉलर |
| 10. भारत | 224 अरब डॉलर |
| 11. हॉन्ग कॉन्ग | 221 अरब डॉलर |
| 12. ब्राजील | 217 अरब डॉलर |
| 13. कनाडा | 215 अरब डॉलर |
| 14. फ्रांस | 189 अरब डॉलर |
| 15.सिंगापुर | 179 अरब डॉलर |

**कई देशों ने किया है निवेश :** भारत का अमेरिका के सरकारी बॉन्ड्स में 224 अरब डॉलर का निवेश है। इसी तरह हॉन्ग कॉन्ग का 221 अरब डॉलर, ब्राजील का 217 अरब डॉलर, कनाडा का 215 अरब डॉलर, फ्रांस का 189 अरब डॉलर और सिंगापुर का 179 अरब डॉलर का निवेश अमेरिका के सरकारी बॉन्ड्स में है। इसी तरह अमेरिका के बॉन्ड्स में सऊदी अरब का 120 अरब डॉलर, साउथ कोरिया का 103 अरब डॉलर, जर्मनी 101 अरब डॉलर, नॉर्वे का 92 अरब डॉलर, बरमूडा का 82 अरब डॉलर, नीदरलैंड्स का 66 अरब डॉलर, मेक्सिको का 59 अरब डॉलरए यूएई का 59 अरब डॉलर, ऑस्ट्रेलिया का 57 अरब डॉलरए ऑस्ट्रेलिया का 57 अरब डॉलर और कुवैत का 49 अरब डॉलर का निवेश है। अमेरिका के बॉन्ड्स में सबसे कम निवेश करने वाले देशों में स्वीडन 42 अरब डॉलर, थाईलैंड 46 अरब डॉलर, बहामा 46 अरब डॉलर, इजरायल 48 अरब डॉलर और फिलीपींस 48 अरब डॉलर शामिल हैं।

# गुणवत्तापूर्ण दवा निर्माण पर जो दें कंपनियां

### दवा कंपनियों के सीईओ से मिले स्वास्थ्य मंत्री



**नइ दिल्ली।** रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने दवा कंपनियों के सीईओ से मुलाकात की। इस दौरान मांडविया ने इनोवेशन और रिसर्च के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण और किफायती दवा विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने पर जो दिया। मांडविया ने कहा है कि घरेलू औषधि उद्योग को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए गुणवत्ता और किफायती विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मांडविया ने प्रमुख दवा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ गोलमेज बैठक में उद्योग जगत से अनुसंधान एवं नवोन्मेष पर ध्यान बढ़ाने के लिए कहा। माडंविया ने सरकार के सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराते हुए संबंधित पक्षों को मूल्य निर्धारण, नियामक नीति और रणनीति के पहलुओं से संबंधित सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि आगे नीतिगत समर्थन और विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए सुझावों पर उचित विचार किया जाएगा। गोलमेज बैठक में 60 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री ने बैठक में कहा, यह क्षेत्र तेज गति से प्रगति कर रहा है और दुनिया की फार्मेसी की अपनी छवि को बनाए रखने के लिए हमें अनुसंधान एवं नवोन्मेष पर ध्यान बढ़ाते हुए गुणवत्ता एवं किफायती विनिर्माण पर ध्यान देने की जरूरत है।

### दूरसंचार में भारत दुनिया का सबसे उन्नत देश

**नई दिल्ली।** दूरसंचार में भारत दुनिया का सबसे उन्नत देश है। भारत में 2027 तक पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है। सामान्य रूप से व्यवसायों को निर्णायक नेतृत्व की जरूरत होती है और भारत में लंबे समय के बाद न केवल पूर्ण बहुमत वाली सरकार है बल्कि एक ऐसा नेता भी है, जिसे वैश्विक नेता के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह बात भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील मित्तल ने नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित एक सम्मेलन में कही। मित्तल ने कहा, उन्होंने कहा, मेरी पीढ़ी दूरसंचार और संपर्क की व्यापक कमी के युग में पली-बढ़ी है, जबकि आज देश के दूरदराज के इलाकों में भी स्मार्टफोन का उपयोग किया जा रहा है। हम बहुत तेजी से हुए तकनीकी बदलावों के गवाह हैं। भारत में दुनिया में सबसे तेजी से 5जी प्रसार हुआ है। मार्च, 2024 तक पूरे देश में 5जी संपर्क कायम हो जाएगा। उन्होंने कहा, देश स्पष्ट रूप से अतिरिक्त 1.4 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हो गया है, जो हमें 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक ले जाता है। मुझे लगता है कि पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करना दो वर्ष पहले मुश्किल लगता था लेकिन अब बिल्कुल संभव लग रहा है। मुझे लगता है कि हम 2027 तक इसे हासिल कर लेंगे। मित्तल ने कहा कि उन्होंने खुद पिछले पांच वर्षों में हुए बदलावों का अनुभव किया है।

# पुलिस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों को हिरासत में लिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित प्रदर्शनकारी पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने रविवार को सुरक्षा घेरा तोड़कर नए संसद भवन की ओर बढ़ने की कोशिश करने के बाद हिरासत में ले लिया। पहलवानों ने नए संसद भवन के पास महिला महापंचायत की योजना बनाई थी।

जंतर-मंतर पर अफरातफरी के बीच पहलवानों और पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे को धक्का दिया और विनेश फोगाट और उनकी बहन संगीता फोगाट ने बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और जबरदस्ती बसों में बिठाया।

कानून और व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त दीपेंद्र पाठक ने कहा, "उन्हें कानून और व्यवस्था का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। हम जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करेंगे।" पुलिस अधिकारियों को विरोध स्थल से चीजों को हटाते हुए भी देखा गया जहां पहलवानों ने 23 अप्रैल को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना आंदोलन फिर से शुरू किया था।

पहलवानों के 'महिला सम्मान महापंचायत' के आह्वान के बाद दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर पर सुरक्षा कड़ी कर दी थी। रविवार को लुटियंस दिल्ली इलाके में हजारों पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था और कई जगत बैरिकेड लगाए गए। संसद भवन से करीब दो किलोमीटर दूर बैठकर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने कहा था कि वे किसी भी कीमत पर नए संसद भवन के पास अपनी 'महापंचायत' करेंगे।

हालांकि पुलिस ने कहा कि किसी भी प्रदर्शनकारी को नए भवन की ओर नहीं जाने दिया जाएगा क्योंकि इसके लिए अनुमति नहीं दी गई है और पहलवानों को किसी भी 'राष्ट्र-विरोधी गतिविधि' में शामिल नहीं होना चाहिए। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया, साक्षी और एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता विनेश सहित आंदोलनकारी पहलवान डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं जिन पर उन्होंने कई महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। पहलवानों ने कहा था कि पुलिस का बल प्रयोग उन्हें शांतिपूर्ण मार्च और महापंचायत से नहीं रोक पाएगा।

## मेरे समर्थकों को गिरफ्तार किया जा रहा है : साक्षी

नई दिल्ली। ओलंपिक मेडलिस्ट पहलवान साक्षी मलिक ने अंतरराष्ट्रीय एथलीट बिरादरी का ध्यान अपने प्रदर्शन की ओर आकर्षित करते हुए रविवार को कहा कि एक तरफ जहां भारत के प्रधानमंत्री नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनके (साक्षी) समर्थकों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

साक्षी ने ट्वीट किया, मेरे अंतरराष्ट्रीय बंधुओं, हमारे प्रधानमंत्री नये संसद भव का उद्घाटन कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर हमारे समर्थकों को हमारे साथ खड़े होने के लिये गिरफ्तार किया जा रहा है। लोगों को गिरफ्तार करके हम खुद को लोकतंत्र की जननी कैसे कह सकते हैं? भारत की बेटियां पीड़ा में हैं।

इसी बीच विनेश फोगाट ने साक्षी के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा, जंतर-मंतर पर खुलेआम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। एक तरफ प्रधानमंत्री ने लोकतंत्र की नई इमारत का उद्घाटन किया है। दूसरी तरफ हमारे लोगों की गिरफ्तारी जारी है। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और तीन बार की विश्व चैंपियन जापान की रिसाको कवाई शीर्ष भारतीय पहलवानों के समर्थन में उतरी थीं। संसद से करीब दो किलोमीटर दूर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों ने कहा था कि वे किसी भी कीमत पर नये भवन के पास अपनी 'महिला महापंचायत' करेंगे। इस बीच दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि विरोध करने वाले पहलवानों को नये संसद भवन के पास जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक द्वारा किये गये ट्वीट के अनुसार, पुलिस ने तीनों शीर्ष पहलवानों को हिरासत में ले लिया है।

# घरेलू मैदान पर खेलना फायदेमंद होगा : सोलंकी

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल फाइनल से पहले शनिवार को कहा कि अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ज्यादा मैच खेलने का अनुभव खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के लिये फायदेमंद होगा। सोलंकी ने मैच की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा, "हम फाइनल में बेहतर स्थिति में होंगे क्योंकि हम यहां ज्यादा मैच खेल चुके हैं और विशिष्ट परिस्थितियों में जीत हासिल कर चुके हैं।

गत चैंपियन गुजरात रविवार को होने वाले फाइनल में चेन्नई का सामना करेगी, जो रिकॉर्ड 10वीं बार आईपीएल फाइनल खेल रही है। सोलंकी ने कहा कि चेन्नई एक बेहतरीन टीम है लेकिन वह मैच के दौरान अपनी योजनाओं पर टिके रहेंगे। सोलंकी ने कहा, "हम इस बात का सम्मान करते हैं कि चेन्नई एक बहुत अच्छी टीम है। वह लंबे समय से एक शानदार टीम रही है। हम मैच पर ध्यान केंद्रित रखने की कोशिश करेंगे। मैदान पर जो होना है वह होना ही है, लेकिन हम अपनी तैयारियों को ध्यान में रखेंगे। हमारा काम मौका मिलने पर उसका पूरा-पूरा उपयोग करना है। मेरा मानना है कि कल का दिन हमारे खिलाड़ियों के लिये मौके को पूरी तरह इस्तेमाल करने का दिन है। लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का सपना देख रही गुजरात के लिये खिताबी मुकाबले में गिल तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। पंजाब के इस युवा प्रतिभावान बल्लेबाज ने इस सीजन 16 मैचों में 851 रन बनाये हैं, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं।

# यशस्वी जायसवाल टीम इण्डिया में डब्लूटीसी के लिए चयनित

## ऋतुराज गायकवाड़ की जगह लेंगे

**भदोही, एजेंसी।** भदोही जिले के रहने वाले यशस्वी जायसवाल का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर हुआ है। वह ऋतुराज गायकवाड़ की जगह लेंगे। यशस्वी के चयन से परिवार और गृहनगर सुरियावां में खुशी का माहौल है।

यशस्वी आईपीएल क्रिकेट में दन-दनादन रन बनाने को लेकर वह सुर्खियों में रहा। उसका बल्ला सिर्फ चौका और छक्का उगल रहा था। क्रिकेट को बिंदास अंदाज में खेलने वाला यह नौजवान क्रिकेट के नये सितारे के रूप में उभरकर आया है। राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेल रहे यशस्वी जायसवाल ने बढ़िया प्रदर्शन किया। पिछले दिनों क्रिकेटर रवि शास्त्री और हरभजन सिंह ने यशस्वी और रिंकू सिंह को भारतीय टीम में टी-20 के लिए चयनित करने की जोरदार वकालत की थी।



उत्तर प्रदेश के भदोही के सुरियावां जैसे छोटे नगर से निकल कर यशस्वी अपनी मेहनत के बल पर भविष्य की उम्मीद गढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में वह बीसीसीआई की एक उम्मीद बन सकते हैं। उनकी इस उपलब्धि से भदोही और गृहनगर सुरियावां में बेहद खुशी है।

उल्लेखनीय है कि डब्लूटीसी के लिए ऋतुराज गायकवाड़ का टीम में चयन किया गया था, लेकिन जून के पहले सप्ताह में उनकी शादी है। इसकी वजह से उन्होंने टीम में शामिल होने से असमर्थता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बॉर्ड से जताई थी, जिसके बाद उनके स्थान पर स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में यशस्वी जायसवाल का चयन किया गया है। आईपीएल में यशस्वी की उपलब्धियों को लोग सोशल मीडिया पर खूब शेयर कर रहे।

पिता भूपेंद्र जायसवाल उर्फ गुड्डन बेटे की इस उपलब्धि से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा है कि यह हमारे और परिवार के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि यशस्वी जायसवाल अपने उत्कृष्ट क्रिकेट खेल से भारतीय टीम का बुलंद सितारा बने यह मेरी शुभकामना है।

सुरियावां नगर के नव निर्वाचित अध्यक्ष विनय चौरसिया ने यशस्वी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह भदोही के साथ उत्तर प्रदेश के लिए, गौरव का क्षण है। पूरा सुरियावां नगर और भदोही इस खबर को सुनने के बाद जश्न में डूबा है। हम यशस्वी को बधाई देते हैं। सोमवार को पूरे नगर में विशेष जश्न मनाया जाएगा। यशस्वी की उपलब्धि से पूरा नगर पोस्टर से अटा दिखेगा।

# भारत ने जूनियर एशिया कप में पाकिस्तान से मैच 1-1 से ड्रॉ खेला

**सलालाह (ओमान), एजेंसी।** भारत ने पूल ए का अपना तीसरा मैच चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और इस तरह से पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपना अजेय अभियान जारी रखा। शारदानंद तिवारी ने शनिवार की रात को खेले गए मैच में 24वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन बशारत अली ने 44वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया।



यह मैच ड्रॉ समाप्त होने से भारत के अब तीन मैचों में सात अंक हो गए हैं और वह पूल ए में दूसरे स्थान पर है। पाकिस्तान के भी सात अंक हैं लेकिन वह गोल अंतर बेहतर होने के कारण पहले स्थान पर है। जापान तीन मैचों में छह अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसने शनिवार को चीनी ताइपे को 10-1 से पराजित किया था। भारत ने इससे पहले चीनी ताइपे को 18-0 और जापान को 3-1 से हराया था।

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाकर अपनी विरोधी टीम को दबाव में रखा। भारत को शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी कुछ मौके बनाए और वह पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने की स्थिति में भी पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर अमनदीप लाकड़ा ने बेहतरीन बचाव करके उसका यह प्रयास नाकाम कर दिया।

पहला क्वार्टर गोल रहित छूटने के बाद शारदानंद ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई। इसके बाद भारतीय टीम अधिक आत्मविश्वास के साथ खेलने लग गई और उसने पाकिस्तानी रक्षा पंक्ति में लगातार सेंध लगाई लेकिन गोल करने में असफल रही। पाकिस्तानी टीम छोर बदलने के बाद गोल करने के लिए बेताब दिखी और उसने कुछ अच्छे मूव बनाए। इसका उसे फायदा मिला और बशारत ने मैदानी गोल करके स्कोर बराबर कर दिया।

भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में अधिक आक्रामक खेल दिखाया जबकि पाकिस्तान ने भी जवाबी हमले किए। दोनों टीम कुछ अवसरों पर गोल करने के करीब पहुंची लेकिन आखिर में मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ। भारतीय टीम पूल ए के अपने अंतिम मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी।

# जूनियर एशिया कप के लिए जापान रवाना हुई भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**बेंगलुरू, एजेंसी।** महिला जूनियर एशिया कप 2023 के लिए भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जापान रवाना हो गई है। महिला टीम रविवार सुबह बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुई। जूनियर एशिया कप जापान के काकामीगहारा में 2 जून से शुरू हो रहा है। फाइनल 11 जून को खेला जाएगा।

भारतीय जूनियर महिला टीम ग्रुप चरण के दौरान पूल 'ए' में कोरिया, मलेशिया, चीनी ताइपे और उज्बेकिस्तान से अपने मुकाबले खेलेगी। पूल 'बी' में मेजबान जापान के साथ चीन, कजाकिस्तान, हांगकांग चीन और इंडोनेशिया शामिल हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच 3 जून को उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेलेगी।

जूनियर एशिया कप भारतीय महिला टीम के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि टूर्नामेंट से शीर्ष तीन देश चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप-2023 के लिए क्वालीफाई करेंगे।

टीम की कप्तान प्रीति ने कहा कि हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त हैं। हमारे पास एक अच्छी और अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है। टीम जापान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्साहित और उत्सुक है।

टीम के रवाना होने से पहले उपकप्तान दीपिका ने कहा कि हमें एक ही कैंपस में सीनियर टीम के खिलाफ खेलने का अवसर मिला, क्योंकि हमने एक ही कैंपस में प्रशिक्षण लिया। हमारी टीम कुछ समय के लिए एक साथ कैंपस में रही है, इसलिए एक अच्छी टीम बॉन्डिंग है।

# एक नजर

## चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल फाइनल के लिए बेहतर तैयार : फ्लेमिंग

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल के लिए पूर्व की तुलना में बेहतर तैयार है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम किसी भी परिस्थिति में खेलने के लिए तैयार रहेगी तथा अतीत में उन्होंने परिस्थितियों और पिचों का आकलन करने में गलती की थी। रविवार को फाइनल के दिन बारिश की संभावना जताई गई है। फ्लेमिंग ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा," हमने चेन्नई के लिए खुद को इतनी अच्छी तरह से तैयार किया कि कुछ अवसरों पर हमें विरोधी टीम के मैदानों पर जूझना पड़ा। इसलिए फाइनल में थोड़ी चुनौती होगी लेकिन फाइनल में जीत दर्ज करने का हमारा रिकॉर्ड 50 प्रतिशत है।" उन्होंने कहा, "हमें फाइनल में किस तरह की परिस्थितियां मिलेंगी हम इसको लेकर चिंतित नहीं हैं। दो पिच में से किसी एक का चयन किया जाएगा लेकिन हम चिंतित नहीं हैं। हम अतीत की तुलना में इस बार फाइनल के लिए बेहतर तैयार हैं।"

## चीनी शटलरों ने मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में तीन स्थान हासिल किये

कुआलालम्पुर, एजेंसी। चीनी खिलाड़ियों ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप के चौथे दिन तीन क्वार्टरफाइनल मैच जीते। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुरुष एकल में चीन के वेंग होंगयांग ने एंगस एनजी का लॉग को 23-21, 14-21, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। महिला एकल में चीन की हान यू ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 22-20, 21-9 से मात दी, लेकिन उनकी हमवतन वांग झियी और झांग यिमन बाहर हो गईं। भारत की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने वांग को 21-11, 21-14 से हराया और भारत की ही पीवी सिंधु ने झांग को 21-16, 13-21, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल में चीन की फेंग यान्झे और हुआंग डोंगपिंग ने जापान की यमाशिता क्योहेई और शिनोया नारू को 22-20, 11-21, 21-17 से हराया। फिर भी, यह चीनी शटलरों के लिए क्लीन स्वीप नहीं था, क्योंकि थाईलैंड के डेचापोल पुवारानुक्रोह और सपसीरी तेरातानाचाई ने जियांग झेनबैंग और वेई याक्सिन को 21-8, 21-17 से हराया। मलेशिया मास्टर्स 23 से 28 मई तक एक्सियाटा एरिना में चलेगा।

## सूर्यकुमार के सामने प्रयोग नहीं करना चाहता था : मोहित

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के गेंदबाज मोहित शर्मा ने कहा कि सूर्यकुमार यादव के सामने प्रयोग नहीं करने की उनकी रणनीति मुंबई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में कारगर साबित हुई। गुजरात टाइटंस ने दूसरे क्वालीफायर में पांच बार की चैम्पियन मुंबई को 62 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मोहित ने 2.2 ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट लिये। मोहित ने मैच के बाद कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि पांच विकेट मिले। बाद में गेंद फिसल रही थी और सूर्य और तिलक के क्रीज पर रहते लग रहा था कि मैच निकल जायेगा।" तिलक वर्मा ने 14 गेंद में 43 और सूर्यकुमार ने 38 गेंद में 61 रन बनाये लेकिन उनके आउट होने के बाद मुंबई की टीम 18.2 ओवर में 171 रन पर आउट हो गई। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ 2014 में परपल कैप ले चुके मोहित ने कमर की चोट से उबरने के बाद टाइटंस के साथ अपने कैरियर की दूसरी पारी का आगाज किया। वह 2021 और 2022 में आईपीएल अनुबंध नहीं ले सके थे। उन्होंने कल सूर्यकुमार का अहम विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने कहा, ह्यद्धमैंने सोचा था कि उसके सामने ज्यादा प्रयोग नहीं करूंगा। थोड़े बहुत शॉट्स लगने की चिंता नहीं थी। यह रणनीति कामयाब रही।"

## खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी देने के लिए स्टालिन ने मोदी का जताया आभार

चेन्नई, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड मुनेत्र कषगम(द्रमुक) प्रमुख एम. के. स्टालिन ने राज्य में खेलो इंडिया गेम्स-2023 की मेजबानी के उनके अनुरोध को स्वीकार करने के लिए शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। श्री स्टालिन ने कहा कि शतरंज ओलंपियाड की तरह तमिलनाडु इसे भी भव्यता के साथ तमिल संस्कृति तथा आतिथ्य का प्रदर्शन करते हुए आयोजित करेगा। एक ट्वीट में उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। श्री नरेंद्र मोदी एवीएल ने तमिलनाडु में खेलो इंडिया गेम्स 2023 की मेजबानी के मेरे अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, ये खेल सभी भारतीय राज्यों के युवा खिलाड़ियों के लिए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए, एक मंच के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा, जैसा 44वें शतरंज ओलंपियाड के दौरान सभी ने देखा, तमिलनाडु खेलो इंडिया खेलों का भी भव्यता के साथ आयोजन करेगा और तमिल संस्कृति और आतिथ्य का प्रदर्शन करेगा।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में कोहली से इतर किसी के बारे में सोचना मुश्किल : माइकल हसी

नई दिल्ली, एजेंसी। माइकल हसी का मानना है कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल जीतना है तो विराट कोहली का प्रदर्शन काफी मायने रखेगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की जीत की संभावना के लिए कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन भी काफी महत्वपूर्ण होगा।

हसी ने आईसीसी वेबसाइट से कहा, ह्यद्धकोहली से इतर किसी अन्य खिलाड़ी के बारे में सोचना मुश्किल है। उन्होंने (कोहली) निश्चित रूप से खेल के प्रत्येक प्रारूप में शानदार फॉर्म में वापसी की है तथा उनका और रोहित शर्मा का बल्लेबाजी में प्रदर्शन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा।" कोहली फिर से अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं और उन्होंने हाल में इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की तरफ से लगातार मैचों में शतक जमाए थे।

कोहली अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद सिराज के साथ इंग्लैंड पहुंच चुके हैं और फाइनल से पहले कैंट क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास कर रहे हैं। भारत ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जीत दर्ज की थी





लेकिन हसी का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल पूरी तरह से अलग तरह का खेल होगा। उन्होंने कहा, यह मैच इंग्लैंड में खेला जाएगा तथा वहां की परिस्थितियां भारत की तुलना में भिन्न होंगी, इसलिए, मुझे लगता है कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम होगी।"

हसी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और जोश हेजलवुड फिर से फिट हो जाते हैं तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छा होगा।" उन्होंने कहा, ह्यद्धलेकिन भारत के पास भी कई अच्छे गेंदबाज हैं। उनके पास मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज तथा रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे स्पिनर हैं। यह विश्वस्तरीय आक्रमण है और ऑस्ट्रेलिया को उनसे पार पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।"

हसी ने इस मैच में किसी टीम को जीत के दावेदार के रूप में नहीं चुना। दबाव भारत पर होगा जिसने 2013 के बाद आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है। आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के सहयोगी स्टाफ में शामिल हसी ने कहा, मैं केवल दो श्रेष्ठ टीमों को खेलते हुए देखना चाहता हूं। यह देखना दिलचस्प होगा कौन सी टीम जीत दर्ज करती है। हम केवल अच्छी, कड़ी और निष्पक्ष क्रिकेट देखना चाहते हैं और जो भी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी वह जीत की दावेदार होगी। यह शानदार मैच होना चाहिए।"

# खेलो इंडिया में सबके लिए प्रेरणा पुंज बन रहे असम के अन्यतम

## अंतरराष्ट्रीय स्तर के पैरा तैराक, बिखेर रहे सामान्य खिलाड़ियों की रोइंग में जलवा

**गोरखपुर, एजेंसी।** पूरे देश से खेल के नगीने चुनना। हर खिलाड़ी को आगे बढ़ने का अवसर और सबकी प्रतिभा का सम्मान। खेलो इंडिया का यही ध्येय है। इसी मूलमंत्र के साथ गोरखपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स रोइंग प्रतियोगिता में असम से आए अन्यतम राजकुमार सबसे सलामी पाने के हकदार बन रहे हैं। रोइंग के इस राजकुमार की दास्तां वाकई सबको प्रेरित करने वाली है। कारण, अन्यतम खिलाड़ियों के इस महाकुंभ में शारीरिक रूप से विशेष (स्पेशल चाइल्ड) होने के बावजूद जोश से लबरेज होकर सामान्य श्रेणी की दोनों रोइंग स्पर्धाओं (2000 मीटर व 500 मीटर) में टक्कर देने आए हैं।



अन्यतम राजकुमार दिव्यांगता की मानसिक मंदित (मेंटली रिटायर्ड) श्रेणी में आते हैं। मस्तिष्क का सामान्य विकास न हो पाने के साथ उन्हें बोलने में भी कुछ परेशानी आती है। वर्तमान में वह असम की कॉटन यूनिवर्सिटी में बीए पांचवें सेमेस्टर के छात्र हैं। अन्यतम की प्रतिभा को विशेषतम कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। रोइंग का यह राजकुमार तैराकी की अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक स्पर्धाओं का भी राजा है। उनके साथ आए पिता द्विपेन राजकुमार ने बताया कि मानसिक रूप से कमजोर होने के साथ शारीरिक रूप से भी काफी कमजोर थे।

शारीरिक कमजोरी दूर करने के लिए छह साल की उम्र में उन्हें तैराकी सिखाने के लिए, जब पानी में उतारा गया तब उनकी क्षमता परिवार को समझ में आई। द्विपेन के मुताबिक अन्यतम एक माह से भी कम समय में तैराकी में पारंगत हो गए। फिर क्या था पिता ने स्कूलिंग के समानांतर बेटे को तैराकी के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाना शुरू कर दिया। राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतने के साथ अन्यतम 2015 में लॉस एंजेलिस में आयोजित वर्ल्ड समर गेम (स्पेशल ओलंपिक) में प्रतिभाग कर भारत के लिए, पैरालंपिक तैराकी का पहला स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

तैराकी के साथ अन्यतम राजकुमार का रुझान रोइंग के क्षेत्र में 2016 से हुआ। 50 प्रतिशत बौद्धिक रूप से दिव्यांग होने के बावजूद बहुत कम समय में उन्होंने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेना प्रारंभ कर दिया। गत वर्ष ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया-प्रशांत स्पेशल गेम्स (मूक बधिर) में प्रतिभाग करते हुए अन्यतम ने 500 मीटर सिंगल स्कल रोइंग में गोल्ड मेडल, 2000 मीटर सिंगल स्कल में ब्रॉन्ज और इसी दूरी की मिक्स्ड डबल में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। हमेशा सामान्य नाविकों के साथ अभ्यास करने वाले रोवर अन्यतम राजकुमार पुणे में आयोजित नेशनल रोइंग प्रतियोगिता और चंडीगढ़ में आयोजित विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में टॉप 8 के स्थान बनाकर खेलो इंडिया के लिए क्वालिफाई किया। वह रोइंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देश के पहले स्पेशल चाइल्ड हैं। इसके लिए उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है।

अन्यतम राजकुमार के पिता द्विपेन का मानना है कि खेलो इंडिया अन्यतम की प्रतिभा को तराशने का शानदार मंच बन रहा है। इस मंच के उपयोग से अन्यतम की रोइंग प्रतिभा को नई वैश्विक पहचान मिलेगी।



# दिल के वास्ते रहें चुस्त दुरुस्त

हमारे व्यस्त जीवन में स्वयं के लिए समय निकाल पाना बड़ा मुश्किल होता है। खासकर जो लोग जॉब करते हैं, वे दिल की बीमारियों के जोखिम से घिर जाते हैं,लेकिन जो समय का उचित प्रबंधन कर पाते हैं, वे यह बात बखूबी जानते हैं कि उनके पास भरपूर अतिरिक्त ऊर्जा रहती है। वे पूर्व में नियमित व्यायाम करने की शुरुआत करने के मुकाबले वर्तमान में ज्यादा कार्य करने में सक्षम रहते हैं।



### सलाह
स्वस्थ हृदय रखने के लिए प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट के संतुलित व्यायाम या प्रति सप्ताह 75 मिनट के कठोर व्यायाम या दोनों के संयोजन की सलाह दी जाती है। कसरत आपके शरीर में गति पैदा कर कैलोरी (ऊर्जा)को समाप्त करती है, जैसे सीढ़ी चढ़ने से या खेलने से शरीर की ऊर्जा का ह्रास होता है। एरोबिक व्यायाम आपके हृदय को फायदा पहुंचाते हैं। टहलना, दौड़ना, तैरना और साइकल चलाना आदि कई तरह की कसरतें फिटनेस का स्तर ऊंचा रखती हैं। कठोर और खिंचाव वाले व्यायाम संपूर्ण शक्ति और लचीलेपन के लिए सर्वोत्तम हैं। सबसे सकारात्मक और सरल है टहलना शुरू करना। यह आनंददायक, नि:शुल्क, सामाजिक और बेहतरीन व्यायाम है ।

### सबसे अहम क्या है?
हो सकता है आप बहुत खा रहे हों, लेकिन आपको अन्य आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल रहे हों। पोषक तत्वों से प्रचुर भोजन में विटामिन्स, मिनरल्स, फाइबर (रेशेयुक्त) और अन्य पोषक तत्व होते हैं, लेकिन कम कैलोरी में। अपने लिए आवश्यक पोषक तत्व के लिए ऐसा भोजन चुनें जिनमें सब्जियां, फल, सभी तरह के अनाज और वसामुक्त या कम वसा वाले डेयरी उत्पाद शामिल हों।

### नियमित व्यायाम
नियमित व्यायाम से उच्च रक्तचाप कम करने में तो मदद मिलती ही है, इसके अतिरिक्त इससे एचडीएल (कोलेस्ट्रॉल)बढ़ता है। इंसुलिन का उपयोग बेहतर होता है, वजन कम होता है।

### वजन कम करें
हृदय की बीमारी का एक बड़ा कारण कमर पर जमा अतिरिक्त वसा है। मोटापे के कारण उच्च रक्तचाप, रक्त में उच्च कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज (मधुमेह) जैसी समस्याओं का खतरा रहता है। शरीर नाशपाती के आकार का होना चाहिए, सेब के आकार का नहीं।

### क्या खाएं
सब्जियों और फलों में विटामिन मिनरल्स और फाइबर प्रचुर मात्रा में होते हैं। इनमें कम कैलोरी होती है। कई तरह के फल और सब्जियां खाने से वजन कम करने के साथ रक्तचाप भी नियंत्रित किया जा सकता है। आधुनिक अनुसंधान से स्पष्ट है कि मछली में मौजूद ओमेगा 3 वसा अम्ल (सैलमन, ट्राउट और हेरिंग) खाने से कोरोनरी आर्टरी (हृदय धमनी की बीमारी) से मृत्यु की आशंका कम हो जाती है।

### कैसा हो भोजन?
वसा मुक्त, 1 प्रतिशत वसा और कम वसा वाले डेयरी उत्पाद चुनें। वनस्पति तेल वाला भोजन न करें। तले-भुने भोजन और बेकरी उत्पादों से बचना चाहिए या उन्हें बहुत कम लेना चाहिए। प्रतिदिन 300 मिलीग्राम से कम कोलेस्ट्रॉल खाने का लक्ष्य बनाएं। भोजन को कम से कम नमक के साथ या बिना नमक के तैयार करें। प्रतिदिन 1500 मिग्रा से कम सोडियम (नमक में पाया जाने वाला तत्व) खाने का लक्ष्य बनाएं।

### शराब से करें तौबा
किसी भी रूप में धूम्रपान और शराब का सेवन न करें। इसे छोड़ दें। धूम्रपान करने वालों और शराब पीने वालों को दिल की कई चिरकालिक बीमारियां होने का जोखिम रहता है।

### बेहतर खाएं
स्वस्थ आहार और संतुलित जीवनचर्या कॉर्डियोवैस्कुलर (हृदयसंवहन की) बीमारी से लड़ने के लिए सर्वोत्तम हथियार हैं। हालांकि स्वस्थ खाने के विषय में कई भ्रांतियां भी प्रचलित हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है कि हम में से ज्यादातर लोग अलग-अलग तरह की वसा के विषय में भ्रम में रहते हैं। नमक की खपत, मांसाहार और डेयरी उत्पादों के विषय में भी हमारे मन में कई प्रश्न हैं। विश्वसनीय स्रोतों से जानकारी इकट्ठा कर स्वास्थ्य अनुकूल निर्णय लें।

## क्यों जरूरी है चुस्त रहना

प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करने से आप हृदय की बीमारी के खतरे को कम कर सकते हैं। बिना किसी नियमित शारीरिक गतिविधि के शरीर धीरे-धीरे अच्छा कार्य करने की क्षमता और शक्ति खो देता है।



# फाइबर से भरपूर अलसी

अलसी विटामिन, मिनरलों से भरपूर एक शक्तिवर्धक आहार है। गांधीजी कहते थे- जिस घर में अलसी का सेवन होता हो, वह परिवार सुखी और समृद्ध रहता है। प्राचीनकाल में अलसी का प्रयोग खाद्य के रूप में होता था। कालांतर में इसे भुला दिया गया। आयुर्वेद में भी चरक संहिता में इसके चिकित्सा इस्तेमाल का काफी उल्लेख है। अलसी के प्रयोग की नई अवधारणा पश्चिम से आई है।

अलसी में ओमेगा-3 लिनोलेनिक एसिड होता है। यह इसके अलावा मछली में मिलता है। इसलिए शाकाहारियों के लिए अलसी, मछली के समान पौष्टिक है।

ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फेटी एसिड्स शरीर के लिए अतिआवश्यक हैं। ओमेगा-6 मूँगफली, सोयाबीन, सनफ्लॉवर और मकई के तेल में प्रचुर होते हैं। ओमेगा-3 मस्तिष्क, स्नायुतंत्र व आंखों के विकास में योग देता है। ओमेगा-3 शरीर में नहीं बनता, इसे आहार के रूप में ही लेना पड़ता है। ओमेगा-3 की कमी से उच्च रक्तचाप, मधुमेह टाइप-2, आर्थराइटिस, मोटापा, कैंसर, हृदय रोग,जोड़ों का दर्द, सिजोफेर्निया आदि रोग होने का खतरा रहता है।

अलसी रक्त में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाती है। ट्रायग्लिसराइड व खराब कोलेस्ट्रॉल घटाती है।यह धमनियों में खून के थक्के जमने से रोकती है और हृदयाघात से बचाती है। अलसी हृदय की गति को भी नियंत्रित करती है। सौ ग्राम अलसी में प्रोटीन 20.3 प्रश, फेट 37.1, मिनरल 2.4, फाइबर 4.8 और कार्बोहाइड्रेट्स 28.9 प्रतिशत होते हैं। इसमें कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, केरोटिन, थायमिन, राइबोफ्लेविन और नियासिन पाए जाते हैं। यह गनोरिया, नेफ्राइटिस, अस्थमा, सिस्टाइटिस, कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, कब्ज, बवासीर, एक्जिमा के उपचार में उपयोगी है।

## बच्चों का मौलिक अधिकार स्वस्थ वातावरण

- प्रत्येक बच्चों के कुछ मौलिक अधिकार हैं। इनमें विद्यालय-शौचालय, स्वच्छ पेयजल, साफ-सुथरा परिवेश, दोस्ताना माहौल और स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान प्राप्त करना मुख्य है। मार्ग का सृजन, जल स्वच्छता व सुविधाओं को प्रदान करना इस संदर्भ में पहला कदम है।
- शुद्ध जल एवं स्वच्छता सुविधाओं, जैसे शौचालय, मूत्रालय की सुविधाएं खुशगवार वातावरण के निर्माण की पहली सीढ़ी है।
- स्वच्छता सुविधाओं का स्पष्ट प्रभाव बच्चों के स्वास्थ्य और नामांकन, वर्ग में ठहराव और उपलब्धि (ज्ञान हासिल करने) पर पड़ता है।

## कोलेस्ट्रॉल जानकारी व उपचार



***कोलेस्ट्रॉल*** शरीर में जमा होने वाला वह तत्व है, जिसकी अधिकता किसी भी व्यक्ति को स्थूल या हृदय रोगी बना सकती है। चूंकि कोलेस्ट्रॉल रक्त में घुलता नहीं है, इसलिए यह लिपोप्रोटीन्स नामक विशेष प्रोटीन की सहायता से फैलता है। यह प्रोटीन दो प्रकार के होते हैं- एलडीएल और एचडीएल।

**एलडीएल** - एलडीएल यानी लो डेन्सिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल को लीवर से अन्य अंगों तक ले जाता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की अधिकता धमनियों को संकरा कर देती है और धीरे-धीरे धमनियां रुक जाती हैं।

**एचडीएल** -एचडीएल यानी हाई डेन्सिटी लिपोप्रोटीन कोलेस्ट्रॉल एलडीएल के विपरीत कार्य करता है। यह रक्त में मौजूद अतिरिक्त कोलेस्ट्रॉल को वापस लीवर में ले जाता है। इसीलिए एचडीएल कोलेस्ट्रॉल की कमी के कारण हृदय की बीमारी भी हो सकती है।

आज के दौर में बेवक्त खाना, तनावपूर्ण जीवनशैली और व्यायाम की कमी कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने में सबसे अधिक भूमिका निभाते हैं। आंकड़े बताते हैं कि 30 से अधिक आयु के लोगों में कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा हमेशा अधिक रहता है। साथ ही शोधों से यह साबित हो चुका है कि हमारा शरीर जरूरत के अनुसार स्वत: ही उन पदार्थों की उत्पत्ति कर लेता है, जिसकी उसे जरूरत होती है, लेकिन बेतरतीब खाने-पीने के कारण कोलेस्ट्रॉल की मात्रा में इजाफा होता है।

### शरीर का वजन बढ़ने न दें
डॉक्टर की सलाह के अनुसार अपने खान-पान और जीवनशैली में परिवर्तन करें। शरीर का वजन बढ़ने न दें। नियमित व्यायाम इसमें मददगार है। स्वस्थ खाएं, स्वस्थ रहें। अपने खान-पान में अधिकाधिक मौसमी फल, सब्जियों का इस्तेमाल करें। साथ ही दूध आदि भी ऐसा इस्तेमाल करें, जिसमें वसा की मात्रा कम हो।

### बचने के लिए क्या खाएं
कोलेस्ट्रॉल से बचने के लिए आप अपने रोज के भोजन में कुछ जरूरी पदार्थों को शामिल कर सकते हैं। इनमें कैल्शियम युक्त संतरे का जूस प्रमुख है। इसके अलावा दूध काफी लाभदायक होता है, क्योंकि इसमें विटामिन-डी होता है। सुबह नाश्ते में कॉर्नफ्लैक्स जैसे आहार फायदेमंद रहते हैं। इसके अतिरिक्त स्पोर्ट्स ड्रिंक्स भी कारगर है। इसके अलावा खाद्य पदार्थ खरीदते समय उनके लेबल गौर से पढ़ लें। ऐसे ही पदार्थ खरीदें, जिनमें वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम हो।

# भोजन असर डालता है नींद पर

भोजन आपकी नींद पर असर डालता है। भारी भोजन आपकी नींद उड़ा सकता है। इसलिए जरूरी है कि सोने से पहले भारी भोजन करने से बचा जाए। भारी भोजन से असहजता होती है, विशेष रूप से लेटने के बावजूद सोने की सामान्य प्रक्रिया बाधित होती है।

***ई लोगों को*** सीने में जलन महसूस होती तो कभी वायु का प्रकोप रहने लगता है। सका कारण होता है पेट में मौजूद एसिड र भोजन का वापस भोजन नली में हुंच जाना और इसीलिए लेटते हुए इससे यादा तकलीफ हो सकती है।

### ल्कोहल भी अनिद्रा का कारण
सके अलावा बहुत से लोगों के लिए ल्कोहल भी अनिद्रा का कारण बनती है। हले तो लगता है नींद आ रही है, लेकिन ससे नींद की निरंतरता और अवधि दोनों भावित होते हैं। कैफीन दिमाग में नींद बढ़ाने वाले केमिकल्स में हलचल पैदा रती है और इससे एड्रेनालिन की मात्रा ढ़ जाती है, जिससे अस्थाई सक्रियता ढ़ जाती है। इसके सेवन से नींद भागती । कैफीन मूत्रवर्धक होती है, जो नींद पूरी होने और बड़ी समस्या बन सकती है।

### ोने के पूर्व दूध फायदेमंद
सके लिए जरूरी है कि ऐसा स्नैक्स लें, समें ट्राइप्टोफान हो। सोने से पहले नैक्स लें जैसे लो फैट मिल्क तथा डेयरी प्रोडक्ट, केला, दही, नट्स, सीड्स, सोया, ग्रीन्स जिसमें ट्राइप्टोफान हो। यह सेहत और नींद के लिए बेहतर होगा। इसमें नींद बढ़ाने वाले तत्व सेरोटोनिन तथा मेलाटोनिन होते हैं। इसका सेवन कार्बोहाइड्रेट्स के साथ करने से दिमाग को इसकी ज्यादा खुराक मिलती है और कैल्शियम, इसका प्रयोग मेलाटोनिन



बनाने में इस्तेमाल करता है। सोने से पहले गर्म दूध का गिलास भी फायदेमंद रहता है।

### दिन में ज्यादा पानी पीएं
हालांकि कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, लेकिन एक हालिया ईरानी अध्ययन में यह कहा गया है कि सोने से पहले नमक का सेवन करने से नींद में खलल पड़ता है जैसे नींद आने में विलम्ब पैदा होता है। जिन्हें नींद न आने की शिकायत रहती है, उन्हें रात में अचार, चटनी, पापड़, चिप्स, सलाद का सेवन करने से बचना चाहिए। कोशिश करें कि दिन में ज्यादा पानी पीएं। रात को ज्यादा पानी पीने से उठना पड़ सकता है और नींद में व्यवधान आ सकता है। नियमित व्यायाम से तनाव और टेंशन दूर होती है और इससे नींद बढ़ सकती है। सोने से तीन घंटे पहले व्यायाम खत्म कर लेना उचित रहता है।

### सोने से 2 घंटे पहले भोजन करें
सोने से कम से कम 3-4 घंटे पहले भोजन कर लेना उचित रहता है। यदि ऐसा संभव न हो तो 2 घंटे पहले तो अवश्य भोजन कर लिया जाए। लेकिन आजकल की जीवनशैली में बहुत बार ऐसा हो नहीं पाता।



# जुकाम का क्यों न हो एक टीका ?

जुकाम को बीमारी में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यह आम तौर पर राइनोवाइरस के द्वारा फैलती है। यह रोग यूं तो सामान्य है परंतु काफी तकलीफ देता है। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि दुनिया में सबसे आम रोगों मे से एक जुकाम का टीका अभी तक नहीं बन पाया है और भविष्य में बनने की सम्भावनाएं भी क्षीण ही हैं।

## क्यों नही बना टीका ?

जर्नल मोलेक्यूलर एंड एवोल्यूशन नामक एक अध्ययन के अनुसार राइनोवाइरस से लड़ने के लिए टीका बनना काफी जटिल कार्य है। इस अध्ययन से जुडे कीथ केंडल का कहना है 'अब तक जुकाम से लड़ने के कई तरीके आजमाए जा चुके हैं लेकिन कोई भी एक दम सटीक नही है। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि हमने अभी तक इस वाइरस का ठीक से अध्ययन ही नहीं किया है। इस अध्ययन से जुड़े निकोल लुइस रोजर्स के अनुसार राइनोवारस पोलियो के वाइरस जैसा ही होता है। परंतु पोलियो के वाइरस के जहां मात्र 3 उप-प्रकार होते हैं वहीं राइनोवाइरस के 100 उप-प्रकार होते है और वे भी अपना स्वरूप बदलते रहते हैं। शायद इसलिए जहां पोलियो का टीका 1955 में ही बन गया था जुकाम का टीका आज तक नहीं बन पाया है।

लेकिन हम संभावना तो व्यक्त कर ही सकते हैं कि भविष्य में शायद इस वाइरस से लड़ने योग्य टीका तैयार हो जाए! वैज्ञानिक अब भरोसा जता रहे हैं कि यह जल्द ही संभव हो पाएगा क्योंकि अब तक राइनोवाइरस पर काफी अध्ययन किया जा रहा है और इस वाइरस की सरंचना और बदलते स्वरूप से संबंधित काफी आंकड़े वैज्ञानिकों के पास है।



## फोन नंबर लीक करने की धमकी पर

# अदा शर्मा ने तोड़ी चुप्पी



फिल्म 'द केरल स्टोरी' की अभिनेत्री अदा शर्मा इन दिनों सुर्खियों में हैं। फिल्म 'द केरल स्टोरी' ने 5 मई को रिलीज होने के बाद महज 18 दिन में ही दो सौ करोड़ रुपये की कमाई करने वालों के क्लब में एंट्री कर ली है।
एक्ट्रेस अदा शर्मा के लिए यह फिल्म उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट थी, लेकिन हाल ही में हुई एक घटना ने एक्ट्रेस की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं। अभिनेत्री अदा शर्मा एक ओर 'द केरल स्टोरी' की सफलता का जश्न मना रही हैं, वहीं दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर उन्हें तरह-तरह की धमकियां मिल रही हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने चौंकाने वाली घटना में अदा शर्मा के फोन नंबर की डिटेल लीक कर दी है। इतना ही नहीं इस यूजर ने एक पोस्ट वायरल कर अदा शर्मा का फोन नंबर लीक करने की भी धमकी भी दी। यूजर्स की इस धमकी पर अदा ने अपना रिएक्शन दिया है। अदा ने कहा कि, मैं उन लड़कियों की तरह महसूस करती हूं, जिनकी एडिट की हुई फोटो और नंबर लीक हो जाते हैं। यह एक ऐसे व्यक्ति की विकृत मानसिकता को दशार्ता है, जो इतने निम्न स्तर तक गिर सकता है और यह सब करने में आनंद लेता है। यह घटना मुझे 'द केरल स्टोरी' के एक दृश्य की याद दिलाती है, जहां एक लड़की को उसका नंबर लीक करने की धमकी दी जाती है। पुलिस को इस बात का पता चला तो अदा शर्मा का फोन नंबर लीक करने की धमकी देने वाले इंस्टाग्राम यूजर ने तुरंत पोस्ट डिलीट कर दिया और अपना अकाउंट बंद कर दिया।
अकाउंट बंद करने के बाद भी यूजर का किया गया पोस्ट बड़े पैमाने पर वायरल हो रहा है । फिलहाल पुलिस संबंधित यूजर और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।
निर्देशक और निमार्ताओं ने दावा किया है कि फिल्म 'द केरल स्टोरी' में हिंदू लड़कियों को इस्लाम कबूल करने और बाद में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस में शामिल होने के लिए मजबूर करने की साजिश है। इस कहानी के कारण फिल्म को दक्षिण भारत के कई राज्यों में प्रतिबंधित कर दिया गया था। अब तक इस फिल्म के ज्यादातर कलाकारों को कई बार जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है।

## सोनाक्षी सिन्हा ने 'दहाड़' के निमार्ताओं को तोहफे में दी टाइगर की पेंटिंग

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की आगामी फिल्म दहाड़' जहां वैश्विक स्तर पर दर्शकों और आलोचकों को समान रूप से आकर्षित कर रही है, वहीं अभिनेत्री ने अपनी प्रतिभा का एक और पहलू दिखाते हुए, निमार्ता जोया अख्तर और रीमा कागती के प्रोडक्शन हाउस 'टाइगर बेबी' को सम्मान देते हुए बाघ की एक लुभावनी पेटिंग भेंट की, जिसे अभिनेत्री ने खुद बनाया है। इस फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा को एक सीरियल किलर का पीछा करने के लिए मजबूत और दृढ़ पुलिस वाली की भूमिका में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए व्यापक प्रशंसा मिली है।
सोनाक्षी ने इसके बाद इस्टाग्राम पर एक पोस्ट में क्रिएटर्स का शुक्रिया अदा किया और कहा, इस फिल्म में मेरी सर्वश्रेष्ठ भूमिका का सृजन करने वाली लड़कियों के लिए मेरी सर्वश्रेष्ठ रचना। मुझे अंजलि भाटी बनाने के रीमा कागती और जोया अख्तर का धन्यवाद। रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय द्वारा निर्देशित, 'दहाड़' एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा निर्मित है, जिसमें रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कागती कार्यकारी निमार्ता हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आठ-एपिसोड की यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

# बंधुआ मजदूर हैं टीवी एक्टर्स, नहीं मिलती दिहाड़ी : हिमानी शिवपुरी



टीवी और बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस हिमानी शिवपुरी ने फिल्म इंडस्ट्री के कई काले राज खोले हैं. एक्ट्रेस ने फिल्मी दुनिया में मौजूद असुरक्षा और पेमेंट में होने वाली धांधेलेबाजी पर खुलकर बात की है. कुछ-कुछ होता है से लेकर दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हिमानी आज टीवी पर एक्टिव हैं. वो 'हप्पू की उलटन-पलटन' शो में मां का रोल निभा रही हैं. हिमानी ने टीवी स्टार्स की तुलना बंधुआ मजदूरों से की है. एक्ट्रेस ने कहा कि कई बार स्टार्स को उनके काम की दिहाड़ी भी नहीं मिलती है.
लखनऊ के एक फिल्म स्कूल इवेंट में बोलेत हुए हिमानी ने बच्चों से थिएटर ज्वाइन करने की अपील की. एक्टिंग में आने से पहले उन्हें अपने क्राफ्ट पर काम करने को जोर दिया. यहां बातचीत में एक्ट्रेस ने बीचे कुछ सालों में आर्थिक तंगी से जूझने के चलते कई टीवी स्टार्स के सुसाइड करने पर दुख जताया. उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में एक्टर्स को पेंशन या फाइनेंसियल मदद न मिलने को लेकर अफसोस जाहिर किया. यहां हिमानी ने कहा कि, "एक्टर्स की लाइफ बहुत मुश्किल है. कलाकारों को न कोई पेंशन मिलती है, न कोई फाइनेंसल सिक्योरिटी है और न ही सरकार से कोई आर्थिक मदद का सहारा है. हम एक बंधुआ मजदूर की तरह हैं जो रोज गड्ढा खोदता है या सड़क बनाता है और उसे मजदूरी भी नहीं मिलती है. हां, ये सच है कि हमारी मजदूरी कई बार हजारों, लाखों और करोड़ों में भी होती है लेकिन फिर भी समस्याओं बहुत बड़ी हैं. असुरक्षा है, नियमों की कमी है. दुर्भाग्य की बात है हम एक्टर्स को कोई रॉयल्टी नहीं मिलती है."
एक्ट्रेस ने आगे कहा, एक और सबसे बड़ी समस्या ये है कि प्रोड्यसूर या चैनल कभी भी बीच में ही शो बंद कर देते हैं. ऐसे में एक्टर्स को कई-कई साल तक अपने पेमेंट का इंतजार करना पड़ता है. खुद मेरा कई लाखों का नुकसान हुआ है. एक शो अचानक बंद होने पर मुझे मेरी 9 लाख की फीस कभी नहीं मिल पाई थी. कहने को आर्टिस्ट असोसिएशन भी है लेकिन सब कहने की बातें हैं. नियम फॉलो नहीं किए जाते हैं. कोई सुनवाई नहीं होती है.
पैसों की तंगी के चलते सुसाइड करते हैं एक्टर्स
हिमानी शिवपुरी ने आगे कहा कि, "शो साइन करने के बाद एक्टर्स फीस मिलने की उम्मीद में घर, गाड़ी, लेटेस्ट फोन ईमेंआई पर ले लेते हैं लेकिन जब शो बंद हो जाते हैं या प्रोड्यूसर नहीं उनका पैसा नहीं देते तो वो आर्थिक तंगी झेलते है. आमदनी रुक जाती है तो कर्ज हो जाता है और वो परेशान होकर सुसाइड कर लेते हैं. यहां हालात काफी भयानक हैं जो बाहरी लोगों को नहीं दिखते हैं."
टीवी इंडस्ट्री में भी है नेपोटिज्म
बॉलीवुड और टीवी दोनों ही प्लेटफॉर्म पर काम कर चुकी दिग्गज एक्ट्रेस ने बताया कि टीवी में भी गुटबाजी और नेपोटिज्म कूट-कूटकर भरा हुआ है. यहां भी फेवरेट स्टार्स और दोस्तों को शोज दिलवाए जाते हैं. रातो-रात किसी को भी बाहर कर दिया जाता है.



# तेजस्वी ने करण कुंद्रा को दी ब्रेकअप की धमकी

'नागिन 6' एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश और एक्टर करण कुंद्रा टीवी के सबसे क्यूट कपल बने हुए हैं. दोनों की लव स्टोरी 'बिग बॉस 15' में शुरू हुई थी. सोशल मीडिया पर दोनों की बॉन्डिंग भी काफी फेमस हैं. करण और तेजस्वी का एक वीडियो वायरल हो रहा है. इसमें टीवी की ग्लैमरस 'नागिन' तेजस्वी करण को ब्रेकअप की धमकी दे रही हैं. तेजस्वी कहती हैं कि क्या वो नेशनल टीवी पर करण के साथ ब्रेकअप कर लें....अपनी क्यूटीपाई की धमकी सुन करण के पैरों तले जमीन खिसक जाती है. इंस्टाग्राम पर ये वीडियो फैंस जमकर शेयर कर रहे हैं.
दरअसल, हाल में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश 'एंटरटेनमेंट की रात - हाउसफुल' शो में शामिल हुए थे. इस शो में कपल ने कई मजेदार क्विज खेले थे. इसी शो से जुड़ा एक क्लिप वायरल हो रहा है जिसमें डांसर पुनीत पाठक भारती सिंह से पूछते हैं कि हर्ष लिम्बाचिया ने 'जूता छुपायी' की रस्म के लिए कितने पैसे दिए थे. इस पर हर्ष चिल्लाकर बताते हैं 1 लाख रुपये दिए थे. इसी सवाल को पुनीत फिर तेजस्वी से पूछते हैं कि अगर उनकी शादी हुई तो उनकी बहनें करण से कितना मांगेंगी? इस पर तेजस्वी जवाब देती हैं 10 लाख रुपये तो देने पड़ेंगे....तेजा का जवाब सुन करण चुटकी लेकर कहते हैं, "10 लाख में तो मैं कोई दूसरी ले आउंगा..." इतना सुनते ही तेजस्वी गुस्सा हो जाती हैं और कहती हैं 'नेशनल टीवी पे ब्रेकअप करू तो अच्छा लगेगा?" गर्लफ्रेंड का पारा बढ़ते ही करण कहते हैं, "नहीं नहीं..."
तेजस्वी की ब्रेकअप वाली धमकी सुन भारती सिंह भी हैरान रह जाती हैं. वहीं बाकी लोग करण की हालत देख हंसने लगते हैं. इस वीडियो पर तेजस्वी और करण के फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. हैश टैग तेजरण की बॉन्डिग देख फैंस उन्हें टीवी का सबसे क्यूट कपल मानते हैं. एक यूजर ने लिखा- तेजस्वी अपने कुंद्रे को कंट्रोल करना जानती हैं. 'बिग बॉस 15' के बाद के तेजस्वी और करण के ब्रेकअप की अफवाहें जमकर वायरल हुई हैं. हालांकि कपल का कहना है कि वो एक-दूसरे के साथ बहुत खुश हैं और जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं. फैंस भी इन दोनों के जल्द शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.



# फार्मा उद्योग को लेकर रितेश देशमुख के साथ सीरीज बना रहे हैं राजकुमार गुप्ता!



राज कुमार गुप्ता भारत के सबसे प्रसिद्ध फिल्म निमार्ताओं में से एक हैं, जिन्होंने अजय देवगन और इलियाना डिक्रूज स्टारर रेड, रानी मुखर्जी और विद्या बालन के बेमिसाल अभिनय से सजी नो वन किल्ड जेसिका और राजीव खंडेलवाल की आमिर जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। उनका आखिरी निर्देशित फिल्म झ इंडियाज मोस्ट वांटेड, जिसमें अर्जुन कपूर थे, 2019 में प्रदर्शित हुई थी। उसके बाद से राजकुमार गुप्ता ने किसी फिल्म की घोषणा नहीं की। पिंकविला के अनुसार अब राजकुमार गुप्ता एक वेब सीरीज का निर्देशन करने जा रहे हैं, जिसके लिए उन्होंने रितेश देशमुख और रॉनी स्क्रूवाला से हाथ मिलाया है। बताया जा रहा है कि राजकुमार गुप्ता की यह वेब सीरीज भारत में फार्मा उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है।निमार्ता रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। उनका कहना है, यह एक बहुत ही दिलचस्प कहानी है, जिसे राजकुमार गुप्ता कुछ समय से परदे पर उतारना चाहते थे। उन्हें लगता है कि लॉन्ग फॉर्म फॉर्मेट स्क्रिप्ट के साथ पूरा न्याय करेगा, यही वजह है कि उन्होंने इसके लिए डिजिटल रास्ता चुना। कथानक के हिसाब से उन्हें इस किरदार के लिए रितेश देशमुख उपयुक्त लगे।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।